3 राजधानी
डेंगू के आगे नाकाफी साबित हो रहे सरकारी प्रयास

8 अभिमत
इतिहास पुनः लिखने की आवश्यकता

12 विदेश
ट्रंप व्हाइट हाउस में बृहस्पतिवार को मनाएंगे दिवाली

14 स्पोर्ट्स
भारत ने दक्षिण अफ्रीका का सफाया किया

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 7
लखनऊ, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कैटरीना ने नयनतारा को बताया दक्षिण की खूबसूरत सुपरस्टार

विविध-16

# कमलेश तिवारी के दोनों कातिल गिरफ्तार

## पाकिस्तान भागने की फिराक में थे, गुजरात एटीएस ने गुजरात-राजस्थान बॉर्डर से दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिंदू** समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या करने वाले दोनों हत्यारों अशफाक और मोइनुद्दीन को गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनकी गिरफ्तारी गुजरात-राजस्थान बॉर्डर के पास से हुई है। यूपी के आईजी कानून व्यवस्था प्रवीण कुमार ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। वहीं गुजरात एटीएस का कहना है कि यह दोनों पाकिस्तान भागने की कोशिश में लगे हुए थे। दोनों सूरत के रहने वाले हैं। एक एमआर है तो दूसरा फूड डिलिवरी बॉय है।

दोनों हत्यारों की गिरफ्तारी पर डीजीपी ओपी सिंह ने कहा है कि हमारी पुलिस ने बहुत ही प्रोफेशनल तरीके से बढ़िया काम किया है। मोइनुद्दीन व अशफाक को लखनऊ लाया जायेगा। कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लेकर व्यापक रूप से पूछताछ की जाएगी। उन्होने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी में गुजरात एटीएस ने महत्वपूर्ण सहयोग किया है। डीजीपी ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र एटीएस ने भी इस मामले में अच्छा सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि यूपी एटीएस को शाहजहांपुर से चकमा देकर फरार दोनों अपराधी यहां से निकलने में सफल रहे थे। अपराधियों ने रास्ते से सूरत में अपने परिवार को संपर्क कर रुपयों का बंदोबस्त करने को कहा।

बस, यही कॉल गुजरात एटीएस ने ट्रेस कर ली और इन हत्यारों तक पहुंच गई। गुजरात एटीएस डीआईजी हिमांशु शुक्ला ने कहा है कि दोनों को गुजरात-राजस्थान बॉर्डर के पास शामलाजी से गिरफ्तार कर लिया गया है और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों ( शेष पेज 10 )



कमलेश तिवारी



अशफाक हुसैन मोइनुद्दीन फरीद

### हिन्दू समाज पार्टी में शामिल होने के लिए शूटर ने सहयोगी के आधार कार्ड का किया गलत इस्तेमाल

**पायनियर समाचार सेवा।** सूरत/ लखनऊ

- हत्यारों के मददगार होने के शक में बरेली से पकड़े गए मुफ्ती को लखनऊ लायी एटीएस

**राजधानी** के नाका थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दुहसाहसिक ढंग से हुई हिन्दू समाज पार्टी के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या के मामले में एटीएस ने हत्यारों के मददगार एक शख्श मुफ्ती कैफी अली आजमी को बरेली से पकड़ा है। कमलेश की हत्या के आरोपी दोनों शूटर वारदात करने के बाद बरेली के प्रेमनगर इलाके में रहने वाले इस मुफ्ती से मिलने आए थे। मुफ्ती पर शूटरों की मदद करने का आरोप है। उसे लखनऊ लाया गया है। मुख्य संदिग्ध सूरत निवासी अशफाक शेख के बारे में खुलासा ( शेष पेज 10 )

## मां-बेटा बोले, फांसी की सजा दी जाए

**पंकज सिंह गौर।** सीतापुर

**हिंदू** समाज पार्टी के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या के बाद जो परिवार योगी सरकार को बराबर कोसता आ रहा था, विपक्षी दल निशाना साध रहे थे मंगलवार की रात गुजरात एटीएस द्वारा दोनों हत्याभियुक्तों अशफाक और मोइनुद्दीन को गिरफ्तार कर लिए जाने के बाद पायनियर से अपनी पहली प्रतिक्रिया में मां कुसम देवी और बेटा सत्यम तिवारी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बोले कि बस एक बार शिनाख्त करके हत्याभियुक्तों को फांसी की सजा दिलवा दी जाए।

दरअसल कमलेश की मां कुसुम देवी जब भी बयान देतीं, सरकार पर निशाना साधती थीं लेकिन मंगलवार की रात जैसे ही खबर आई कि गुजरात एटीएस ने कमलेश तिवारी के दोनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है, कुसुम देवी ने समाचार चैनलों पर आंखें गड़ा दी और बेटे के गम में पथराई आंखों से हत्याभियुक्तों को निहारती रहीं। फिर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए बोली कि वह प्रशासन को बहुत धन्यवाद देती हैं जिन्होंने उनका इतना साथ दिया। बस एक बार शिनाख्त करके हत्यारों को फांसी की सजा दिलवा दी ( शेष पेज 10 )



बेटा सत्यम तिवारी



मां कुसुम देवी

# नोटबंदी के बाद बढ़ा नकली नोटों का धंधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नोटबंदी** के बाद भी नकली नोटों का धंधा बदस्तूर जारी है। केंद्र सरकार के दावों के उलट बड़ी मात्रा में फर्जी करंसी चलन में है। देश में 1000 और 500 के नोट चलन से बाहर होने के बाद नकली नोटों की जब्ती में 76.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में 28.1 करोड़ के नकली नोट पकड़े गए थे जबकि उससे पिछले यानी नोटबंदी वाले साल 2016 में 15.9 करोड़ कीमत की फर्जी करंसी जब्त की गई थी।

आंकड़ों में बड़ी बात यह सामने आती है कि 2017 में जब्त की गई कुल रकम की लगभग आधी 14.98 करोड़ की करंसी 2000 के नोटों में है। ये 2000 के नोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी की घोषणा के बाद बाजार में उतारे गए थे। उस समय नोटबंदी का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पुराने नोट बंद करने के फायदों में नकली करंसी पर रोक लगने की बात भी कही थी। आंकड़ों में कहा गया है कि 2017 में 28,10,19,294 कीमत के कुल 3,55,994 भारतीय करंसी नोट नोट जब्त किए गए। यही नहीं, सरकार द्वारा बंद किए गए नोट भी फर्जी करंसी चलाने वाले डीलरों ने छाप लिए थे और उसी साल 6.57 करोड़ के 1000 के नोट और 5.14 करोड़ के 500 के नोट भी पकड़े गए।

देशभर में दर्ज किए गए मामलों अनुसार नए 500 के नोट की 44.39 लाख की फर्जी करंसी भी डीलरों द्वारा छापी गई थी। इसके अलावा, नए 100 और 200 के नकली नोट भी छापे गए। पुलिस विभिन्न जगहों से 17.7 लाख कीमत के 200 रुपये के नकली नोट और 83,000 कीमत के 100 रुपये के नकली नोट अलग-अलग एजेंसियों ने जब्त किए। ज्यादातर पुराने 1000 और 500 के नोट बैंकों द्वारा पकड़ में आए जब नोटबंदी के बाद उन्हें बदलवाने पहुंचे। एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार फर्जी नोटों के धंधे से जुड़े लोग ज्यादातर 2000 के नकली नोट छाप रहे हैं। हाल ही में एनआईए ने भी इस ओर इशारा किया था। ज्यादातर नकली नोट (लगभग 9 करोड़) गुजरात में पकड़े गए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, केरल और आंध्र प्रदेश का नंबर आता है।



- देश में 1000 व 500 के नोट बंद होने के बाद जब्ती में 76.5 प्रतिशत की वृद्धि

### अपराध में यूपी अव्वल दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय के तहत आने वाले एनसीआरबी ने 2017 के आंकड़े मंगलवार को जारी किए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार देश में तो आपराधिक मामलों में बढ़ोतरी हुई ही है, उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरे साल आपराधिक वारदात में इजाफा देखा गया है। देश भर का दस प्रतिशत अपराध यूपी में हुआ जो सबसे अधिक है। ( शेष पेज 10 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,963 | ↓ | 334 | |
| निफ्टी | 11,588 | ↓ | 73 | |
| सोना | 38,810 | ↑ | 50 | /10g |
| चांदी | 46,690 | ↑ | 160 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### ब्रह्मोस मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल का अंडमान निकोबार द्वीप समूह के त्राक द्वीप पर एक गतिशील मंच से सफल परीक्षण किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 300 किलोमीटर दूर लक्ष्य को बिल्कुल सटीकता से भेदने की वायुसेना की क्षमता को परखने के लिए सोमवार और मंगलवार को यह परीक्षण किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि वायुसेना ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के त्राक द्वीप से सतह से सतह पर मार करने वाली ए मिसाइलें दागी। उन्होने कहा कि मिसाइल ने 300 किलोमीटर दूर एक निर्धारित छद्म लक्ष्य को भेदा। उन्होंने कहा, दोनो ही मामलो मे लक्ष्य को सीधे भेद दिया गया। मिसाइल की फायरिंग से वायुसेना की गतिशील मंच से बिल्कुल सटीकता से जमीन पर लक्ष्य को भेदने की क्षमता मे वृद्धि हुई है। सतह से सतह पर मार करने वाली ढाई टन की इस मिसाइल की मारक क्षमता करीब 300 किलोमीटर है।

# चिदंबरम को जमानत लेकिन रहना होगा अभी जेल में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्व** वित्त मंत्री पी चिदंबरम को आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में दो महीने हिरासत में बिताने के बाद उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया लेकिन वह अभी रिहा नहीं हो सकेंगे क्योंकि इससे संबंधित धन शोधन के मामले में वह प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं।

कांग्रेस के 74 वर्षीय वरिष्ठ नेता चिदंबरम को केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने 21 अगस्त को उनके जोर बाग स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई की पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया गया। इस बीच, विशेष अदालत ने 18 अक्टूबर को धन शोधन के मामले में चिदंबरम को 24 अक्टूबर तक के लिए प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में दे दिया। न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की तीन सदस्ईय खंडपीठ ने मंगलवार को पूर्व मंत्री पी चिदंबरम की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय के 30 सितंबर का फैसला निरस्त करते हुए उन्हें जमानत देने का निर्णय सुनाया। पीठ ने कहा कि वह न तो भागने के जोखिम वाले हैं और न ही मुकदमे की सुनवाई से उनके भागने की आशंका है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उसके आदेश का किसी भी अन्य कार्यवाही पर कोई असर नहीं होगा। पीठ ने चिदंबरम को कुछ शर्तो के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। इनमें उन्हें एक लाख रुपए का मुचलका और इतनी ही राशि के दो जमानती देने के साथ ही अपना पासपोर्ट विशेष अदालत में जमा करना होगा। पीठ ने कहा कि विशेष अदालत की अनुमति के बगैर वह देश से बाहर नहीं जाएंगे। इसके अलावा वह उन आदेशों के दायरे में भी होंगे जो विशेष अदालत समय समय पर देगी। न्यायालय ने सीबीआई के इस दावे को दरकिनार कर दिया कि 74 वर्षीय चिदंबरम ने इस मामले में दो प्रमुख गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास किया था। न्यायालय ने कहा कि ऐसा कोई विवरण उपलब्ध नहीं है कि कब, कहां और कैसे इन गवाहों से संपर्क किया गया। चिदंबरम द्वारा गवाहों को प्रभावित करने संबंधी सीबीआई के दावों के संबंध में पीठ ने कहा, इन दो गवाहों से एसएमएस, ईमेल, पत्र या टेलीफोन काल के माध्यम से संपर्क करने के तरीके और इन गवाहों से संपर्क करने वाले व्यक्तियों का कोई विवरण नहीं है।



- आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में राहत, एक अन्य प्रकरण में ईडी ने उन्हें पहले से ही कर रखा है गिरफ्तार

## दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट बाजार में, दाम 4.3 लाख रुपए किलो

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विभिन्न** क्षेत्रों में कार्यरत समूह आईटीसी ने मंगलवार को दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट पेश की। इसकी कीमत 4.3 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है। आईटीसी ने इस चॉकलेट को अपने फैबेल ब्रांड के तहत पेश किया है। आईटीसी के लक्जरी चॉकलेट ब्रांड फैबेल ने अपनी सीमित श्रृंखला की चॉकलेट ट्रिनिटी ट्रफल्स एक्स्ट्राआर्डिनायर पेश की है। यह गिनीस वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गई हैं। इसे दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट बताया गया है। आईटीसी के मुख्य परिचालन अधिकारी (चॉकलेट, कनफेक्शनरी, कॉफी और नई श्रेणी) खाद्य विभाग अनुज रूस्तगी ने कहा कि फैबेल में हम नया बेंचमार्क स्थापित कर काफी खुश हैं। हमने सिर्फ भारतीय बाजार नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की है। हम गिनीस वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गए हैं। यह सीमित संस्करण हाथ से बने लकड़ी के बॉक्स में उपलब्ध होगा। इनमें 15 ग्राम की 15 ट्रफल्स होंगी। इस बॉक्स की कीमत सभी करों सहित एक लाख रुपए होगी।

# आतंकियों ने ढूंढ निकाला इंटरनेट पर रोक का तोड़

**कश्मीर में नई चुनौती**

- संपर्क बनाने-संदेश भेजने को वाईफाई या इंटरनेट बिना चलने वाले मोबाइल ऐप ब्रिजफाई का कर रहे इस्तेमाल

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

**तू** डाल-डाल, मैं पात-पात वाली कहावत पर अमल करते आतंकियों ने जम्मू कश्मीर में इंटरनेट पर लगी रोक का तोड़ ढूंढ निकाला है। गत 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद से ऐहतियातन जम्मू कश्मीर में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इंटरनेट पर रोक के चलते अपने नेटवर्क से कटे आतंकवादी अब मोबाइल ऐप ब्रिजफाई के जरिये अपने कैडर से संपर्क साधकर नापाक मंसूबों को अंजाम देने की कोशिश में जुट गए हैं। ब्रिजफाई 100 मीटर तक के दायरे में कारगर होता है और बगैर वाईफाई अथवा इंटरनेट सेवा के इसका प्रयोग किया जा सकता है।



मोबाइल मैसेज की पहुंच बढ़ाने के लिए ऐप ब्लूटूथ वायरलेस टेक्नोलॉजी फंक्शन से भी लैस है। अधिकारियों ने बताया कि इस ऐप के मार्फत निर्धारित नेटवर्क रेंज में ऑडियो, वीडियो, लिखित संदेश समेत सभी प्रकार के डाटा को भेजा जा सकता है। हांगकांग में चीन विरोधी प्रदर्शनकारियों ने ब्रिजफाई ऐप का बड़े ही व्यापक स्तर पर इस्तेमाल कर बीजिंग को मुश्किल में डाल दिया था। इंटरनेट पर वहां भी रोक लगाई गई थी जिसके विकल्प के तौर पर विरोधियों ने ब्रिजफाई को अपनाया गया था। प्रदर्शनकारी इसकी मदद से ताजा जानकारी जुटाकर संगठित होते थे और बीजिंग के लिए उनकी गतिविधियों पर रोक लगाना खासा कठिन हो गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो महीनों में हांगकांग में इस ऐप के इस्तेमाल में 4,000 फीसदी तक की वृद्धि हुई है। हालांकि, सीमित नेटवर्क रेंज के कारण ऐप के जरिये संपर्क साधना थोड़ा पेचीदा काम है लेकिन इसने आतंकी नेटवर्कों को सीमा पार बैठे आकाओं मसलन पाकिस्तानी सेना-आईएसआई गठजोड़ के भेजे संदेशों को फैलाने का साधन मुहैया करा दिया है। ब्रिजफाई ऐप सुरक्षा एजेंसियों के सर्विलांस और निगरानी क्षमता को सीमित करने का भी माद्दा रखता है जो कि पहले से ही घाटी में टेक्निकल इंटेलिजेंस जुटा पाने में समस्या का सामना कर रही हैं। राज्य के तमाम जिलों में प्रतिबंध का स्तर अलग-अलग है लिहाजा टेलीकॉम नेटवर्क उसी के अनुरूप परिचालन कर रहे हैं। ( शेष पेज 10 )

# मुठभेड़ में जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकवादी ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित त्राल इलाके में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सिंह ने बताया कि तीन में से दो दहशतगर्द विदेशी हो सकते हैं। उन्होंने कहा, अभियान खत्म होने के बाद मामले का और विवरण मिल पाएगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि जैश का यह मॉड्यूल इस साल अगस्त में खानाबदोश गुज्जर समुदाय से ताल्लुक रखने वाले दो भाइयों की हत्या में शामिल था।

### पाक गोलाबारी में सैन्य अधिकारी शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मंगलवार को पाकिस्तानी गोलीबारी की आड़ में भारतीय क्षेत्र में घुस आए आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी शहीद हो गए जबकि पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से हुई गोलाबारी में दो नागरिक घायल हो गए। राजौरी घटना का ब्योरा देते हुए सेना के एक अधिकारी ने ताया कि नौशेरा सेक्टर के कलाल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर अग्रिम क्षेत्र के समीप गश्ती दल को कुछ संदिग्ध हरकत नजर आई और उसकी आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में सेना के एक जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारी घायल हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई। पाकिस्तानी सैनिकों ने इस सेक्टर में भारतीय क्षेत्र में भी गोलीबारी की। अधिकारी ने बताया कि इलाके से खबरें आने तक मुठभेड़ जारी थी। राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के ताजा ( शेष पेज 10 )

# मोदी ने अभिजीत बनर्जी के साथ की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और नोबेल पुरस्कार के लिए चयनित भारतीय मूल के अमेरिकी प्रोफेसर अभिजीत बनर्जी ने मंगलवार को मुलाकात की और दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर गहन तथा अच्छी चर्चा की।

बनर्जी मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर हैं और उन्हें अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें उनकी पत्नी एस्थर डुफ्लो और माइकल क्रेमर के साथ संयुक्त रूप से दिया जाएगा। इन तीनों को वैश्विक स्तर पर गरीबी से लड़ने संबंधी शोध कार्यों के लिए 2019 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। मोदी ने अपने आधिकारिक आवास में बनर्जी के साथ मुलाकात के बाद ट्वीट किया, नोबेल पुरस्कार के लिए चयनित अभिजीत बनर्जी के साथ शानदार मुलाकात। मानव सशक्तिकरण के प्रति उनका जुनून स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। विभिन्न विषयों पर हमारे बीच अच्छी और गहन चर्चा हुई। भारत को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। मोदी ने बनर्जी के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस महीने की शुरुआत में एक संवाददाता सम्मेलन में बनर्जी को बधाई देते हुए उन्हें वाम की ओर झुकाव वाला बताया था। गोयल ने कहा था कि बनर्जी ने न्यूनतम आय योजना का सुझाव दिया था जिसे भारत की जनता ने नकार दिया था और उनकी सोच को स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है।



### सरकार की नीतियों पर नोबेल विजेता ने नहीं की कोई टिप्पणी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नोबेल** पुरस्कार के लिए चुने गए अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिन में उनसे मुलाकात में उनसे मजाक किया कि किस तरह मीडिया उनके मुख से मोदी विरोधी बात निकलवाने के प्रयास में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री निवास पर इस मुलाकात के बाद संवाददाताओं से एक बातचीत में बनर्जी ने भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर कोई सवाल लेने से इनकार किया। इस दौरान वह सरकार की नीतियों को लेकर कोई भी टिप्पणी करने से बचते रहे। अभिजीत बनर्जी को उनकी पत्नी एस्थर डुफ्लो और अमेरिकी अर्थशास्त्री माइकल क्रेमर के साथ संयुक्त रूप से 2019 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। संवाददाताओं के सवालों के जवाब में बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ मेरी मुलाकात काफी अच्छी रही। प्रधानमंत्री ने बातचीत की शुरुआत इस मजाक के साथ की कि मीडिया किस प्रकार उनके (बनर्जी से) मुख से मोदी- विरोधी बात निकलवाने के लिए अपने सवालों के जाल फैला रहा है। भारतीय मूल के अर्थशास्त्री ने कहा, प्रधानमंत्री टीवी देखते रहे हैं और वह आप लोगों (मीडिया वालों) पर निगाह रखते हैं। वह (मोदी) जानते हैं कि आप लोगों की कोशिश क्या रहती है। अभिजीत बनर्जी ने इससे पहले आर्थिक सुस्ती को लेकर टिप्पणी की थी जिसको लेकर छिड़ी बहस की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री के साथ यह मुलाकात हुई थी।

### केंद्र ने कर्मचारियों के लिए तोहफा नीति में छूट दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए तोहफे स्वीकार करने की वित्तीय सीमाओं को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि तीन गुणा बढ़ोतरी कर इस सीमा में छूट दी गई है। उन्होंने हाल में संशोधित किए गए नियमों का हवाला देते हुए बताया कि समूह अ और ब श्रेणियों के तहत आने वाले अधिकारियों को 5,000 रुपए से अधिक का तोहफा सरकार की मंजूरी के बिना नहीं स्वीकार करना चाहिए। इससे पहले कर्मचारियों के इन समूहों के लिए तोहफा स्वीकार करने की सीमा 1,500 रुपए थी। इसी तरह समूह स के कर्मचारी सरकार की मंजूरी लिए बिना अब 500 रुपए की बजाए 2,000 रुपए तक की भेंट स्वीकार कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीमा में यह संशोधन तीन अखिल भारतीय सेवाओं- भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय डाक सेवा और भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए तय सीमा के बराबर लाने के लिए किया गया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 23 अक्टूबर 2019



# संघीय व्यवस्था में वित्त आयोग की भूमिका अहम: योगी

## मुख्यमंत्री की 15वें वित्त आयोग के साथ बैठक सम्पन्न



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 15वें वित्त आयोग के साथ बैठक में कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए उत्तर प्रदेश को विकास के मार्ग में अग्रणी बनाया जाना आवश्यक है। देश के विकास की परिकल्पना यूपी के बिना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संघीय व्यवस्था में वित्त आयोग की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है।

लोकभवन में आयोजित बैठक में सीएम योगी ने कहा कि देश की कुल आबादी का 17 प्रतिशत से हिस्सा यूपी में रहता है। ऐसे में राज्य की आवश्यकताएं भी अधिक हैं। उन्होंने आयोग से यूपी पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर संस्तुतियां देने का आग्रह करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास और प्रदेश की जनता का जीवनस्तर ऊंचा उठाने के लिए राज्य सरकार के ब्लूप्रिंट पर वित्त आयोग सकारात्मक रुख अपनाएगा।

उन्होंने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के मार्ग में आने वाली चुनौतियों एवं 15वें वित्त आयोग से प्रदेश की अपेक्षाओं की चर्चा की। 15वें वित्त आयोग द्वारा वर्ष 2011 की जनसंख्या को आगणन में लिये जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे राज्यों की वर्तमान आवश्यकता एवं मांगों का सही आकलन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रीय असमानताएं अधिक हैं। राज्य का बुन्देलखण्ड क्षेत्र अधिकतर सूखे से प्रभावित रहता है। यहां का बड़ा भूभाग सामान्यता शुष्क एवं पथरीला है जिस कारण कृषि उत्पादकता कम है वहीं राज्य का पूर्वान्चल भाग कभी बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त रहता है तो कभी सूखे से। जिस कारण इस क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर भी वर्ष दर वर्ष प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सतत् विकास लक्ष्यों के अन्तर्गत 17 गोल्स में से 16 गोल, जो उत्तर प्रदेश में लागू होते हैं को प्राप्त करने हेतु वचनबद्ध है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने ठोस कार्ययोजना बनायी है। योगी ने राज्यों के मध्य अंतरण की धनराशि के पारस्परिक आवंटन के सम्बन्ध में आयोग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्यों की 16.7 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। जिसमें लगभग 69 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम उम्र की है। प्रदेश में नौजवानों की बड़ी जनसंख्या है जिन्हें उचित शिक्षा एवं रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने आयोग से आग्रह किया कि राज्यों के क्षैतिज अन्तरण के फार्मूले में जनसंख्या का आधार अधिक होना चाहिये। इस कारण राज्य द्वारा जनसंख्या को 30 प्रतिशत भार दिये जाने का प्रस्ताव किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में नगरीय एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों को दिये जाने वाले अनुदान का अत्यधिक महत्व है परन्तु चौदहवें वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों के अधीन केवल ग्राम पंचायतों के लिये ही अनुदान की अनुशंसा की गयी तथा दो अन्य स्तरों हेतु अनुदान नहीं दिया गया। पंचायती राज संस्थाओं के अन्तर्गत त्रिस्तरीय व्यवस्था विकसित की गयी है। उन्होंने आयोग से आग्रह किया कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिये जिसके अन्तर्गत आपदा के तुरन्त बाद एकमुश्त धनराशि राज्यों को स्वीकृत हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था में गति और स्थायित्व तभी आ सकेगा जब उत्तर प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास में गति आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों की पहचान बनाने वाले परम्परागत और विशिष्ट उत्पादों की ब्राण्डिंग के लिए एक जनपद एक उत्पाद योजना लागू की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने हेतु विशेष प्रयास किए गये हैं। स्कूल चलो अभियान के माध्यम से प्रदेश में बच्चों के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कहा कि सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उत्तर प्रदेश की समस्याओं, चुनौतियों और सम्भावनाओं को ध्यान में रखकर आयोग अपनी संस्तुतियां करेगा।

बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल द्वारा राज्य की सामाजिक आर्थिक व राजकोषीय पृष्ठभूमि के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतिकरण दिया गया।

# पांच ट्रिलियन अर्थव्यस्था का लक्ष्य यूपी के बिना पूरा नहीं हो सकता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- यूपी का जीडीपी ग्रोथ राष्ट्रीय औसत से ज्यादा:वित्त आयोग
- सतत विकास के रोडमैप को लेकर आयोग ने जताई संतुष्टि, कहा कि वाराणसी जैसा कार्य अन्य स्थानों पर भी होना चाहिए

**15वें** आयोग ने यह माना कि देश की पांच ट्रिलियन अर्थ व्यवस्था को पाने के लिए उप्र की अर्थ व्यवस्था को एक ट्रिलियन करना ही पड़ेगा बिना यूपी के साथ लिए पांच ट्रिलियन का लक्ष्य भेद पाना मुश्किल है। आयोग के चेयरमैन एनके सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उप्र की जीडीपी राष्ट्रीय औसत जीडीपी से बेहतर हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि इसे और बेहतर बनाते हुए यूपी इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा उदय योजना को लेकर आयोग उप्र के प्रयास से संतुष्ट नहीं दिखा, आयोग के अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उदय योजना की जो शर्तें थीं वह उप्र पूरी नहीं कर पा रहा है और लाइन लास कम नहीं हो रहा है लेकिन राज्य सरकार ने अगले दो साल की जो कार्य योजना दी है उसके जरिए भरोसा दिया है कि वह उदय योजना की शर्तों को पूरा कर लेगा।

चेयरमैन एनके सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का जीडीपी ग्रोथ राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। देश के अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश का माहौल अच्छा है। उत्तर प्रदेश के पास आगे का रोड मैप है, यूपी का वित्तीय संचालन सही है। उन्होंने कहा कि सतत विकास के कई ऐसे गोल हैं, जिस पर आज बैठक के दौरान चर्चा हुई है। उन गोल को पूरा करने में उत्तर प्रदेश के पास जो रोड मैप है उससे आयोग संतुष्ट है। एनके सिंह ने वाराणसी में हुए कामों की सराहना करते हुए कहा कि वाराणसी जैसा कार्य अन्य स्थानों पर भी होना चाहिए। यूपी में टूरिज्म की अपार संभावनाएं है। एनके सिंह ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र को लेकर लगातार चर्चा होती रही है। ऊर्जा के क्षेत्र में लॉस और कर्ज बढ़ा है। जिसको लेकर 15वां वित्त आयोग उम्मीद करता है कि आने वाले वक्त में सबकुछ ठीक हो जाएगा। एनके सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य के लिए यूपी की 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनना जरूरी है। आयोग हर तरह से उत्तर प्रदेश को सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि जिले के अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों की तर्ज पर विकसित करना होगा। नर्सेस और पैरामेडिकल की ट्रेनिंग के लिए सहयोग करने को लेकर आयोग विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रीप्राइमरी एजुकेशन को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री गंभीर हैं। उत्तर प्रदेश में चुनौतियां के साथ साथ अपार संभावनाएं भी हैं। कृषि क्षेत्र में आयोग का विशेष जोर है। उत्तर प्रदेश में आयोग की यात्रा आयोग के दृष्टिकोण से सिद्ध होगी। राज्य सरकार ने जो आज प्रस्तुतीकरण दिया है उससे लगता है कि वह जल्द ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे आयोग से पूरी तरह संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि उदय योजना को लेकर राज्य सरकार ने मानक पूरे नहीं किए हैं लेकिन सरकार ने इस बात का आश्वासन दिया है कि अगले दो साल में उन कमियों को पूरा कर लिया जाएगा। ऊर्जा के क्षेत्र में ट्रांसमिशन लॉस 11000 करोड़ से बढ़कर 18000 करोड़ पहुंच गया है। इस दौरान अशोक मेहता सचिव वित्त आयोग, अजय नारायण झा पूर्व वित्त सचिव भारत सरकार सदस्य, अनूप सिंह सदस्य भी मौजूद रहे।

# लापरवाह अधिकारी व कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे: केशव मौर्य

- गड्ढामुक्ति अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि गड्ढामुक्ति अभियान में तेजी लाई जाय। उन्होंने कहा कि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी होनी चाहिए। कार्यों में हीलाहवाली या लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को किसी भी दशा में माफ नहीं किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह निर्देश मंगलवार को लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जोर देते हुए कहा कि जो भी बजट आवंटित किया गया है उसका शीघ्र से शीघ्र सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि वह शीघ्र ही सड़कों का औचक निरीक्षण करेंगे और कहीं पर भी कार्यों में अनियमितता अथवा लापरवाही पायी गयी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग के डाक बंगलों को सुव्यवस्थित किया जाय, जहॉ पर बाउन्ड्री वॉल न बनी हो तो उसे बनवा दिया जाय। श्री मौर्य ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की सभी सड़कों पर साइनबोर्ड लगवाये जॉय और उन पर अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता के मोबाईल नम्बर तथा लोक निर्माण विभाग की हेल्पलाईन नम्बर 1800 121 5707 अनिवार्य रूप से लिखा जाय। देवीपाटन मण्डल में अपेक्षा के अनुरूप बजट व्यय न होने पर उन्होंने अप्रसन्नता जाहिर की।

# जन्मदिन पर गृहमंत्री को योगी ने दी बधाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज फोन करके केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। अपने संदेश में सीएम ने गृहमंत्री को उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु तथा सक्रिय जीवन की कामना की है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक राज्यमंत्रिपरिषद की बैठक से पहले सुबह करीब आठ बजे सीएम योगी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन किया और जन्मदिन की बधाई दी। दोनों नेताओं में पांच से सात मिनट बात हुई। इस दौरान श्री शाह ने विधानसभा उपचुनाव के बारे में भी सीएम से जानकारी ली।

# विशेष सत्र की 'पटकथा' से रूबरू होंगे राष्ट्रपति और पीएम

- तैयार हो रही संसदीय कार्यवाही की किताब, देश-दुनिया के मंच पर रखने की सीएम योगी की योजना

**कमल दुबे।** लखनऊ

**यूपी** विधानसभा के विशेष सत्र में विधानमंडल के दोनों सदनों में संसदीय कार्रवाई की लिखी गई पटकथा से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तथा पीएम नरेन्द्र मोदी रुबरू होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ संसदीय कार्यवाही की खूबसूरत किताब तैयार करा रहे हैं, जिसे वह अगले महीने दिल्ली जाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को देंगे। विधानमंडल की विशेष सत्र की संसदीय कार्यवाही की पटकथा सौंपने के अपने प्लान से सीएम योगी ने देश की दोनों दिग्गजों हस्तियों को अवगत करा दिया है।

सीएम के निर्देश पर अपर मुख्यसचिव अवनीश अवस्थी की देखरेख में विधानमंडल का संसदीय विभाग विशेष सत्र की पटकथा को लिखने के काम में जुटा है। दीपावली से पहले उसे पूरी पटकथा को लिखकर सूचना विभाग के सौंपना है। सूचना विभाग इसका संपादन करके किताब का रूप देगा। पूरी पटकथा तैयार होने के बाद सीएम योगी दीपावली के बाद दिल्ली जाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अन्य केन्द्रीय नेताओं को इसे सौंपेंगे। सूत्रों की मानें तो केन्द्रीय नेताओं के अलावा दूसरे राज्यों तथा डिफेन्स एक्सपो में आने वाले मेहमानों को भी इस किताब से अवगत कराया जाएगा। विदित हो कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर योगी सरकार ने विधान मंडल का विशेष सत्र रखा था। दो अक्टूबर को आहूत इस सत्र को लगातार 36 घंटे से ज्यादा समय तक चलाकर यूपी सरकार ने गीनिज बुक मे अनूठा रिकार्ड दर्ज कराया है।

सत्र का विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया था जबकि सत्ता पक्ष सहित कई अन्य सदस्य इस विशेष सत्र का हिस्सा बने थे। सत्र में संयुक्त राष्ट्र संघ में स्वीकार किये गये विकास के तरह बिन्दुओं में से 12 बिन्दुओं को राज्य में लागू किये जाने का अहम फैसला लिया गया था। अपने तरह की इस अद्भुत सदन को योगी सरकार देश-दुनिया के मंच पर रखना चाहती है। अपनी इसी मंशा को आकार देने के लिये पूरी कार्यवाही की पटकथा को तैयार कराया जा रहा है। सीएम इस पटकथा को राष्ट्रपति और पीएम को सौंपकर अपने मिशन को आगे बढ़ायेंगे।

# अयोध्या के दीपोत्सव को राज्य स्तरीय मेले का दर्जा

- उप्र राज्य सेप्टिक प्रबंधन नीति को मिली मंजूरी, 2023 से होगी लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



कैबिनेट के फैसले

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में अयोध्या में दीपोत्सव को राज्य मेला का दर्जा देने, उप्र राज्य सेप्टिक प्रबंधन नीति सहित 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकारी धन का दुरुपयोग न होने पाए इसके लिए अयोध्या दीपोत्सव मेले में झांकी सहित सभी कार्यक्रमों का ऑडिट किया जाएगा। सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थनाथ सिंह एवं श्रीकांत शर्मा ने बताया कि बैठक में मंत्रिपरिषद ने अयोध्या के दीपोत्सव मेले का प्रान्तीयकरण किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेले के प्रबंधन के लिए जिलाधिकारी अयोध्या को अधिकृत किया है। जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा दीपोत्सव मेला का जिला अयोध्या का प्रान्तीयकरण किए जाने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था। वर्तमान समय में दीपोत्सव मेले का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा किया जाता है। मेले के अन्तर्राज्यीय स्वरूप के दृष्टिगत इसकी समुचित व्यवस्था एवं सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा इसके प्रान्तीयकृत किए जाने की घोषणा की गयी है। दीपोत्सव मेले का प्रान्तीयकरण हो जाने के बाद इसका प्रबंधन जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा किया जाएगा। वर्ष 2019 में आयोजन पर लगभग 132.70 लाख रुपये के व्यय का अनुमान है। इस मेले के आयोजन पर होने वाले व्ययभार का वहन शासन द्वारा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टिक नीति प्रबंधन का प्रस्ताव पास किया गया। इसके तहत सफाई कर्मियों की सुरक्षा से संबंधित सभी कदम उठाए जाएंगे। उनके ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 652 नगर निकायों में 5 करोड़ की आबादी है। इन निकायों के भीतर 72 लाख ऑन साइट कलेक्शन होता है जिसमें 5560 एमएलडी कलेक्शन आता है। अभी तक अपशिष्ट जल प्रबंधन की 3300 एमएलडी क्षमता है, 1280 एमएलडी की क्षमता विकसित की जा रही है। 2019 तक सभी प्रारंभिक व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी। 2021 तक प्रदेश के सभी निकाय इससे जोड़े जाएंगे और 2023 तक इसे पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा। केंद्र, राज्य, निकाय और सीएसआर से फण्ड की व्यवस्था की जाएगी। 2023 के बाद इसके रख-रखाव की व्यवस्था का खर्च उपभोक्ता पर सरचार्ज लगाकर निकाला जाएगा।

## कर्मचारी कल्याण निगम के प्रबंधन के लिए बनेगी समिति

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के व्यवस्थापन के संबंध में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। यह समिति 15 दिन में अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा राज्य सरकार ने फिल्म सांड की आंख को दर्शकों द्वारा प्रवेश के लिए देय राज्य माल और सेवा कर की समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति करने का प्रस्ताव पास किया है। फिल्म सांड की आंख बागपत के जोहर गांव की दो महिलाओं पर आधारित है।

## पीतल के खाली खोखा कारतूस की नीलामी व्यवस्था समाप्त

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उप्र पुलिस विभाग के म्यूटिलेटेड पीतल के खाली खोखा कारतूस की प्रचलित नीलामी व्यवस्था को समाप्त कर एमएसटीसी लिमिटेड से कराए जाने का निर्णय लिया है। एमएसटीसी में लगभग 70000 खरीददार रजिस्टर्ड हैं जिसके द्वारा सीआरपीएफ, बीएसएफ, चेन्नई पुलिस, महाराष्ट्र पुलिस के वाहनों, निष्प्रयोज्य वस्तुओं एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न संस्थानों की निष्प्रयोज्य वस्तुओं की नीलामी भी की जाती है। नीलामी की पूर्ण कार्यवाही ऑनलाइन होने के कारण यह पारदर्शी है तथा बिक्री, नीलामी की प्रथम बार 15 दिवस के अन्दर नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाती है।

## सोनभद्र में वनीकरण के लिए गैर वन भूमि का प्रस्ताव मंजूर

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोनभद्र स्थित जेपी सीमेंट फैक्टरी के खनन क्षेत्र से आच्छादित वन भूमि के बदले राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के अनुपालन में वनीकरण के लिए गैर वनभूमि 586.178 हेक्टेअर दिए जाने के प्रस्ताव को निरस्त करते हुए 470.304 हेक्टेअर गैर वन भूमि वनीकरण के लिए वन विभाग को दिये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मीरजापुर के सदर, चुनार, मड़िहान एवं लालगंज तहसील की गैर वनभूमि पुनर्ग्रहीत कर वनीकरण के लिए वन विभाग को दिये जाने का प्रस्ताव है।

## स्तरीय अभियंत्रण संस्थाओं के शिक्षकों के वेतनमानों को पुनरीक्षित करने का निर्णय

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शासकीय सहायता प्राप्त डिग्री स्तरीय अभियंत्रण संस्थाओं के शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर वेतनमानों को पुनरीक्षित किए जाने का निर्णय लिया है। प्राविधिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन प्राविधिक विश्वविद्यालयों डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि गोरखपुर तथा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि कानपुर के कुलपतियों को उनके वेतन 210000 रुपये के साथ विशेष भत्ता 5000 रुपये प्रतिमाह इस शर्त के साथ दिया जाएगा कि उनके वेतन पर आने वाला व्ययभार यह विश्वविद्यालय स्वयं वहन करेंगे।

## मत्स्य पालक कल्याण कोष के लिए 25 करोड़ का बजट

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मत्स्य पालक कल्याण कोष की स्थापना व उसके कार्यान्वयन के लिए उप्र मत्स्य विकास एवं नियंत्रण नियमावली 2019 को मंजूर कर लिया है। बीजेपी ने 2017 के अपने घोषणा पत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिए जाने एवं उससे जुड़े लोगों के कल्याण के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप यह निर्णय लिया था। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के व्यापक संचालन के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट प्राविधान किया गया है। उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष का उद्देश्य मत्स्य पालकों के कल्याण एवं विकास संबंधी कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

## प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली-1996 में चतुर्थ संशोधन का निर्णय

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सरकार से सहायता प्राप्त उप्र प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली-1996 में चतुर्थ संशोधन किए जाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली-1996 के विनियम-14-1 व 14-2 में संशोधन किया गया है। इसके फलस्वरूप संस्था की प्रबन्ध समिति का अध्यक्ष प्रधानाचार्य के पद पर भर्ती के लिए गठित चयन समिति का अध्यक्ष होगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ने काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के विस्तारीकरण, सुन्दरीकरण योजना के अन्तर्गत निर्मल मठ भवन संख्या सीके 34/45 लाहौरी टोला वाराणसी के क्रय, अर्जन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

# बाढ़ नुकसान के मेमोरेंडम के कई बिंदुओं पर केंद्र को आपत्ति

**लखनऊ।** सूबे बाढ़ से नुकसान को लेकर योगी सरकार के आकलन पर केन्द्र ने सवाल उठाये हैं तथा कई बिन्दुओं पर जवाब मांगा है। साढ़े आठ अरब से अधिक के विशेष राहत पैकेज की रिपोर्ट में सबसे अधिक पौने पांच अरब की फसल का नुकसान होने की बात कही गई है जबकि लगभग दो सौ करोड़ का नुकसान सार्वजनिक सम्पत्तियों को हुआ है। केन्द्र सरकार को सार्वजनिक सम्पत्तियों सहित रिपोर्ट के कई अन्य बिन्दुओं पर आपत्ति है। विशेष राहत पैकेज पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय का पत्र आने के बाद आपदा राहत विभाग आपत्तियों को दूर करने की कवायद में जुट गया है। अधिकारियों का कहना है कि अगले दो तीन दिनों में केन्द्र सरकार को संशोधित रिपोर्ट भेजी जाएगी ताकि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द नुकसान की भरपाई जा सके। बीते दिनों प्रदेश में आयी बाढ़ ने राज्य की 27 जिलों में भारी तबाही मचायी थी। इन जिलों के लगभग तेरह सौ गांवों की साढ़े सात लाख परिवार बाढ़ से प्रभावित हुये थे। पीड़ित परिवारों को नुकसान की भरपाई के लिये सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने 833.29 करोड़ के विशेष राहत पैकेज के लिये केन्द्र सरकार को मेमोरेन्डम भेजा था। मेमोरेन्डम में लघु एवं सीमांत किसानों को फसल के नुकसान की भरपाई के लिये छह सौ करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया था जबकि पीड़ित परिवारों के मकानों को हुये नुकसान की भरपाई के लिये 18.76 करोड़ की धनराशि केन्द्र सरकार से मांगी गई थी। इसके अलावा मवेशियों को हुये नुकसान के लिये 53.54 लाख, सार्वजनिक सम्पत्तियों के नुकसान के लिये 190.51 करोड़ की धनरायि मांगी गई थी। राज्य सरकार द्वारा बाढ़ से हुये नुकसान के कई बिन्दु ऐसे हैं, जो आपदा मोचक निधि में निर्धारित मानकों के दायरे में नहीं आते हैं लेकिन राज्य सरकार ने इन्हें नुकसान में जोड़ा है। इन्हीं बिन्दुओं पर केन्द्र से स्पष्टीकरण मांगा है।

**मिट्टी के दीयों पर नहीं वसूला जाए बाजार शुल्क:मुख्य सचिव:** लखनऊ। मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने निर्देश दिए हैं कि दीपावली के अवसर पर स्थानीय बाजारों में बेचे जाने वाले हाथ से बने मिट्टी के दीयों पर किसी भी प्रकार का बाजार शुल्क अथवा बाजारी शुल्क की वसूली किये जाने पर सम्बन्धित कर्मियों की जिम्मेदारी नियत कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने यह निर्देश प्रमुख सचिव नगर विकास एवं पंचायती राज विभाग को दिए हैं। उन्होंने निर्देश में कहा है कि दीपावली के पर्व पर स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीयों की बिक्री पर बाजार शुल्क अथवा बाजारी शुल्क न वसूले जाने के सम्बन्ध में पृथक से निर्देश निर्गत करते हुए कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीपकों के ज्यादा से ज्यादा उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए।


DHFL
Changing Rules Changing Lives

दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड
राष्ट्रीय कार्यालय : डीएचएफएल, एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा एवं 8वां तल, अनंत कानेकर मार्ग, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400 051
क्षेत्रीय कार्यालय : ऑफिस नंबर 211 एवं 212, 'टाइटेनियम' शालीमार कॉर्पोरेट पार्क, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

परिशिष्ट IV कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर डीएचएफएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00003283) जितेन्द्र कुमार (कर्जदार) सुमित्रा देवी (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : गाटा नंबर 417, ग्राम जैतूपुर, परगना एवं तहसील रायबरेली-229001 | 24/10/2018 रू. 22,10,750/- | 17-10-2019 |
| 2. | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00002988) देवेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुमन यादव (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : गाटा नंबर 414, ग्राम जैतूपुर, परगना एवं तहसील रायबरेली-229001 | 24/10/2018 रू. 24,05,414/- | 17-10-2019 |
| 3. | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00002412) धर्मेन्द्र कुमार सोनकर (कर्जदार) बीनू सोनकर (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : गाटा नंबर 392, ग्राम रातापुर, परगना एवं तहसील रायबरेली-229001 | 27/12/2018 रू. 23,89,571/- | 17-10-2019 |
| 4. | (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर 00002172) दीपक कुमार तिवारी (कर्जदार) साधना तिवारी (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : गाटा नंबर 46 के भाग पर स्थित प्लॉट, मौजा गौरापट्टी, वार्ड - नियावन, वार्ड नंबर 51, परगना-हवेली अवध, तहसील सदर, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश-224001 | 23/04/2019 रू. 6,95,905/- | 17-10-2019 |
| 5. | (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000781) राज कुमार मालवीय (कर्जदार) राधा मालवीय (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : अराजी नंबर 1016 के भाग पर मकान, मौजा मोहब्बतगंज उपरहार, परगना अरैल, तहसील करचना, इलाहाबाद-211008 | 30/07/2019 रू. 27,41,343/- | 17-10-2019 |
| 6. | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00003209) गुरू प्रसाद (कर्जदार) अश्वनी यादव (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : गाटा नंबर 1473/3, चक अहमदपुर नजूल (गांधी नगर), परगना एवं तहसील रायबरेली-229001 | 27/12/2018 रू. 25,48,267/- | 17-10-2019 |
| 7. | (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000621) शकील अहमद (कर्जदार) सईदा बानो (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : अराजी नंबर 1016 के भाग पर प्लॉट, मौजा मोहब्बतगंज उपरहार, परगना अरैल, तहसील करचना, इलाहाबाद-211008 | 30/07/2019 रू. 26,53,241/- | 17-10-2019 |
| 8. | (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000758) कल्लू त्रिवेदी (कर्जदार) मंजू त्रिवेदी (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : अराजी नंबर 1016 के भाग पर प्लॉट, मौजा मोहब्बतगंज उपरहार, परगना अरैल, तहसील करचना, इलाहाबाद-211008 | 30/7/2019 रू. 17,91,170/- | 17-10-2019 |
| 9. | (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00003106) संजय मिश्रा (कर्जदार) हर्षिता मिश्रा (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 09 के नगर महापालिका के भाग पर मकान, पुलिस लाइन, खैराबाद, सीतापुर, उत्तर प्रदेश -261001 | 26/07/2019 रू. 13,92,920/- | 17-10-2019 |
| 10. | (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00006652) रोहित कुमार वर्मा (कर्जदार) शालिनी वर्मा (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 08 पर निर्मित मकान, खसरा नंबर 1049 का भाग, ग्राम गोयला, महोना, तहसील बक्शी का तालाब, लखनऊ-226020 | 25/01/2019 रू. 16,32,918/- | 17-10-2019 |
| 11. | (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000835) हंस राज (कर्जदार) पुष्पा देवी (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : अराजी नंबर 1016 के भाग पर मकान, मौजा मोहब्बतगंज उपरहार, परगना अरैल, तहसील करचना, इलाहाबाद-211008 | 30/07/2019 रू. 22,03,849/- | 17-10-2019 |
| 12. | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00003139) मनोज श्रीवास्तव (कर्जदार) करिश्मा रानी श्रीवास्तव (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : अराजी नंबर 315, मौजा धनपालपुर, परगना कसवार सरकारी, तहसील राजा तालाब, वाराणसी-221103 | 24/10/2018 रू. 17,54,517/- | 17-10-2019 |

स्थान : उत्तर प्रदेश
तिथि : 23/10/2019
हस्ता./- सौरभ पाहवा (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# डेंगू के आगे नाकाफी साबित हो रहे सरकारी प्रयास

## अब तक मिल चुके हैं 612 मरीज, 15 से ऊपर की हो चुकी है मौत

### सीएमओ की तरफ से संचालित फाइट द बाइट प्रोग्राम नियंत्रण पाने में असफल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** सहित पूरे लखनऊ को अपने आगोश में ले चुके डेंगू के आगे सारे सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। तकरीबन एक माह से फाइट द बाइट कार्यक्रम के संचालन का भी मच्छरों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। जबकि अभी तक पूरे जनपद में तकरीबन 612 डेंगू के रोगी मिल चुके हैं और 15 से ऊपर की संख्या में डेंगू रोगियों की मौत भी हो चुकी है। फिलहाल अभियान की असफलता को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का कहना है कि उनकी तरफ से रोजाना वेक्टरजनित टीम लोगों के घरों का सर्वेक्षण कर एंटी मलेरिया का छिड़काव करा रही है। इस कार्य में शामिल अन्य विभागों का सहयोग नहीं मिल रहा है।

मंगलवार को लखनऊ के अलग-अलग इलाकों से 12 डेंगू के रोगी पाये गये हैं। इन इलाकों में इंदिरा नगर, विभव खंड, तकरोही, विकास खंड गोमती नगर, विकास नगर, सर्वोदय नगर, त्रिवेणी नगर, अलीगंज, विनय खंड शामिल है। रोज मिल रहे डेंगू के मरीजों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण लगातार किया जा रहा है। साथ ही स्कूलों के माध्यम से डेंगू रोग से बचाव रोकथाम हेतु स्वास्थ्य प्रदान की जा रही है। फाइट द बाइट अभियान के अंतर्गत आज 1834 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण करने के साथ ही लगातार नोटिस भी दी जा रही है।

#### डेंगू की जांच के लिए मैक एलाइजा टेस्ट ही मान्य

डेंगू प्रभावित मरीज के टेस्ट हेतु मैक एलाइजा टेस्ट ही मान्य होता है। ऐसे में जिन मरीजों के ब्लड सैम्पल में केजीएमयू, एसजीपीजीआई या स्वास्थ्य भवन से मैक एलाइजा विधि द्वारा डेंगू की पुष्टि होती है, उन्हीं को डेंगू संक्रमित घोषित किया किया जाता है।

आम आदमी भी समझे जिम्मेदारी: इस बारे में केजीएमयू के माइक्रोबायलाजी डिपार्टमेंट की डा. अमिता जैन ने बताया कि डेंगू को रोकने के लिए आम आदमी को भी जिम्मेदारी समझनी होगी। उसे अपने आसपास ठहरे हुए पानी को निकालना होगा। उन्होंने बताया कि डेंगू के बारे में एक चीज देखने को मिल रही है। जिसमें अब पूरे साल मरीज इसके आ रहे हैं। इसमें गंभीर मरीज भी आ रहे हैं, जिनको इमर्जेंसी में देखना पड रहा है। उन्होंने बताया कि डेंग के लिए जिम्मेदारी एडिस मच्छर कन्टेनर्स में पैदा होता है। अक्सर डेंगू बुखार का मच्छर दिन में सुबह शाम काटता है। इस प्रकार के मरीजों में बुखार के लिए केवल पैरासीटामाल का प्रयोग किया जाना चाहिए किन्तु ब्रुफेन, एस्प्रीन व कार्टिकोस्ट्रायेड आदि दवाओं का प्रयाग नहीं करना चाहिए।

# लोहिया संस्थान में शुरू होंगे पल्मोनरी मेडिसिन के पीजी कोर्स

**लखनऊ( पीएनएस )।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में वर्ष 2022 तक पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के तहत पीजी कोर्स संचालित किये जायेंगे। पीजी कोर्स शुरू होने के बाद छात्रों को एडमिशन के लिए ज्यादा भागदौड़ नहीं करनी होगी। मंगलवार को यह जानकारी विभाग के प्रभारी डॉ. हेमंत कुमार ने दी है।

संस्थान परिसर में आज पल्मोनरी मेडिसिन विभाग का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभाग के एक साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार ने बताया कि गत वर्ष में 16000 मरीज देखे जा चुके हैं। साथ ही 100 से ज्यादा ब्रोंकोस्कोपिक प्रोसीजर्स किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अगले माह तक इनडोर सेवाओं में स्लीप मेडिसिन लैब एवं फेफड़े के कैंसर का इलाज शुरू हो जायेगा। साथ ही साल के अंत तक एडवांस पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट भी शुरू कर दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक प्रो. एके त्रिपाठी ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए विभाग को अपग्रेड करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# मनचलों से घबराने के बजाए करारा जवाब देना होगा

### अभाविप के मिशन साहसी अभियान का समापन, बेटियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**छात्राओं** में असुरक्षा की भावना को दूर कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् लखनऊ महानगर द्वारा विगत एक सप्ताह से जारी मिशन साहसी अभियान का समापन मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय शिवाजी ग्राउंड पर किया गया। अभियान का उद्देश्य छात्राएं मनचलों से डरने की बजाय उन्हें मुहतोड़ जवाब दे, रोजमर्रा के जीवन में आने वाली चुनौतियों से डरने की बजाय डटकर प्रतिकार करे रहा क्योंकि इस अभियान से जुड़ा नारा उस दुर्गा का रूप हो तुम, जो करती सिंघ सवारी है, छात्राओं के आत्मविश्वास को झकझोरते हुए उन्हें यह याद दिलाता है की नारी अगर ममत्व का प्रतीक है तो उसका एक स्वरुप दुर्गा का भी है। कार्यक्रम के दौरान रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित व कॉमवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वेटलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतने वाली स्वाति सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की अब छात्राओं को घरों में कैद करने के दिन लद गए, समय बदल रहा है देश-दुनिया को अब भारत की नारी शक्ति से परिचित कराना होगा, राह चलते मनचलों से घबराने की बजाय उन्हें करारा जवाब देना होगा। इस दौरान उन्होंने छात्राओ से अपने अनुभव साझा करते हुए कहां की रेलवे में कार्य करने के दौरान बदसुलूकी जैसी घटनाओं से वह गुजर चुकी है किन्तु इनसे डरकर पीछे हटने की बजाय इसका मजबूती से सामना किया। उन्होंने कहा कि आप जब तक ऐसे लोगों से डरती रहेंगी, ये डराते रहेंगे मगर हमें यह भी याद रखना चाहिए की नारी सशक्तीकरण का मतलब यह नहीं है की हम समस्त पुरुष समाज का ही विरोध करने लगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि 21वीं सदी में भारत की बेटियों ने पूरे विश्व में हिंदुस्तान का परचम फहराया है, आज भारत की बेटिया चाँद तक जा पहुची है। इसलिए उन्हें अब यह तय कर लेना चाहिए की वो अब चुप रहने की बजाय अपने खिलाफ होने वाले किसी प्रकार के दुस्साहस का वह मुहतोड़ जवाब देंगी।

# एलयू में गलत दस्तावेजों के सहारे नौकरी कर रहे शिक्षकों को लेकर अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फर्जी** मार्कशीट के सहारे नौकरी कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय में फर्जी शिक्षकों का जिन्न एक बार फिर बुधवार को बाहर आने वाला है। राजभवन के निर्देश पर गठित अनुशासनात्मक समिति की बुधवार को पहली बैठक बुलाई गई है। जिसमें विवि के दो शिक्षकों पर कमेटी को निर्णय लेकर विवि प्रशासन को जानकारी देनी है। कमेटी की रिपोर्ट पर विवि प्रशासन की तरफ से मामले को कार्य परिषद में ले जाकर निर्णय करना है। विवि के पत्रकारिता विभाग में रीडर के पद पर तैनात सेवानिवृत्त प्रोफेसर आरसी त्रिपाठी और समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. सुकान्त चौधरी व वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो. डी आर साहू के खिलाफ विवि के अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रो. विनोद सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इनकी नियुक्तियां फर्जी अंकपत्र और नियमों को दरकिनार कर की गयी है। डॉ. सिंह के प्रत्यावेदन पर विवि की कार्य परिषद ने जांच कराते हुए पत्रकारिता विभाग के शिक्षक डॉ. आरसी त्रिपाठी को पुनः उनके मूल विभाग हिन्दी में भेज दिया था। डॉ. त्रिपाठी पर आरोप थे कि उन्होंने अपनी एमएमएस की जो डिग्री लगाई है, वह फर्जी है और जिस यूनिवर्सिटी से डिग्री जारी की गयी हैं, वहां पर उक्त सन में एमएमसी कोर्स का संचालन नहीं होता था। मामले की जांच में पोल खुलने के बाद कार्य परिषद ने बगैर किसी कार्रवाई के उनको मूल विभाग भेज दिया था। जबकि समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. सुकान्त चौधरी पर आरोप हैं कि वर्ष 2001 में जिस विज्ञापन के आधार पर उनकी नियुक्ति की गयी है, उसके अनुसार उनकी अहर्ता नहीं थी। उनके समाजशास्त्र में महज 51 फीसदी ही अंक हैं। वहीं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा. डीआर साहू पर आरोप हैं कि उन्होंने संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर नियमों को दरकिनार कर प्रमोशन हासिल किया है। उक्त आरोपों के क्रम में कार्य परिषद के फैसले के खिलाफ डॉ. विनोद सिंह ने राजभवन में शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर राजभवन ने वर्ष 2017 में विवि प्रशासन को आदेश जारी कर कार्य परिषद के माध्यम से प्रकरण के निस्तारण का निर्देश दिया था।

# एडवांस रकम के समायोजन को लेकर जारी नोटिस पर भड़का शिक्षक संघ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी की है लगभग 40 शिक्षकों को नोटिस

**कार्य के** एवज में ली गई एडवांस रकम का विवरण न देने वाले शिक्षकों पर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कसे जा रहे शिकंजे को लेकर विवि शिक्षक संध भड़क उठा है। इस बावत विवि शिक्षक संघ ने विवि प्रशासन को पत्र लिख कर कहा है कि वित्त विभाग की अकर्मण्यता के चलते इतने साल बाद शिक्षकों को नोटिस जारी कर समाचार पत्रों में नाम आना मानहानि के समान है। शिक्षक संघ ने कहा है कि इस परंपरा पर तत्काल रोक लगाते हुए वित्त विभाग के अधिकारियों पर विवि प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए।

एडवांस में शिक्षकों द्वारा लिये गये करोड़ों रुपए की हेरा-फेरी का मामला सामने आने के बाद वित्त विभाग की तरफ से तकरीबन 40 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। जिसको लेकर शिक्षक संघ में काफी नाराजगी है। इस बावत शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन व महामंत्री डॉ. विनीत कुमार ने विवि प्रशासन को पत्र लिख कर कड़ी नाराजगी जताई है। शिक्षक संघ की तरफ से लिखे गये पत्र में कहा गया है कि 14 साल बाद रकम के समायोजन को लेकर शिक्षकों को नोटिस जारी करने के पीछे शिक्षकों की छवि धूमिल करने का उद्देश्य प्रतीत होता है। एडवांस में ली गई रकम के समायोजन की जिम्मेदारी वित्त विभाग की होती है। जबकि वित्त विभाग अपनी नाकामी को छिपाते हुए लगातार शिक्षकों को नोटिस जारी कर रहा है। शिक्षक संघ की तरफ से कुलपति को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि इस मामले में वित्त अधिकारी व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए न कि शिक्षकों को नोटिस जारी होनी चाहिए।



# सिंचाई प्रणाली में वैकल्पिक ऊर्जा उपयोगी

● सौर ऊर्जा व जल प्रबंधन से संबंधित 19 कंपनियों ने दिया प्रस्तुतीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री डा. महेन्द्र सिंह ने कहा है कि वैकल्पिक ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई विभाग की विभिन्न सिंचाई प्रणालियों जैसे नलकूप, नहरें, लिफ्ट इरीगेशन, जलाशयों, बंधों आदि को कैसे संचालित किया जा सकता है, इसको लेकर देश विदेश की लगभग 33 कंपनियां दो दिन तक अपना प्रस्तुतीकरण देकर प्रदेश के सिंचाई विभाग के लिए वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इनके सहयोग से उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा के मामले में देश का नम्बर एक प्रदेश बनाने में मदद मिलेगी। यह बात जलशक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने यह बात मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन तेलीबाग के सभागार में सौरजनित हरित ऊर्जा का सिंचाई विभाग की विभिन्न नहर प्रणालियों, राजकीय नलकूपों, खाली जमीनों का उपयोग कर निजी क्षेत्र के सहयोग से सौर ऊर्जा उत्पादन, परिचालन व उपयोग में भागीदारी के माध्यम से उपयोगी जल सिंचाई प्रबन्धन विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी के शुभारम्भ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। डॉ. महेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बड़े भू-भाग वाला प्रदेश होने के साथ ही यहां लम्बे समय तक सूरज का प्रकाश बना रहता है, जिसका उपयोग करके सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही यहां पर लाखों किलोमीटर लम्बाई में नहरें तथा अन्य सिंचाई प्रणालियां है। इसके अलावा बड़े जलाशय, विशाल भूमि बैंक, बड़े बांध, जलाशय, नहरें आदि में सौर ऊर्जा का प्रयोग कर, इन्हें चलाया और सौर ऊर्जा बनायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि ड्रिप व स्प्रिंकलर इरीगेशन में इसका उपयोग करके कम पानी खपत से ज्यादा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर जलशक्ति राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने सौर ऊर्जा के माध्यम से क्रांति लाने का सुझाव देते हुए कहा कि इसको अपनाने से प्रदेश के खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी और प्रदेश खुशहाली की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की जमीनों से अवैध कब्जे को हटाकर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग में लाया जाय। मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू तथा विशेष सचिव सिंचाई डॉ. सारिका मोहन ने इस संगोष्ठी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सौर ऊर्जा व जल प्रबंधन से संबंधित 19 कंपनियों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। इन कंपनियों में इटली की एक, कोरिया की 2, तथा अन्य कंपनियां भारत के कोने-कोने से आयी हुई हैं। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी विशेषताओं, सौर ऊर्जा उत्पादन तथा जल प्रबंधन के क्षेत्र में प्राप्त अनुभवों को साझा किया।

## दंड माफी की ओटीएस योजना तीन माह के लिए बढ़ी

**लखनऊ।** महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सीबीसी योजना के तहत वित्तपोषित उद्यमियों एवं इकाइयों के लिए ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफी के लिए एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना तीन माह के लिए बढ़ा दी गई है। अब उद्यमी 15 जनवरी 2020 तक इस योजना का लाभ उठा सकते है। यह जानकारी प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डॉ. नवनीत सहगल ने दी है। उन्होंने बताया कि सीबीसी योजना के अन्तर्गत वित्तपोषित ऐसे उद्यमी जो ऋण, ब्याज एवं दण्ड ब्याज की ससमय अदायगी नहीं कर पाये हैं, उनको ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफी का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफी के लिए मूलधन जमा करने के लिए उद्यमी अपने जनपद में स्थित जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## महिला थाने का निरीक्षण करने पहुंची अनीता भटनागर

**लखनऊ।** मुख्य अपर सचिव अनीता भटनागर मंगलवार शाम करीब 5 बजे हजरतगंज स्थित महिला थाने पहुंची। उनके साथ पूर्वी एसपी सुरेशचन्द्र रावत समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। महिला थाने पहुंची मुख्य सचिव अनीता भटनागर ने महिला थाने के समस्त रजिस्टर चेक किए। शिकायत रजिस्टर, अपराध रजिस्टर समेत अन्य रजिस्टर्ड का निरीक्षण के बाद महिला थानाध्यक्ष शारदा चौधरी को फटकार लगाते हुए रजिस्टर के रख-रखाव की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के साथ महिलाओं से संबधित शिकायतों का तुरंत निराकरण करने की जरूरत है। वहां बैठी कई पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं से निदान के निर्देश दिए।

## शिक्षाविद एसपी सिंह को ऑनरेरी डॉक्ट्रेट

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज़ के संस्थापक प्रबन्धक एसपी सिंह को गुणवत्ता परक शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में, यूनिवर्सिटी ऑफ स्वहिली, पनामा, सेन्ट्रल अमेरिका ने पणजी, गोवा मेंआयोजित दीक्षांत समारोह में ऑनरेरी डॉक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की। यह डॉक्ट्रेट उपाधि उन्हें आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जगन्नाथपटनायक और डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ भाग्य श्री पाटिल के द्वारा दी गई इसी कार्यक्रम में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रिसर्च सेन्टर ने उन्हें डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड फॉर प्रोफेशनल एक्सीलेंस भी दिया।

## मानसिक विभाग की ओपीडी से मरीज लापता, प्राथमिकी दर्ज

**लखनऊ।** हरदोई के सण्डीला ढिकुन्नी से मानसिक रोग से ग्रस्त भाई को दिखाने आए युवक के भाई मरीज किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के मानसिक रोग विभाग की ओपीडी से लापता हो गया। मरीज के लापता होने के बाद उसे भाई ने काफी खोजबीन की पर मरीज का पता नहीं चल सका। अंत में भाई की तरफ से वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश तेज कर दी है। हरदोई के सण्डीला ढिकुन्नी में रामपुर मजरा मडौली निवासी उमाशंकर ने बताया कि भाई राजकुमार मानसिक रुप से अस्वस्थ्य था। वह 14 अक्तूबर को केजीएमयू के मानसिक विभाग में उसे दिखाने के लिए आए। इसी बीच राजकुमार लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिला। उन्होंने वजीरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## धर्मेन्द्र कुमार सपा से प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में शिक्षक क्षेत्र मेरठ से समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल यादव निवासी गाजियाबाद को प्रत्याशी घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य विधान परिषद में 6 शिक्षक क्षेत्रों के वर्तमान विधान परिषद सदस्यों का कार्यकाल 6 मई 2020 को समाप्त होगा।

## पीजीआई में संविदा पर भर्तियों के खिलाफ नर्सों का अनशन शुरू

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई में संविदा पर नर्सों की होने वाली भर्तियों के खिलाफ मंगलवार को नर्सों ने अनशन शुरू कर दिया है। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा शुक्ला का कहना है कि संशोधित करियर प्रोन्नयन योजना के साथ कर्मियों के पुनर्गठन न होने से कर्मियों में काफी आक्रोश है। मंगलवार को नर्सों ने प्रशासनिक भवन में एनएसए की अध्यक्ष सीमा शुक्ला व महामंत्री सुजान सिंह के नेतृत्व में अनशन शुरू किया। नर्सों का आरोप है कि संस्थान में संविदा पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को तत्काल बंद किया जाए। कर्मियों का आरोप है कि संस्थान प्रशासना डीपीसी और एमएसीपीएस तक नहीं कर रहे हैं।

## निशुल्क कोचिंग की पांच छात्र-छात्राएं पीसीएस के लिए चयनित

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व निःशुल्क कोचिंग योजना के अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदारी भवन लखनऊ व आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अलीगंज लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त 5 छात्र एवं छात्राओं ने पीसीएस परीक्षा 2017 में सफलता हासिल की है। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव समाज कल्याण मनोज सिंह ने दी।

## दीपावली पर दस हजार कर्मचारियों को मिला वेतन, खिले चेहरे

**लखनऊ।** दीपावली त्यौहार पर दस हजार कर्मचारियों को नगर निगम प्रशासन ने वेतन देकर बड़ी राहत दी है। निजी कर्मचारियों को लंबित वेतन न मिलने से परेशान भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा था, जिसकी मांग लगातार कर्मचारी कर रहे थे। हालांकि अभी नियमित कर्मचारियों को वेतन मिलने का इंतजार है। वहीं अब नगर निगम प्रशासन ने दीपावली त्यौहार को देखते हुए दो महीनें का वेतन देकर कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं से लगे निजी कर्मचारियों को वेतन देकर बड़ी राहत दी है। मार्ग प्रकाश, सफाई सहित कई विभागों के निजी कर्मचारियों को नगर निगम प्रशासन द्वारा वेतन दिया गया है। नगर आयुक्त डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर लेखा एवं वित्त अधिकारी महामिलिंद ने लगभग 10 हजार कर्मचारियों को वेतन देकर दीपावली पर राहत दी। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को देने के लिए पर्याप्त बजट है, जल्दी ही सभी नियमित कर्मचारियों को भी वेतन दिया जाएगा।

## 160 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा जेडएलडी संयंत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सकहारी चीनी मिल संघ लि. लखनऊ के अधीन कार्यरत छह आसवनियों (मिलों) में लगभग 160 करोड़ की लागत से शून्य द्रव उत्प्रवास (जेडएलडी) संयंत्रों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है, जो कि जल्द ही पूरा हो जाएगा। इन आसवनियों की प्रतिवर्ष 350 लाख लीटर एथॅनॉल तथा 135 लाख लीटर रेक्टीफाइड स्प्रिट की उत्पादन क्षमता है। यह जानकारी उप गन्ना आयुक्त ने दी। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त 25000 मैट्रिक टन प्रतिवर्ष बायो कम्पोस्ट का भी उत्पादन होगा। उल्लेखनीय है कि संघ की दो नई आसवनियों क्रमशः सठियांव जिला आजमगढ़ एवं नजीबाबाद जिला बिजनौर, जो अत्याधुनिक शून्य द्रव उत्प्रवाह (जेडएलडी) तकनीक इन्सीनरेशन पर आधारित हैं और वर्तमान में कार्यरत हैं । इन आसवनियों की प्रतिवर्ष 180 लाख लीटर एथेनॉल तथा 30 लाख लीटर रेक्टीफाइड स्प्रिट की उत्पादन क्षमता एथेनॉल उत्पादन से भारत सरकार के एथेनॉल ब्लेण्डिंग प्रोग्राम को प्रोत्साहन मिलेगा।

## आस्ट्रेलिया व दुबई के चार विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्रा का चयन



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैंपस) की मेधावी छात्रा नव्या लाम्बा को उच्चशिक्षा हेतु आस्ट्रेलिया एवं दुबई के चार विश्वविद्यालयों द्वारा चयनित किया गया है। नव्या को आस्ट्रेलिया की मैक्केरी यूनिवर्सिटी, डीकन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफवोलांगौंग एवं दुबई की मिडिलसेक्स यूनिवर्सिटी द्वारा उच्चशिक्षा का आमन्त्रण दिया गया है। इसके अलावा, डीकिन यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया द्वारा इस मेधावी छात्रा को 17,166 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई है। इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है तथापि अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है।

## आज से शुरू होंगी सरकारी स्कूलों अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं

लखनऊ। राजधानी में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हांगी। सभी ब्लाकों के करीब 1800 से अधिक विद्यालयों में डेढ़ लाख छात्र-छात्राएं परीक्षाएं देंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के आदेश दिए गये हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. अमरकांत सिंह ने बताया कि परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्रों का मुद्रण हो चुका है। जिले के सभी स्कूलों को खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे।

## जर्जर स्कूलों की नहीं तैयार हो सकी सूची

लखनऊ। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राइमरी और और जूनियर विद्यालयों के जर्जर भवनों की रिपोर्ट अभी तक नहीं तैयार हो सकी है। जबकि इस संबंध में बेसिक शिक्षा मंत्री का आदेश जारी हुए करीब दो माह का समय हो रहा है। रिपोर्ट 15 दिनों में ही देनी थी। आदेश के मुताबिक खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जर्जर भवनों की रिपोर्ट तैयार करवानी थी, ताकि ऐसे स्कूलों को जमीदोज कर नये भवनों का निर्माण कार्य शुरू हो सके। वहीं निदेशालय में अधिकारियों का कहना है कि अभी तक 40 जिलों की रिपोर्ट आ गयी है लेकिन अन्य जिलों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

## शिक्षक को होनी चाहिए छात्रों के ज्ञान की जानकारी

लखनऊ। शिक्षा का केंद्र सिर्फऔर सिर्फ छात्र हैं। ऐसे में लर्निंग आउट करीकुलम में शिक्षक को यह जानकारी होना चाहिए विद्यार्थियों को जो सिखाया जा रहा है उससे क्या हासिल होगा। विश्व की तीन बड़ी शैक्षिक व्यवस्था में हम तीसरे स्थान पर हैं। इसी तरह से अगर हम शैक्षणिक क्षेत्र में काम करते रहे तो यूपी भी शिक्षा के क्षेत्र में लीड स्टेट बन जाएगा। उक्त उद्गार मंगलवार को यूजीसी की तरफ से लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम के दौरान यूजीसी के चैयरमेन प्रो डीपी सिंह ने व्यक्त किया। अपने संबोधन में प्रो डीपी सिंह ने कहा कि यूजीसी एचआडी द्वारा मोर ऑब्जेक्टिव मोर ट्रांसपेरेंसी के तहत विद्यार्थियों पर केंद्रित यह प्रोग्राम शुरू किया गया है।

# भाजपा सरकार ने दो साल देर से जारी की एनसीआरबी की रिपोर्टः कांग्रेस

● जिन राज्यों में 2017 में थी भाजपा सरकार वहां तेजी से बढ़े अपराध व दलितों पर अत्याचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने कहा है कि तमाम संवैधानिक संस्थाओं के आंकड़े छिपाने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दो साल की देरी से नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो 2017 की रिपोर्ट जारी कर दी है। आंकड़े गवाह हैं कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की 2017 में सरकारें थीं वहां पर हत्या, अपहरण, महिलाओं पर अत्याचार, बच्चों का अपहरण एवं शोषण, आर्थिक अपराध, भ्रष्टाचार, दलितों के खिलाफ अत्याचार लगातार बढ़ा एवं देश में अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक रहा जो इनकी असफल सरकार का द्योतक है। परिस्थितियां लगातार बद्तर हुई हैं और भाजपा की राज्य सरकारें आज भी उपरोक्त अपराधों को रोकने में अक्षम साबित हो रही हैं तथा तमाम अपराधों में उनके नेताओं की संलिप्तता एवं संरक्षण उजागर हो रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली आपराधिक राजधानी के रूप में सामने आयी है, जहां पर अपराध सर्वाधिक बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, असम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्य जहां पर 2017 में भाजपा की सरकारें थीं वहां उपरोक्त सभी प्रकार के अपराधों में उक्त राज्य क्रमवार शीर्ष स्थानों पर रहे हैं।

### आंकड़े तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा विपक्षः सिद्धार्थ नाथ

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष द्वारा एनसीआरबी 2017 के अपराध आंकड़ें जनता के मध्य जिस प्रकार से प्रस्तुत किये जा रहे हैं वह तोड़-मरोड़ कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष विशेष तौर पर प्रियंका गांधी वाड्रा एवं अखिलेश यादव बिना समुचित अध्ययन किये राजनैतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों को समझने के लिये जनसंख्या के आधार पर अनुपात निकाला जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि जिन प्रदेशों की जनसंख्या अधिक है वहॉ पर अपराध भी अधिक घटित व पंजीकृत होते हैं। अपराध की स्थिति समझने के लिए क्राइम रेट एक अच्छा एवं विश्वसनीय संकेतक है।

# कैंट उपचुनावः मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैंट विधानसभा** चुनाव की मतगणना 24 अक्टूबर की सुबह रमाबाई रैली स्थल में होगी। मतगणना का परिणाम दोपहर 12 से एक बजे के बीच आ जाएगा। मतगणना के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मंगलवार को टैबुलेशन पर लगे कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करने के बाद उन्हें मतगणना में सम्मिलत होने के लिए तैयार कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल राज शर्मा ने कर्मचारियों को अहम जानकारियां दीं और 24 अक्टूबर को रमाबाई रैली स्थल में सुबह छह बजे पहुंचने का निर्देश दिया है। रमाबाई रैली स्थल में 24 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से वोटों की मतगणना शुरू हो जाएगी। एडीएम प्रशासन एसपी गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना स्थल में कंप्यूटर की व्यवस्था करा दी गई है। टैबुलेशन के कर्मचारियों का भी प्रशिक्षण पूरा हो गया है। डीएम ने कहा कि प्रत्येक मतगणना मेज पर एक मतगणना आब्जर्बर रहेगा तथा अतिरिक्त गणना कर्मी के रूप में प्रत्येक ईवीएम की गणना सीट भरकर पृथक से प्रेक्षक को उपलब्ध कराएंगे।

### स्क्रूटनी के बाद 28.77 फीसद निकली वोटिंग

**लखनऊ।** कैंट उपचुनाव में 21 अक्टूबर को हुए मतदान में स्क्रूटनी के बाद 0.78 प्रतिशत मतदान कम हो गया। जबकि यह मतदान निर्वाचन द्वारा 29.55 प्रतिशत बताया गया था। डीएम द्वारा प्रेक्षक और राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों एवं उनके एजेंटों की मौजूदगी में हुई स्क्रूटनी के बाद यह आंकड़ा जारी किया गया। यह उत्तर प्रदेश में हुए 11 उपचुनावों में सबसे कम मतदान दर्ज किया गया। डीएम ने बताया कि कैंट विधानसभा के कुल 28.77 फीसद ही मतदान हुआ है। 385072 वोटरों में से 110776 वोटरों ने ही मतदान किया है। मतलब कि 274296 वोटर अवकाश के बावजूद अपने घरों से निकले ही नहीं।

# भाजपा सरकार में कोई भी सुरक्षित नहींः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। कोई भी कहीं भी मारा जा सकता है। महिला उत्पीड़न सबसे ज्यादा है। निर्दोष एनकाउण्टर में मारे जा रहे हैं। लगता है पूरी व्यवस्था ध्वस्त है अन्यथा सम्मान और जीवन असुरक्षित क्यों होता। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के गृह विभाग की नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो ने दो वर्षों के बाद अपराध का जो ब्यौरा प्रकाशित किया है उसके अनुसार उत्तर प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में शीर्ष पर है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के देश भर में 359849 मामले दर्ज हुए जबकि उत्तर प्रदेश 56011 मामलों के साथ शीर्ष पर रहा। यूपी में अपहरण, बलात्कार के मामलों में भी वृद्धि हुई है। अखिलेश ने कहा कि स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का भारी संकट है। भाजपा राज में किसान और नौजवानों का कोई पुरसाहाल नहीं है। कर्ज और बेकारी से परेशानी में आत्महत्या का रास्ता ही उन्हें सूझता है। भाजपा नेतृत्व रामराज्य की बात तो करते है लेकिन यथार्थ में असहमति की कहीं भी आवाज उठती है तो उसे देशद्रोह मान लिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की कोई चर्चा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अब तक दो ही काम किए हैं। एक समाजवादी सरकार के कामों को अपना बताना और जनहित के दूसरे कामों को बर्बाद करना। भाजपा के काम के तरीकों से जनता का उस पर भरोसा नहीं रह गया है। लोकतंत्र का यह सबसे दुखद अध्याय है।

# डबल इंजन की सरकार से प्रदेश का हुआ चहुंमुखी विकासःभाजपा

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार के विकास कार्यो की 15 वें वित्त आयोग द्वारा की गई सराहना इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार से प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर कार्य हुआ है। 15 वें वित्त आयोग ने कई प्रदेशों के दौरे के बाद उत्तर प्रदेश के 3 दिवसीय दौरे के बाद जिस तरह सराहना की वह योगी सरकार के विकास कार्यों की प्रमाणिकता पर एक मजबूत मोहर है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने प्रदेश की विकास दर को बेहतर बताया तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तथा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता के लिए किये जा रहे कार्यों की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गतिशीलता एवं लोककल्याणकारी नीतियों के पारदर्शी क्रियान्वयन से सरकार की कार्यकुशलता एवं सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश प्रवक्ता ने वित्त आयोग के अध्यक्ष के द्वारा देश की पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लिए उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के योगदान को जरूरी बताया, जिसको लेकर विगत कई माह से योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा बन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की योजना, निर्यात को प्रोत्साहनए पर्यटन को बढ़ावा, उद्योगों का विकास, डिफेंस कारीडोर, कृषि क्षेत्र को समृद्ध किए जाने की दिशा में किये जा रहे कार्य अत्यन्त सराहनीय कदम है।

## परिसम्पत्तियों की जियोटैगिंग का कार्य तेजी से करें:सुजीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत यूपी को 19 हजार किमी. सड़कों के चयन का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को नवम्बर माह तक पूरा करने के लिए विभाग को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। इसके तहत ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जुड़े मार्गों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को गन्ना संस्थान के प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण व राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तृतीय चरण के सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान सीईओ सुजीत कुमार ने दी।

# 1.09 से 1.20 लाख प्रतिमाह पैकेज पर आईआईएम छात्रों को मिली नौकरी

● आईआईएम लखनऊ में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट 35वें बैच के 481 छात्र-छात्राओं को मिला मौका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय प्रबंध** संस्थान, लखनऊ के पीजी प्रोग्राम के 35वें बैच के स्टूडेंट्स को 1.09 लाख रुपए से लेकर 1.20 लाख रुपए के प्रतिमाह पैकेज पर नौकरी मिली है। कैम्पस परिसर में आयोजित प्लेसमेंट के दौरान सत्र 2019-2020 के दो वर्षीय पीजी प्रोग्राम के 481 स्टूडेंट्स को रिकार्ड प्लेसमेंट हासिल हुआ है।

इस साल सबसे ज्यादा प्लेसमेंट का रिकार्ड सेल्स एंड मार्केटिंग के सेक्टर में रहा है। जबकि बीते सालों में आईआईएम से ई-कॉमर्स के सेक्टर में स्टूडेंट्स की डिमांड में थी। आईआईएम में इस बार सबसे ज्यादा प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग के सेक्टर में कुल 25 प्रतिशत स्टूडेंट्स को जॉब मिली है। दूसरे नंबर पर स्ट्रैटजी एंड कंसल्टेंट सेक्टर में 24 प्रतिशत स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर हुआ हैं। जबकि फाइनेंस और ऑपरेशन एंड आईटी में 17 प्रतिशत स्टूडेंट्स को जॉब मिला हैं।

वहीं जनरल मैनेजमेंट में नौ प्रतिशत और ई-कॉमर्स में आठ प्रतिशत स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर हुई है। आईआईएमएल के मुताबिक इस बार एफएमसीजी, कन्ज्यूमर गुड, टेलीकॉम व डिजिटल मीडिया सेक्टर में इस बार 139 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर हुआ है।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लि0, निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से मुहरबन्द निविदा दो भागों में दिनांक- 19.11.2019 को समय 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 14:00 बजे सार्वजनिक रूप से उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, पैन एवं जी0एस0टी0 में पंजीकरण तथा अनुभव का विवरण होगा। निविदा के द्वितीय भाग में दरें तथा निविदा सम्बन्धी वाणिज्यिक विवरण देना होगा। निविदा की वैधता खुलने की तिथि से 120 दिन होगी। धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य, निविदा विवरण के सम्मुख अंकित हैं, जो सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पद नाम में देय/बन्धक होनी चाहिए। निविदा प्रपत्र मूल्य (अप्रतिदेय) के अनुसार नकद भुगतान कर निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व 17:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय तक प्राप्त कर खोली जायेंगी। ब्लैक लिस्टेड फर्मे एवं ऐसी फर्मे जिनके विरूद्ध कोई सतर्कता/सी0बी0आई0/पुलिस जॉच/विभाग द्वारा एफ0आई0आर0 की गई है/चार्जशीट योजित/न्यायालय में वाद लम्बित है, उनकी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी, साक्ष्य के रूप में नोटरी द्वारा जारी शपथ पत्र संलग्न करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को किसी या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। अन्य विवरण www.upptcl.org वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। डाउनलोडेड निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य की रसीद/ड्राफ्ट संलग्न करना होगा, जिसके अभाव में निविदा का द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी हेतु निविदा खुलने की तिथि तक वेबसाइट देखते रहें। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (1) **निविदा सं0-51/डब्लू/वि0पा0मं0(ब0)/2019-20** : विद्युत पारेषण खण्ड बदायूं के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी, विद्युत पारेषण उपखण्ड-तृतीय बदायूं हेतु चालक सहित 1 नग डीजल चालित वाहन (वर्ष 2017 या तत्पश्चात मॉडल) दिनांक 01.12.2019 से 9 माह की अवधि हेतु उपलब्ध कराने का कार्य (निविदा विशिष्टीकरण के अनुसार)। (धरोहर धनराशि रू0 2,000/-) (नि0प्र0 मूल्य रू0 224/-,12% जी0एस0टी0 सहित)। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, बरेली।** पत्रांक-1454 दिनांक- 22.10.2019 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें तथा बल्ब के स्थान पर एल0ई0डी0 प्रयोग करें"

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लि0, इ-निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से 'क' श्रेणी के अनुज्ञप्तिधारी, इ0एस0आई0सी0 एवं उ0प्र0 श्रम विभाग में पंजीकृत अनुभवी एवं कार्य में दक्ष निविदादाताओं से दो भागों में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इ-निविदा के प्रथम भाग में अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बरेली के पक्ष (चालू खाता सं0 10897666087, IFSC : SBIN0000615 भारतीय स्टेट बैंक, सिविल लाइन्स, बरेली) में निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण का यू0टी0आर0 सं0 तथा पे-स्लिप की प्रति, www.etender.up.nic.in Web Site पर निविदा प्रपत्रों के साथ स्व0 प्रमाणित, पैन, जी0एस0टी0, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, इ0एस0आई0सी0 एवं उ0प्र0 श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र, समान प्रकृति के कार्य के सफल सम्पादन का अनुभव प्रमाण पत्र व तत्सम्बन्धी अनुबन्ध की स्व प्रमाणित छायाप्रति, अर्हकारी शर्ते एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र तथा इ-निविदा के द्वितीय भाग में Excel Sheet पर मूल्य/दरें etender.up.nic.in Web Site पर दिनांक 07.11.2019 समय 17:00 बजे तक Up-Load की जानी है। इ-निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र, दिनांक 08.11.2019 समय 12:00 बजे के उपरान्त Down-Load किये जायेंगे। निविदाओं के प्रथम भाग में सम्पूर्ण वांछित प्रपत्रों के प्राप्त होने एवं उनके मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पायी गई निविदाओं के ही द्वितीय भाग को Down-Load किया जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्ते, निविदा प्रपत्र में अंकित हैं जो www.upptcl.org एवं www.etender.up.nic.in से Down-Load कर अवलोकित की जा सकती हैं परन्तु निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग www.etender.up.nic.in Web Site पर ही Up-Load किया जा सकेगा। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर Down-Load की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित कोई भी प्रपत्र, भौतिक रूप से कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जायेगा। ब्लैक लिस्टेड फर्मे एवं ऐसी फर्मे जिनके विरूद्ध कोई सतर्कता/सी0बी0आई0/पुलिस जाँच/विभाग द्वारा एफ0आई0आर0 की गई है/चार्जशीट योजित/न्यायालय में वाद लम्बित है, उनकी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी, साक्ष्य के रूप में नोटरी द्वारा जारी शपथ पत्र अपलोड करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी, अन्य संशोधनों एवं तिथि विस्तार आदि के सम्बन्ध में निविदा Up-Load करने के दिनांक/समय तक कृपया www.upptcl.org एवं www.etender.up.nic.in पर Log on करें : (1) **अल्पकालीन इ-निविदा सं0-50/डब्लू/वि0पा0मं0(ब0)/2019-20** : विद्युत 400 के0वी0 पारेषण उपकेन्द्र खण्ड बरेली के अन्तर्गत 400 के0वी0 उपकेन्द्र बरेली हेतु दोहना पारेषण उपकेन्द्र से 33 केवी सप्लाई लाइन के आंशिक भाग में ओवरहेड लाइन का विस्थापन एवं अण्डरग्राउण्ड 33 के0वी0 केबलिंग से सम्बन्धित समस्त कार्य। (निविदा विशिष्टीकरण के अनुसार)। (धरोहर धनराशि रू0 16,000/-) (नि0प्र0 मूल्य रू0 2,360/-, जी0एस0टी0 सहित)। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, बरेली।** पत्रांक- 1453 दिनांक- 22.10.2019 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें तथा बल्ब के स्थान पर एल0ई0डी0 प्रयोग करें"

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर।

संख्या 2280/जि0आ0अ0/दे0श0दु0-सेमरी चौराहा/दैनिक-व्यवस्थापन/सीतापुर दिनांक :- 22.10.2019

"विज्ञप्ति"

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कदाचार के कारण निलम्बित देशी मदिरा दुकान-सेमरी चौराहा (शाप आई0डी0-7271) का अन्तरिम व्यवस्थापन निलम्बन की अवधि के लिये दिनांक-22.10.2019 से 04.11.2019 तक न्यूनतम 14 दिवसों के लिये अथवा नियमित व्यवस्थापन होने तक, जो पहले हो, दैनिक आधार पर ऑफर मांग कर दिनांक 23.10.2019 को अपरान्ह 13:00 बजे किया जाना है। इसके लिये आवेदन/ऑफर दिनांक 23.10.2019 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 13:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर में जमा कर सकते हैं।

इच्छुक ऑफरदाता उक्त दुकान की लाइसेन्स फीस इत्यादि के सम्बन्ध में अन्य विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक तथा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

जिला आबकारी अधिकारी
सीतापुर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांक :- 2112/नि0अनु0न0पा0परि0(क0)/2019-20 दिनांक :- 16.10.2019

अल्प कालीन ई-निवदा सूचना

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश नगर विकास के शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20, सितम्बर 2019 एवं शासनादेश -संख्या 3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी0/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-05-2017 तथा निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय सेक्टर-7 गोमती नगर विस्तार उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक संख्या तक0 सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28 जून 2019 के क्रम में समस्त ठेकेदार/कान्ट्रेक्टर्स/बेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद कन्नौज द्वारा राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त/2 प्रतिशत अवस्थापना निधि/निकाय निधि से प्राप्त धनराशि से www.etender.up.nic.in पर निर्माण अनुभाग की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो निम्नलिखित निविदा समय शेडयूल के अनुसार होगी। जिसकी विस्तृत जानकारी निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है. तथा www.etender.up.nic.in भी देखी जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in)

| क्र0 सं0 | नगर पालिका | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | | |
| | | Tender Download | 22-10-2019 16:00 | 04-11-2019 13:00 |
| | | Bid submission | 22-10-2019 16:00 | 04-11-2019 13:00 |
| | Bid Opening | | 04-11-2019 15:00 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

# युवती का हत्यारा गिरफ्तार

**संवाददाता।** सरोजनीनगर



**सरोजनीनगर** इलाके में करीब सप्ताह भर पहले हत्या कर फेंके गए 45 वर्षीय रेखा के शव के मामले में पुलिस ने मंगलवार को इलाके से एक युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक के अलावा खून सना एक बांका और मृतका का दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। बताते चलें कि बीते बुधवार सुबह एक 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव सरोजनीनगर के अनौरा गांव स्थित टीएस मिश्रा अस्पताल के पास से कलिया खेड़ा की तरफ जाने वाली सड़क पर अस्पताल से करीब 400 मीटर दूर पड़ा मिला था। वहीं पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम होने पर शनिवार को शव लेकर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आलमबाग– दुबग्गा रोड स्थित पुराने पारा थाना स्थल के पास सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस के मुताबिक महिला के मोबाइल पर आई आखिरी कॉल के नंबर को सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस कर पता लगाया तो वह नंबर सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी शाहिद अली का निकला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बुधवार को उसे धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि शाहिद मूल रूप से गोंडा जिले का रहने वाला है और वह यहां काशीराम कॉलोनी में रहकर टैंपो चलाता है। हिरासत में लेकर पूछताछ में शाहिद ने बताया कि वर्ष 2017 में रेखा ने उसकी पत्नी को बरगला कर उससे संबंध विच्छेद करा दिया और उसे टेंपो चोरी के एक मामले में फंसा कर 3 माह की जेल करा दी थी। इन्हीं बातों को लेकर उसने उसे सबक सिखाने की ठान ली। उसने मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे बहाने से रेखा को फोन कर नादरगंज तिराहे पर बुलाया। बाद में उसे घर छोड़ने के बहाने अपनी बाइक पर बिठाकर सुनसान जगह देख उसने बहाने से बाइक रोकी और रेखा की हत्या कर दी और फरार हो गया।

# बाजारों, सर्राफा की दुकानों व शापिंग माल में बरती जाए विशेष सतर्कता

## ● डीजीपी ने धनतेरस व दीपावली सकुशल संपन्न करने के लिए दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**धनतेरस और** दीपावली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीजीपी ओपी सिंह ने पुलिस अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि विशेष रूप से बाजरों, सर्राफा की दुकानों, शापिंग माल और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इस संबंध में डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों, रेंज के आईजी, डीआईजी, जोन के एडीजी, आईजी और रेलवे पुलिस के अफसरों को परिपत्र जारी किया है। डीजीपी ने कहा है कि 25 अक्टूबर को धनतेरस और 27 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार मनाया जाएगा। त्यौहार के पूर्व बाजारों, सर्राफा की दुकानों, शापिंग मॉल तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में विशेषरूप से भीड़–भाड़ रहना स्वाभाविक है। अत: ऐसे अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाए। अपराधियों–असामाजिक तत्वों द्वारा भीड़–भाड़ वाले स्थानों में प्रवेश कर चोरी,लूट, स्नैचिंग आदि तथा ट्रेनों में जहरखुरानी, छिनैतीए चोरी आदि जैसी अपराधिक घटनाएं कारित करने में पूर्व में संलिप्त अपराधियों का गैंग चार्ट व गैंग नोट अपडेट कर लिया जाए। बीते पांच सालों में इस प्रकार की घटनाओं में प्रकाश में आए अभियुक्तों की वर्तमान गतिविधियों के विषय में गहनता से जानकारी कर कार्रवाई की जाए। स्थानीय स्तर पर व्यापारियों एवं उनके शिष्टमण्डल के साथ बैठकें कर उनकी समस्याओं का सुनकर परिस्थिति अनुरूप बाजारों की सुरक्षा के सम्बन्ध में योजना तैयार कर ली जाए।

# सीडीओ के निरीक्षण में सामने आयीं शौचालय निर्माण में अनियमितता

## ● ग्राम पंचायत मदारीपुर का मामला, सचिव व सफाई कर्मी निलंबित

**संवाददाता।** बख्शी का तालाब



**गांव की** नालियां कीचड़ से भरी बजबजा रही थी। स्वच्छ भारत मिशन की तहत बनाये जा रहे शौचालयो के काम अधूरे थे। शौचालयों में स्फ़टिक टैंक न बनाकर उसकी निकासी नालियों में बह रही थी। गांव में हर तरफ गंदगी और विकास कार्यों में भ्र्ष्टाचार ही बहता नजर आ रहा था। मंगलवार को जब मुख्य विकास अधिकारी मनीष बंसल लगातार मिल रही शिकायतों की जांच करने अचानक बीकेटी विकास खंड की ग्राम पंचायत मदारीपुर पंहुचे। उनके आने की खबर सुनकर बीडीओ अरुण कुमार सिंहए सचिव आलोक चौधरी एखंड शिक्षा अधिकारी सतीश त्रिपाठी गांव पंहुच गये। वह प्राथमिक विद्यालय पंहुचे जहां प्रधानाअध्यापक सत्य प्रकाश द्वेवेदी दो सहायक व शिक्षा मित्र सहित पांच अध्यापक तैनात है। मालूम हुआ कि दोनों शिक्षा मित्र बीएलओ डयूटी पर गये हैं। वही गांव के निरीक्षण के दौरान सचिव शौचालयों की जानकारी नहीं दे सके। खाता संख्या 6 के निरीक्षण पर पता चला कि ग्राम पंचायत को 297 शौचालयों का पैसा जिले द्वारा निर्गत किया जा चुका है। लेकिन खाते में अभी भी 1066975 रुपयों की रकम शेष बची है। गांव में शौचालय पूर्ण नही पाये गये। बल्कि उनकी गंदगी नलियों में बह रही थी। जिसको देखते हुये सीडीओ ने सचिव को निलंबित कर दिया। वहीं गांव में गंदगी के कारण सफाई कर्मी आशा चौरसिया को भी निलम्बित कर दिया।


कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**

**नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल, पहड़िया, वाराणसी**

पत्रांक–उ0नि0नि0 / वारा0(ई–निविदा) / 2019–660 दिनाँक–21.10.19

**ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड, वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत सम्पर्क मार्गों के मरम्मत / अनुरक्षण कार्य हेतु निविदायें मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़, प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से अलग–अगल तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनाँक 14.11.2019 को आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वैबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनाँक 06.11.2019 को प्रातः 10.00 से दिनाँक 13.11.2019 की सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदा दिनाँक 14.11.2019 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) | कार्य की अनु.लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनपद–वाराणसी | | | | | | |
| 1 | मण्डी समिति क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा नेहिया में गोसाईपुर मंगारी मार्ग पर नेहिया से हरिजन बस्ती तक। | 1770.00 | 151.44 | 15.15 | तीन माह | "ब" |
| | मण्डी समिति क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा नेहिया में डिह चितईपुर पर्सन का पुरा भवानीबारी खेतारी घोघरी मुरवी को संतृप्त करने का कार्य। | | | | | |
| | मण्डी समिति क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा नेहिया में रौनाबारी पटेल बस्ती मुसहर बस्ती को संतृप्त करने का कार्य। | | | | | |
| | अम्बेडकर ग्राम सभा नेहिया में खलिया ग्राम तक | | | | | |
| | चॉदमारी वीरापटटी मार्ग पर घनश्याम के पम्प से जमालापट्टी तक। अवशेष भाग | | | | | |
| 2 | बरबसपुर चौराहा पटेल बस्ती से सन्दहा तक। | 1770.00 | 51.58 | 5.15 | तीन माह | "ब" |
| | तरयाँ सारदा सहाय नहर से बरबसपुर पटेल बस्ती तक। | | | | | |
| 3 | उदयपुर मुर्दहा मार्ग से चन्दापुर हरिजन बस्ती का अवशेष भाग। | 1180.00 | 44.75 | 4.50 | तीन माह | "स" |
| | कैथोर पानी की टंकी से कोल्हुआ होते हुए मल्लाह बस्ती तक। | | | | | |
| 4 | बाबत पुर मार्ग से नवापुरा होते हुए भटपुरवा तक। | 1180.00 | 48.25 | 4.82 | तीन माह | "स" |
| 5 | मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम मंगारी मार्ग से राजपुर हरिजन बस्ती होते हुए मंगारी सिन्धौरा पिच रोड तक। | 1180.00 | 48.25 | 4.82 | तीन माह | "स" |
| 6 | मण्डी समिति वारणसी क्षे० सुसुवाही धौरहरा मार्ग से कुर्सिया तक। | 1770.00 | 62.12 | 6.21 | तीन माह | "ब" |
| | रमगढवा से खरगीपुर तक। | | | | | |
| | म0स0वा0क्षे0 उमरहा मार्ग से मिल्कीपुर ग्राम तक सम्पर्क मार्ग। | | | | | |
| 7 | मंगरहा से शहंशाहपुर का (अवशेष भाग) | 1180.00 | 45.01 | 4.50 | तीन माह | "स" |
| 8 | सम्पर्क मार्ग चौबेपुर मार्ग से बहादुरपुर तक | 1180.00 | 47.34 | 4.74 | तीन माह | "स" |
| | उम्दी से पलिया शम्भूपुर तक | | | | | |
| 9 | मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सम्पर्क मंगारी झझोर मार्ग से हरिजन बस्ती होते हुए कंचनपुर तक। | 1770.00 | 52.92 | 5.30 | तीन माह | "ब" |
| | मण्डी समिति वारा0क्षे0 मीरासाहब कठिराव मार्ग से मुस्लिम बस्ती होते हुए राजभर बस्ती तक। | | | | | |
| 10 | शिवपुर से दनियालपुर एवं कादीपुर सम्पर्क मार्ग। | 1770.00 | 55.86 | 5.60 | तीन माह | "ब" |
| | अम्बेडकर ग्राम सभा गौरा कलॉ में अहियापार भीटापार नवापुरा सम्पर्क मार्ग। | | | | | |
| 11 | सम्पर्क मार्ग विरापट्टी से खानपट्टी सम्भूपलिया मार्ग तक। | 1770.00 | 52.63 | 5.27 | तीन माह | "द" |
| 12 | आयर मार्ग पर भोहर ग्राम से अमरपटटी होते हुए चन्दापुर ग्राम तक। | 1770.00 | 52.10 | 5.21 | तीन माह | "द" |
| | कादीपुर मार्ग से मठिया। | | | | | |
| | गाजीपुर मार्ग से दुर्गवा रेलवे लाइन तक का अवशेष भाग | | | | | |
| 13 | वारणसी क्षे0 अदलपुरा रोड से चितईपुर ग्राम सभा हरिपुर प्रधान तक के मकान तक। | 1180.00 | 20.00 | 2.00 | तीन माह | "द" |
| 14 | सम्पर्क मार्ग रमैला से लुठाकला सम्पर्क मार्ग। | 1180.00 | 22.12 | 2.21 | तीन माह | "द" |
| 15 | मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा छाहि में सहजौरा व्यासपुर को संतृप्त करने का कार्य। | 590.00 | 11.39 | 1.13 | तीन माह | "द" |
| 16 | मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर छाही में अनुसूचित बस्ती नट बस्ती कलयानपुर तक को संतृप्त करने का कार्य। | 1180.00 | 19.19 | 1.92 | तीन माह | "द" |
| 17 | मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा गौरा कलॉ से सम्पर्क मार्ग प्रहलाद –पुर मार्ग का निर्माण तक | 1180.00 | 17.01 | 1.70 | तीन माह | "द" |
| 18 | मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम अमउत पिण्डरा मार्ग से अमउत मुख्य बस्ती तक। | 1180.00 | 18.32 | 1.83 | तीन माह | "द" |
| | बेलवा गेट से कतौरा | | | | | |
| 19 | वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत झाम की मढई से उक्थी। | 1180.00 | 28.57 | 2.85 | तीन माह | "द" |
| 20 | तालाकमना होते हुए पराना पट्टी तक (कमना मे चन्द्रशेखर सिंह के घर तक)। | 1180.00 | 26.99 | 2.70 | तीन माह | "द" |
| 21 | मिसरिपुर से डफरपुर फरिदपुर गाँव तक। | 1180.00 | 17.98 | 1.80 | तीन माह | "द" |
| 22 | वाराणसी आजमगढ मार्ग पर प्रा० पाठशाला उदयपुर से चन्दापुर। | 1180.00 | 28.58 | 2.85 | तीन माह | "द" |
| 23 | बाबतपुर चौबेपुर मार्ग से भोपापुर तक। | 1180.00 | 18.35 | 1.83 | तीन माह | "द" |
| | मण्डी समिति क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा बसनी मे दलित बस्ती खरका। | | | | | |
| 24 | मण्डी समिति क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सभा बीरधवलपुर में मुसहर बस्ती कुरमी बस्ती राजभर बस्ती। | 1180.00 | 19.00 | 1.90 | तीन माह | "द" |
| 25 | आजमगढ मार्ग से मझमिठिया पप्पू सिंह के घर तक। | 1180.00 | 24.72 | 2.47 | तीन माह | "द" |
| 26 | म0स0 वा० क्षे० गरथौली नहर से चरण का पुरा चौधरी चरण पुरा तक निर्माण कार्य। | 1180.00 | 31.99 | 3.20 | तीन माह | "द" |
| 27 | म0स0 समिति वा० क्षे0 पहड़िया नियार मार्ग से कटहरे ग्राम सभा के पी0सी0एफ गोदाम होते हुए गोसाईपुर मोहाव तक। | 1180.00 | 31.00 | 3.10 | तीन माह | "द" |
| 28 | कमौली चौराहे से सराय मोहना होते हुए कोटवां तक। | 1180.00 | 25.98 | 2.60 | तीन माह | "द" |
| 29 | उक्थी से नरायनपुर तक सम्पर्क मार्ग अवशेष भाग | 1180.00 | 38.01 | 3.80 | तीन माह | "द" |
| 30 | लोकापुर गोपालपुर मार्ग से टिकरीकला | 1180.00 | 22.02 | 2.20 | तीन माह | "द" |
| | कछवा कपसेटी मार्ग से मिल्कीपुर तक अवशेष भाग | | | | | |
| 31 | अम्बेडकर ग्राम सभा भवानीपुर नई बस्ती चिथरियापुर मुस्लिम बस्ती तक | 1180.00 | 43.71 | 4.38 | तीन माह | "स" |
| | कादीपुर से हरिजन बस्ती से उच्च बस्ती तक | | | | | |
| 32 | ग्राम वेदी पिच रोड से वेदी तक। | 1180.00 | 24.34 | 2.43 | तीन माह | "द" |
| 33 | साहूपुरी से घोरइया मन्नापुर सम्पर्क मार्ग अवशेष भाग | 1180.00 | 22.88 | 2.30 | तीन माह | "द" |
| 34 | सारनाथ में काशीकुष्ट सेवाआश्रम से सारनाथ मन्दिर तक। | 1180.00 | 32.71 | 3.27 | तीन माह | "द" |
| 35 | आजमगढ़ मार्ग से बनियापुर पुलिया से रजनेहिया। | 1180.00 | 29.74 | 2.98 | तीन माह | "द" |
| | डिहवा में सड़क से परउपुर तक (अवशेष भाग) | | | | | |
| 36 | चौबेपुर मोहाव मार्ग पर पण्डित दीनदयाल वन विभाग से गोदाम तक। | 1180.00 | 26.46 | 2.65 | तीन माह | "द" |
| 37 | धरसौना नियार मार्ग से हथियर। | 1180.00 | 24.77 | 2.50 | तीन माह | "द" |
| 38 | नरपतपुर नरायनपुर का (अवशेष भाग) | 1180.00 | 25.26 | 2.52 | तीन माह | "द" |
| | मण्डुआडीह चौमोहानी से भाषकर नगर होते हुए डी०एल0डब्लू तक। | | | | | |
| | अदलपुरा रोड से चितईपुर विश्वकर्मानगर होते हुए नासीरपुर गाँव तक। | | | | | |
| 39 | शिवदापुर से महेशपुर का (अवशेष भग) | 1180.00 | 19.91 | 2.00 | तीन माह | "द" |
| 40 | जी0टी0 रोड मुगलाबीर मार्ग से शीवरामपुर। | 1180.00 | 25.87 | 2.60 | तीन माह | "द" |
| 41 | मनियारी रामेश्वर मार्ग पर तेन्दुई से ओझावा बैरापुर होते हुए हाथी तेन्दुई मार्ग तक। | 1180.00 | 38.01 | 3.80 | तीन माह | "द" |
| 42 | भोजूबीर सिन्धौरा मार्ग पर अहिरौली मोढ से अनुसूचित बस्ती का (अवशेष भाग) सी0सी0 कार्य। | 1180.00 | 44.54 | 4.45 | तीन माह | "स" |
| | बड़ा गॉव कुवार मार्ग से देवचन्दपुर। | | | | | |
| 43 | मडवा से लालपुर का अवशेष भाग (मुन्शी प्रेमचन्द्र मार्ग रामलीला मैदान) का मरम्मत कार्य। | 1180.00 | 26.65 | 2.66 | तीन माह | "द" |

नोटः 1. निविदादाता निविदा शुल्क की धनराशि का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) उपनिदेशक (निर्माण) के खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पहडिया वाराणसी के खाता संख्या 30394555461 आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0002598 जो उपनिदेशक (निर्माण) के नाम आर0टी0जी0एस0 कराना होगा। निविदा की शुल्क की धनराशि नान रिफन्डेबल है एवं धरोहर धनराशि जमानत खाता संख्या 30394570557 आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0002598 जो उपनिदेशक (निर्माण) के नाम आर0टी0जी0एस0 कराना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा एवं अपलोड भी करना होगा। इसके अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी। 2. निविदा के साथ टी–6, टी–4 एवं टी–5 की फोटो प्रति नोटरी के द्वारा सत्यापित कर इसे अण्डर टेकिंग के साथ संलग्न करना होगा। 3. विभाग किसी भी निविदा को कोई कारण बताये बिना अस्वीकृत / निरस्त कर सकता है। 4. ऐसे निविदादाता जिनका आपराधिक रिकार्ड है, वह टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी नही कर सकेगें। 5. निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 की रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षरयुक्त संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के मूल्यांकन हेतु रू0 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर निर्धारित प्रपत्र पर शपथ पत्र आनलाईन एवं मूलरूप में देना अनिवार्य है। 7. एकल निविदा मान्य नहीं होगी। 8. फर्म को परिषद मुख्यालय द्वारा निर्धारित क्षमता के आधार पर निविदा मान्य होगी। 9. वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) नियमानुसार प्रभावी होगें।

**उपनिदेशक (निर्माण)**


## पांच तस्कर गिरफ्तार, 23 पिस्टल व मैग्जीन बरामद



**लखनऊ।** एसटीएफ ने अंतर्राज्यीय स्तर पर अवैध असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। गिरोह के सरगना सहित पांच तस्करों को एसटीएफ ने हरदोई से गिरफ्तार किया जबकि इनका एक साथी भाग निकलने में सफल रहा। पकड़े गए तस्करों के कब्जे से .32 बोर के 23 पिस्टल, 23 मैग्जीन व नकदी बरामद हुई है। गिरोह के सरगना ने खुलासा किया है कि मध्यप्रदेश से असलहे लाकर उन्हें उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में उनकी सप्लाई करता था। एसटीएफ को जानकारी मिली कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक गिरोह पिस्टलों की तस्करी कर रहा है। यह आजमगढ़ का संगठित गिरोह है जो अन्य प्रांतों से पिस्टलें मंगवाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता है। सौरभ इस गिरोह का सरगना है। सटीक सूचना मिली कि 21 अक्टूबर की रात गैंग लीडर अपने कुछ साथियों के साथ हरदोई की कोतवाली सण्डीला में असलहों की बड़ी खेप लेकर आएगा। इस पर हरदोई रेलवे स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। आजमगढ़ के पीठापुर पोस्ट बजुरी थाना अहिरोला के निवासी ब्रजेश यादव व रवि यादव को इनमें से चार पिस्टलें दी जानी थीं। एसटीएफ ने संडीला रेलवे स्टेशन के बाहर घेराबंदी करके आजमगढ़ के सौरभ यादव, केहर सिंह यादव, सद्दाम हुसैन और गौरव मिश्रा और मध्य प्रदेश के आकाश डाबर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 23 पिस्तौल, 23 मैग्जीन बरामद हुई हैं।

## जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत पर रिपोर्ट तलब

**लखनऊ(विधिसं)।** राजधानी के शंकरपुरवा स्थित ग्राम बहादुरपुरवा में नगर निगम व एलडीए की जमीनों पर किए जा रहे अवैध कब्जे के एक कथित मामले में दाखिल अर्जी पर अदालत ने थाना गुड़म्बा से रिपोर्ट तलब किया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट आरिफनिसामुद्दीन खान ने यह आदेश लक्ष्मीकांत सिंह की अर्जी पर दिया है। मामले की अगली सुनवाई दो नवंबर को होगी। अदालत में अर्जी पर वकील डॉ नूतन ठाकुर ने बहस की। उनका कहना था कि इंदिरानगर के खालिद सलीम खान द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए नगर निगम का 80 हजार व एलडीए के 56 हजार वर्गफीट जमीन पर अवैध कब्जा कर बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में नगर निगम व एलडीए कर्मचारियों की संलिप्तता की बात भी सामने आ रही है। लिहाजा इस मामले में एसओ गुड़म्बा को खालिद सलीम खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया जाए।

## संदिग्ध परिस्तिथियों में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र के निशातगंज का एक मामला सामने आया है। जहां मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्तिथियों में एक युवक का शव मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक महानगर थाना क्षेत्र के निशातगंज में राम सूरत तिवारी 40 का शव मिला है। बहराइच के मूल निवासी महानगर के न्यू हैदराबाद स्थित शनि देव मंदिर के सेवा दास थे। मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्तिथियों में राम सूरत तिवारी की मौत हो गई।

## बाइक सवार बदमाश ने युवती की चेन लूटी

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में स्थित आईआईएम रोड पर स्कूटी सवार युवती से बाइक सवार लुटेरे ने झपट्टा मारकर चेन लूट ली और मौके से फर्राटा भरते हुए फरार हो गये। शाइन सिटी निवासी जया राय के मुताबिक मंगलवार की दोपहर करीब 12.30 बजे वह भिठौली की ओर से घर की तरफलौट रही थी। तभी पीछे से काली बाइक से आए एक युवक ने झपट्टा मार कर उसकी चेन लूट ली। पीड़िता के मुताबिक आरोपित ने हेल्मेट पहन रखा था।

## सोशल मीडिया के दुरुपयोग में 176 एकाउंट ब्लाक, 32 एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव को भंग करने की चेष्टा करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। डीजीपी के निर्देश पर हो रही इस कार्रवाई में पिछले 72 घंटों में 176 सोशल मीडिया एकाउंट-पेज को ब्लाक कराया गया और 32 एफआईआर दर्ज की गयी हैं। जिसमें पिछले 24 घंटे में 28 सोशल मीडिया एकाउंट-पेज को ब्लॉक कराने की कार्रवाई की गयी है। वहीं लखीमपुर खीरीमें एक, कानपुर नगर में दो, बुलंदशहर में एक, बाराबंकी में एक, वाराणसी में एक, बांदा में एक एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

## अलग-अलग सड़क हादासो में मासूम समेत दो की मौत

**लखनऊ।** आशियाना के शहीद पथ गेट नम्बर दो के निकट सोमवार देर शाम तेज रफ्तार मिक्सर ट्रक ने तेलीबाग गल्ला मंडी निवासी दुर्गादीन की पांच वर्षीय बेटी पीहू की रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिस गाड़ी को कब्जे में लेकर रजिस्ट्रेशन के आधार पर चालक की तलाश कर रही है। वहीं ठाकुरगंज के लकडमंडी में डाला चालक मनीष (45) परिजनों संग रहता था। भाई लाल सिंह ने बताया कि बीती सोमवार देर रात मनीष किसी का सामान लेने के लिए दुबग्गा की तरफजा रहा था। तभी बालागंज चौराहे के आगे सामने से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी को बचाने में डाला अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई।

## नो वेंडिंग जोन में सब्जी मंडी लगने की शिकायत

**लखनऊ।** लोक मंगल दिवस पर महापौर से तकरोही निवासी ने अवैध मंडी हटाने की शिकायत की। नो वेंडिग जोन में अवैध मंडी लगने से दिक्कतें बढ़ गयी, जिसे हटाने की मांग की गयी। वहीं महापौर ने जोनल अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई का निर्देश दिया। चौथे मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने लोक मंगल दिवस पर जोन 7 और जोन 8 में जनता से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की। शिकायतों के निस्तारण कराने के लिए सक्षम अधिकारी को दिशा निर्देश दिए।

## जल्द ही नए ग्राहकों तक पहुंचेगी पीएनजी

**लखनऊ।** पाइप नैचुरल गैस (पीएनजी) जल्दी ही नए ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाएगी। नए ग्राहकों तक गैस पहुंचाने के लिए ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा पीएनजी पाइपलाइन डालने के काम की शुरूआात कराई जा चुकी है, जो जल्दी ही पूरा भी होने वाला है। आवेदन करने के तीन माह के अंदर उन्हें कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा। ग्रीन गैस द्वारा वर्तमान समय में गोमतीनगर के विनीत खंड, विराट खंड, विकल्प खंड, विराम खंड, अंसल गोल्फ सिटी में पीएनजी लाइन डालने के काम की शुरूआत कराने के साथ ही आमजनों से आवेदन भी लिए जा रहे हैं।

## रोडवेज के ढाई हजार चालक-परिचालक सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालकों-परिचालकों को मंगलवार को प्रबंध निदेशक डा. राजशेखर ने विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके लिए आलमबाग बस टर्मिनल पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सम्मानित होने वाले चालकों-परिचालकों के परिजन भी मौजूद रहे। लखनऊ परिक्षेत्र के 140 परिचालकों-चालकों के साथ ही पूरे प्रदेश के विभिन्न डिपो में तैनात कुल ढाई हजार कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# नमामि गंगे योजना: पीली ईंट से बनाया गया शौचालय का टैंक

संवाददाता। रायबरेली

**नमामि गंगे** योजना का निर्माण कार्य जजसे-जैसे समापन की ओर पहुंच रहा है वैसे-वैसे मानक विहीन निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। यहां तक कि कुछ कार्य अधिक सरकारी धन खर्च करने के लिए फर्जी कार्य कराए जा रहे हैं। डलमऊ कस्बे में स्थित संकटमोचन मंदिर के पास लगभग 5 वर्ष पूर्व शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया था। शौचालय का टैंक अभी क्षतिग्रस्त भी नहीं हुआ था लेकिन नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था के अधिकारियों ने शौचालय के टैंक के बगल में ही दूसरा पीली ईंटों से एक टैंक बना दिया है। इससे सरकारी धन की जमकर बर्बादी हो रही है। फिलहाल कस्बे वासियों ने कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की है, लेकिन अधिकारियों ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

इस संबंध में प्रोजेक्ट डायरेक्टर तनवीर ने बताया कि स्टील ग्रिल रेलिंग लगने में लगभग 40 दिन लग जाते हैं। तब तक घाटों पर लगे पेड़-पौधे एवं वीआईपी घास आवारा पशु चर डालते हैं, इसलिए जल्दी-जल्दी में लोहे की पाइपों की रेलिंग लगाई गई है। संकटमोचन घाट पर शौचालय का टैंक नई तकनीक से बनाया जा रहा है जो टैंक पहले से बना था वह पुरानी तकनीक से बनाया गया था।

### सीढ़ियों के निर्माण की मांग पर नहीं देते ध्यान

**नमामी गंगे** योजना के धरातल पर उतरने के बाद यहां के तीर्थ पुरोहितों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

लगभग पांच करोड़ की धनराशि खर्चा न हो पाने की स्थिति में भी स्नान हेतु सीढियों के निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर नमामि गंगे योजना के अधिकारियों ने अधिकतर घाटों पर 6 फुट ऊंची दीवार खड़ी कर दी जिससे उन घाटों पर स्नान संभव नहीं होता और घाटों का स्वामित्व रखने वाले तीर्थ पुरोहित अपनी फरियाद किससे करें। न कोई सुनने वाला न ही कोई इस पर कार्यवाही करने वाला है।

कुछ समय पूर्व जिले के नोडल अधिकारी रहे नवनीत सहगल से तीर्थ पुरोहितों ने अपनी पीड़ा बताई जिसपर उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था के अधिकारी मोहम्मद तनवीर को कार्य करने का निर्देश दिया था। लेकिन आश्वासन के बाद भी आज तक सीढ़ियों के निर्माण को लेकर नमामि गंगे योजना की अधिकारियों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया।

# अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ने पॉलिथीन के खिलाफ चलाया अभियान



**बछरावां रायबरेली** पर्यावरण और आम जनमानस से लेकर पशुओं तक के नुकसान को लेकर प्रदेश सरकार ने पूर्णतया पॉलिथीन प्रतिबंध किया। वहीं शासन की मंशा के अनुरूप छुटभैया दुकानदारों, फल, सब्जी विक्रेताओं, और व्यापारियों के द्वारा पॉलिथीन की बिक्री को पूर्णतया बंद कराने के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी व वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा ने नगर पंचायत के कर्मचारियों व पुलिस बल की मौजूदगी में आज महाराजगंज रोड, शिवगढ़ रोड, लालगंज रोड, बाजार में सघन जांच चलाकर लगभग 10 किलो पॉलिथीन जप्त किया और 17 फल और सब्जी के दुकानदारों को प्रतिबंध के बावजूद पॉलिथीन रखने पर 31000 रुपए का जुर्माना लगाया गया जिससे पॉलीथिन के प्रयोग और बिक्री पर प्रतिबंध लग सके। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी का यह अभियान नगर में पालिथीन पर प्रतिबंध के लिए कारगर साबित होगा। वही इस पॉलिथीन जप्त अभियान के बारे में जानकारी ली गई तो बताया की दो बार तक तो जुर्माना किया जाएगा। उसके बाद अगर कोई भी दुकानदार बिक्री करते हुए या सामान देते हुए पाया जाएगा तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# प्रियंका गांधी ने तीन दिवसीय कार्यशाला का किया उद्घाटन



**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपने तीन दिवसीय दौरे पर आज रायबरेली पहुंची। इसके बाद उन्होंने बछरावां के चुरुआ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया, फिर भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचकर तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। दरअसल, भुएमऊ गेस्ट हाउस में कांग्रेस की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रियंका गांधी ने किया, आपको बता दें कि इस कार्यशाला में प्रियंका गांधी नई कार्यकारिणी के सदस्य भाग ले रहे हैं। रायबरेली आते समय उत्तर प्रदेश प्रमारी महासचिव श्रीमति प्रियंका गांधी जी ने चूरूआ हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया साथ जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी आर के सिंह राकेश सिंह राना लाल आश किरण प्रताप सिंह आदि कांग्रेसी जनकांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपने तीन दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंची। इसके बाद उन्होंने बछरावां के चुरुआ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया, फिर भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचकर तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। दरअसल, भुएमऊ गेस्ट हाउस में कांग्रेस की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

## बछरावां में प्रियंका गांधी का हुआ स्वागत

**बछरावां रायबरेली।** कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लखनऊ जाते समय माननीय प्रियंका गांधी राष्ट्रीय महासचिव संगठन प्रभारी का बछरावां चौराहे पर ब्लाक अध्यक्ष भव्य स्वागत ढोल बाजा व फूल माला व बुके देकर किया गया। माननीय प्रियंका गांधी सड़क पर उतर कर लोगों से मिली ।

## अद्वितीय चित्रांश महासभा की बैठक आयोजित

**रायबरेली।** अद्वितीय चित्रांश महासभा द्वारा डॉ विजय श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को कलम पूजन एवं तीन 30 अक्टूबर को बुधवार गत वर्षों की तरह भगवान चित्रगुप्त की शोभा यात्रा का भव्य आयोजन के संदर्भ में बैठक में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने की। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव कमल श्रीवास्तव ने बताया कि 29 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे पूजन एवं 30 अक्टूबर को शाम 5:00 बजे भगवान जी की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में लोगों के लिए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दिशा सूचक किया गया है। कोषाध्यक्ष श्रीवास्तव ने बताया कि हाथी, घोड़ा, बैंड एवं आकर्षक झांकियों व द्वार की तैयारियां कर ली गई है।

# अनियमितताएं मिलने पर संगम स्वीट्स व सागर स्वीट्स सील

संवाददाता। रायबरेली

**दीपावली के** मद्देनजर खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त जिला प्रशासन की गाज गिरनी शुरू हो गई है। मंगलवार को हुई छापेमारी के दौरान शहर के नामचीन होटल एसडीएम के निशान पर रहे। अपनी जांच पड़ताल में खोया मंडी के संगम स्वीट्स और मंशा देवी मंदिर के पास सागर स्वीट्स को अनियमितताओं पर सील कर उपजिलाधिकारी ने छुटभैय्ए मिलावटखोरों को कड़ा संदेश दिया है। साथ ही प्रशासन की इस कार्रवाई से शहर के अन्दर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग से मिलकर हो रही मानकों की अनदेखी भी बेनकाब हुई है। विवरण के अनुसार मंगलवार की सुबह उपजिलाधिकारी सदर शशांक त्रिपाठी ने मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान की शुरुआत शहर के खोया मंडी से की। यहां उन्होंने सबसे पहले संगम स्वीट्स में खोया और मिठाइयों की जांच पड़ताल की। उसके बाद नाप-तौल से संबंधित उपकरण देखे। जांच के दौरान होटल में बड़े पैमाने पर गंदगी, मिलावटी खोया और पॉलिथीन का उपयोग मिलने पर गोदाम को तत्काल प्रभाव रुप से सील किया गया है। इसके अलावा लगभग एक कुंतल खोया जिसमें कीड़े बजबजा रहे थे उसको नष्ट करने की कार्रवाई भी हुई। एसडीएम के अनुसार मापबांट विभाग की जांच में संगम स्वीट्स में नाप तौल के उपकरण मानक पर खरे नहीं थे। अभिलेखीय जांच में होटल के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं मिला। चीनी को चमकदार करने के लिए केमिकल का इस्तेमाल करने की बात सामने आई है। साथ ही ईंधन के रूप में डीजल का अनाधिकृत उपयोग भी हो रहा था। दूसरी तरफरेलवे स्टेशन रोड पर स्थित सागर स्वीट्स की तस्वीर भी संगम स्वीट्स जैसी मिलती-जुलती रही। यहां मिलावटी खोया लगभग 7 कुंतल नष्ट कराया गया। साथ ही ईंधन के रूप में घरेलू गैस का उपयोग करने पर जिला प्रशासन ने कार्यवाही शुरू की है। प्रशासनिक जांच में उक्त दोनों होटल पर फायर सिक्युरिटी का कोई इंतजाम नहीं था। जिस पर एसडीएम ने होटल संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए यथास्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया है। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट युगराज सिंह के साथ ही खाद्य सुरक्षा, जिला पूर्ति और माप बांट विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। फोन पर बातचीत में एसडीएम ने बताया कि उक्त अनियमितताओं की विभागवार रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। आख्या मिलते ही जिलाधिकारी को कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांक :– 2159 के0जे0 / जलकलअनु0 / 2019–20 दिनांक :–21–10–2019

## अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त आपूर्तिकर्ताओं एवं पाइप लाइन विछाये जाने वाली फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की संस्तुतियों के अधीन नगरीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2019–20 में स्वीकृत धनरा. शि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद कन्नौज द्वारा पेयजल व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने हेतु जलापूर्ति से सन्यन्धित पाइप लाइन विस्तार किये जाने हेतु दिनांक 31–10–2019 को समय 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाए आमंत्रित की जाती है, निविदाओं की बिक्री दिनांक 30–10–2019 को कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज में समय 5:00 बजे तक जलकल अनुभाग में की जायेगी। पाइप लाइन से सम्बन्धित कार्य करने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों/फर्मों निर्धारित तिथि के अन्तर्गत नियम व शर्तों के अधीन निम्न कार्यों हेतु सहभागिता कर सकतें है। निविदाए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। धरोहर धनराशि बैक ड्राफ्ट/टीडीआर/एन०एस०सी० आदि के रूप में प्राप्त की जायेगी जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक होगी। अपरिहार्य कारणों वश नगद भी जमा की जा सकती है। निविदा डालने के दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदाए अगली तिथि को डाली व खोली जायेगी, जिसकी सूचना नगर पालिका परिषद कन्नौज की वेबसाइड nppkannauj.in पर भी देखी जा सकती है। विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित निर्माण कार्य | आगणन धनॉक लाख में | 2% अरनेस्ट–मनी | निविदा मूल्य जी.एस. टी. 18% | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सरायमीरा श्री संजीव कुमार मिश्रा के घर से श्री श्याम प्रताप सिंह के घर तक 90 एम०एम० पी०वी० सी० पाइप लाइन 245 मीटर का विस्तार कार्य। | 1.85 | 3700 | 236 | 01 माह |
| 2 | मो० अकबरपुर सरायघाध में श्री जितेन्द्र कुमार के घर से श्री आलोक दुबे के मकान तक 85 मीटर 63 एम० एम० पी०वी०सी० पाइप लाइन का विस्तार कार्य। | 0.79 | 1580 | 118 | 01 माह |
| 3 | मो० दीदारगंज में पण्डित श्री रामऔतार शर्मा के मकान से भूड़ा मन्दिर तक 90 एम०एम० पी०वी०सी० पाइप लाइन 384 मीटर विस्तार कार्य। | 3.43 | 6860 | 420 | 01 माह |
| 4 | मो० गदनपुर बड़डू में श्री पप्पू कुशवाहा के घर से बागदेवी मन्दिर व श्री राम प्रकाश दुबे के घर तक 90 एम०एम० पी०वी०सी० पाइप लाइन 155 मीटर का विस्तार कार्य। | 1.78 | 3560 | 236 | 01 माह |
| 5 | मो० हरीनगर में श्री एम०सी० गुप्ता के मकान से श्री भूखे हलवाई के मकान तक 90 एम०एम० पी०वी०सी० पाइप लाइन 75 मीटर विछाये जाने का विस्तार कार्य। | 1.32 | 2640 | 236 | 01 माह |
| 6 | मो० यूसुफपुर भगवान मील कालोनी श्री संजय मौर्या के मकान से श्री विजय सैनी के मकान तक 90 एम०एम० पी०वी०सी० पाइप लाइन 175 मीटर विछाये जाने का विस्तार कार्य। | 0.53 | 1060 | 118 | 01 माह |

**नियम / शर्तें**

1. निविदायें निम्नलिखित स्थानों पर बिक्री व प्राप्त की जायेगी।
(क) कार्यालय अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद कन्नौज।
2. जो भी अधिकृत पाइप लाइन लाइन से सम्बन्धित कार्य करने वाले ठेकेदार/फर्म जो आपूर्ति का कार्य करना चाहेगा उसे स्वतः घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटिरी द्वारा सत्यापित करा कर देना होगा। घोषणा पत्र का प्रारूप नगर पालिका से प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा के साथ–साथ 2 प्रतिशत अरर्नेस्टमनी के रूप में देय एन० एस० सी० एवं एफ०डी०आर० जमा करना अनिवार्य होगा। जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद कन्नौज के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य होगा। अपरिहार्य परिस्थिति में अरर्नेस्ट मनी नकद भी जमा की जा सकती है।
4. अरर्नेस्टमनी के बिना निविदा मान्य नहीं होगी।
5. निविदा फार्म क्रय करते समय बिक्री की गयी निविदा का मूल्य किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
7. निविदा फार्म क्रय करने के बाद उसका मूल्य वापस नहीं होगा।
8. यदि यह बात संज्ञान में आएगी कि अधिकृत आपूर्तिकर्ता/थोक विक्रेता माफिया, असामाजिक संगठनों तथा अपराध में सलिप्त है, तो आपूर्ति आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
9. उक्त अल्प कालीन निविदा एन0आई0सी0 के वेवसाइट पर भी उपलब्ध होगी।
10. विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
11. फर्म/ठेकेदार जो स्थानीय जी0एस0टी0 नम्बर, पैन नम्बर और पिछले वित्तीय वर्ष की बैलेन्स सीट का पूरा प्रमाण पत्र दाखिल करना अनिवार्य है।
12. शासनादेश संख्या 962/नौ–9–2017/81ज/17 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 17 अक्टूबर, 2017 में दिये गये निर्देश के क्रम में फर्म द्वारा जी०एस०टी का भुगतान किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कन्नौज**

# सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम




संवाददाता। शिवगढ़(रायबरेली)

**शिवगढ़ थाना** क्षेत्र के बांदा - बहराइच हाईवे पर स्थित अल्पी खेड़ा गांव के पास सड़क हादसे में घायल युवक की मौत से गांव में कोहराम मच गया। युवक के मासूम बच्चों एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अल्पी खेड़ा मजरे रानी खेड़ा गांव के रहने वाले रामनरेश (35) पुत्र बसंत रविवार की शाम बांदा बहराइच हाईवे पर स्थित नर्बिला पुल के पास शौच के लिए आए थे। जो शौच के बाद पैदल वापस घर के लिए जा रहे थे, तभी अल्पी खेड़ा गांव के पास शिवगढ़ से बछरावां की ओर जा रही तेज रफ्तार बाइक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया, जहां पर युवक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से युवक की पत्नी उर्मिला व तीन मासूम बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

# श्रमिक कल्याण सहायता एवं जागरूकता शिविर की सभी व्यवस्थाएं अधिकारी रखे दुरुस्त: डीएम



**रायबरेली।** मंत्री श्रम, सेवायोजना एवं समन्वय विभाग उप्र स्वामी प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर को पूर्वान्ह 12:00 बजे डा0 अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऊंचाहार रायबरेली के प्रांगण में श्रमिक कल्याण सहायता एवं जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जनपद के प्रभारीमंत्री दिनेश शर्मा अपरान्ह 03:10 बजे हेलीपैड, डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय पीजी कालेज ऊंचाहार में, 03:20 बजे से 04:30 बजे तक श्रमिक कल्याण सहायता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होगें। विशिष्ठ अतिथि ग्राम विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फमोती सिंह एवं दिनेश प्रताप सिंह एमएलसी का उपस्थित होना नियत है।

# कार्यालय–उप निदेशक (निर्माण)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
### नवीन मण्डी स्थल, शाहजहाँपुर रोड, सीतापुर

Mail ID- ddcsitapur@gmail.com, Phone No.-05862-223726

पत्रांक नि0ख0सी0 / ई–टेण्डर पत्रा0 / 2019–400 दिनांक–22.10.2019

## ई–टेण्डरिंग अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

मण्डी परिषद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो की ई–निविदाएं E-Tender के माध्यम से मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ ठेकेदारों से दिनांक 15.11.2019 को आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है। E-Tendering के माध्यम से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.10.2019 को सुबह 10.00 बजे से दिनांक 15.11.2018 की सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदा दिनांक 16.11.2019 को अपरान्ह 01.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा मूल्य (18% GST सहित) (रू0 में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| अ– मण्डी समिति सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत सम्पर्क मार्गो की मरम्मत का कार्य। | | | | | | |
| 1 | धौरेमऊ से कैमहरा तक | 25.30 | 2.55 | 02 माह | 1180.00 | "द" |
| 2 | अम्बेडकर ग्राम सम्पर्क मार्ग मलिहाबाद चौराहा से पकरिया धापूपुर, गंगापुर तक | 49.01 | 4.95 | 02 माह | 1180.00 | "स" |
| ब– मण्डी समिति बिसवां क्षेत्रान्तर्गत सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | | | | | | |
| 1 | नकारा से मझिगवां नसीरपुर होते हुए बन्नी खरैला | 4.13 | 4.15 | 02 माह | 1180.00 | "द" |
| स– मण्डी समिति हरगांव क्षेत्रान्तर्गत सम्पर्क मार्गों की मरम्मत का कार्य। | | | | | | |
| 1 | गांधी ग्राम लहरपुर भदफर मार्ग से बिलरिया | 14.98 | 1.50 | 02 माह | 590.00 | "द" |
| 2 | सम्पर्क मार्ग मूड़ीखेड़ा मार्ग से गदापुर तक का निर्माण कार्य। | 4.68 | 4.70 | 02 माह | 1180.00 | "द" |

**नियम एवं शर्तें:–**

1. बिड डाक्यूमेण्ट आनलाइन https://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.10.2019 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 15.11.2019 की सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदा (बिड आनलाइन https://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा। आनलाइन निविदाएं डालने की अन्तिम दिनांक 15.11.2019 एवं समय 05:00 बजे तक रहेगी।
2. टेक्निकल बिड पार्ट–1 दिनांक 16.11.2019 को पूर्वान्ह 01:00 बजे उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, सीतापुर के कार्यालय में खोली जायेगी।
3. आनलाइन निविदा डालने हेतु निविदादाताओं के पास किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथॉरिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना तथा https://etender.up.nic.in वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
4. निविदा का मूल्य RTGS/NEFT के माध्यम से खाता संख्या 30394524704 एवं धरोहर धनराशि की धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से खाता संख्या 30394524828 में भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा सीतापुर IFSC Code SBIN0000720 में सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा जमा कराना अनिवार्य होगा। जमा धनराशि की रसीद पोर्टल पर निविदा के साथ अपलोड करना होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार का होगा।
5. निविदादाता द्वारा समस्त निर्धारित प्रपत्र कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद सीतापुर को दिनांक 15.11.2019 को सायं 05:00 बजे से पूर्व प्राप्त नहीं होते है तो भी पोर्टल पर प्राप्त निविदाओं को शासनादेश संख्या 3070/78– 2–2018–42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03 जनवरी, 2018 पर अंकित शर्तानुसार खोली जायेगी।
6. उपरोक्त निविदाओं की वांछित धरोहर धनराशि के सापेक्ष अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के निविदादाताओं को पंजीकरण नियमावली के नियम–18 के अनुसार धरोहर धनराशि मान्य होगी।
7. उपनिदेशक (निर्माण) को एक या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
8. यदि निविदा की दर 10% तक कम 0.50% दर पर प्रति 1% कम दर पर तथा 10% से अधिक दर पर 1% प्रति 1% कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉरमेन्स गारण्टी अतिरिक्त ली जायेगी।
9. निविदादाता के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 की रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षरयुक्त संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. ऐसे निविदादाता जिनका आपराधिक रिकार्ड है, वह टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेगें।
11. कार्य के चालू देयकों से भवन और अन्य सन्निनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1696 की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत 01 प्रतिशत श्रम सेस की कटौती की जायेगी। तथा सम्बन्धित ठेकेदार को अनुबन्ध गठन के 15 दिवसों के अन्दर श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
12. निर्माणकर्ता ठेकेदार का निर्माण कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि से 03 वर्ष तक बिना किसी अतिरिक्त अदायगी के उपरोक्त कार्यों की अनुरक्षण की जिम्मेदारी होगी तथा उपरोक्त कार्यो हेतु जमा धरोहर धनराशि का 05 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की तिथि से 06 माह बाद अथवा 01 वर्षा ऋतु इनमे से जो भी बाद में हो के उपरान्त एवं शेष 05 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की तिथि से 03 वर्ष बाद कार्य संतोषजनक होने पर अवमुक्त की जायेगी।
13. ठेकेदार/फर्म द्वारा मैक्सफॉल्ट का क्रय रिफाइनरी/डिपों से स्वयं ही की जायेगी, जिसका बिल भुगतान के समय प्रस्तुत करना होगा।
14. ठेकेदार/फर्म को आवंटित GSTN नं0 देना अनिवार्य होगा।
15. कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्य को सम्बन्धित मण्डी समिति को हस्तगत करने की जिम्मेदारी सम्बन्धित अनुबन्धकर्ता की होगी।

**उपनिदेशक (निर्माण)**
**मण्डी परिषद, सीतापुर**

# एलएलएम छात्रा की जमानत याचिका पर एसआईटी, चिन्मयानंद से जवाब तलब



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने फिरौती के एक मामले में आरोपी शाहजहांपुर की एलएलएम की छात्रा की जमानत याचिका पर एसआईटी और स्वामी चिन्मयानंद के वकीलों से अपना जवाब दाखिल करने को मंगलवार को कहा। छात्रा की जमानत याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने पारित किया। एसआईटी ने स्वामी चिन्मयानंद की शिकायत पर छात्रा और उसके तीन मित्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। स्वामी चिन्मयानंद ने शिकायत की थी कि इन आरोपियों ने उनसे पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी और रकम नहीं देने पर आपत्तिजनक वीडियो जारी करने की धमकी दी थी। छात्रा के वकील ने दलील दी कि छात्रा यौन शोषण की शिकार है और उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप मनगढ़ंत हैं। हालांकि, छात्रा की जमानत याचिका का राज्य सरकार और स्वामी चिन्मयानंद के वकीलों ने इस आधार पर विरोध किया कि छात्रा मुख्य आरोपी है और उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। इसलिए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए उन्हें कुछ वक्त दी जानी चाहिए।अदालत ने संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एसआईटी और स्वामी चिन्मयानंद के वकीलों को दो सप्ताह का समय दिया और सुनवाई की अगली तारीख छह नवंबर तय की। इस बीच, एसआईटी ने स्वामी चिन्मयानंद मामले में मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपनी स्थिति रिपोर्ट पेश की जिसे अदालत ने देखा और अगली तारीख 28 नवंबर तय करते हुए एसआईटी को उस तारीख तक अगली रिपोर्ट पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने निर्देश दिया कि यदि एसआईटी को फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट अगली तारीख तक मिल जाती है तो वह उसे भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत करे। यह रिपोर्ट टेलीफोन वार्ता में आवाज की पहचान के लिए आवश्यक है।

## गुंडा कानून लगाए जाने की अर्जी खारिज

**शाहजहांपुर।** स्वामी चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने के आरोपियों पर गुंडा कानून लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत ने खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय में स्वामी चिन्मयानंद की अधिवक्ता पूजा सिंह ने मंगलवार को भाषा को बताया कि सीजेएम ओमवीर सिंह की अदालत में अर्जी दी गई थी कि रंगदारी के आरोपियों पर गुंडा कानून के तहत सुनवाई की जाए। लेकिन अदालत ने यह कहते हुए अर्जी खारिज कर दी कि यह उसके अधिकार क्षेत्र के बाहर है, और इस संबंध में सुनवाई सक्षम अदालत में ही हो सकती है। सिंह ने बताया कि उन्होंने आज प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), प्रमुख सचिव गृह समेत विभिन्न अधिकारियों को पत्र भेजकर स्वामी चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने की आरोपी छात्रा समेत संजय, विक्रम और सचिन तथाा छात्रा के पिता और माता पर भी गुंडा कानून के तहत मामला दर्ज कर कार्वाई करने की मांग की है। पत्र में अधिवक्ता सिंह ने कहा है कि इन लोगों ने गिरोह बनाकर स्वामी चिन्मयानंद को ब्लैकमेल किया और उनसे पांच करोड़ रुपए रंगदारी की मांग की। ऐसे में इन सभी के खिलाफ गुंड़ा कानून के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। यही पत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) के मुखिया को भी भेजा गया है।वहीं दूसरी ओर एसआईटी ने आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 28 नवंबर की तय कर दी है। गौरतलब है कि स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में कानून की छात्रा ने 24 अगस्त को एक वीडियो वायरल करके स्वामी चिन्मयानंद पर बलात्कार और यौन शोषण जैसे आरोप लगाए थे। इसके बाद स्वामी चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह ने उनके मुव्वकिल के मोबाइल फोन पर आए संदेशों का हवाला देते हुए पांच करोड़ रुपए रंगदारी मांगने का मामला यहां शहर कोतवाली में दर्ज कराया। एसआईटी ने पूरे मामले की जांच की और स्वामी चिन्मयानंद को यौन शोषण के मामले में और पीड़ति छात्रा समेत संजय, विक्रम, सचिन को स्वामी चिन्मयानंद से पांच करोड़ रुपए रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया। सभी फिलहाल जेल में हैं।

## सैटेलाइट से पकड़ में आए पराली जलाते 49 किसान

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में कृषि विभाग को चार दर्जन से अधिक किसानों द्वारा अगली फसल की बुवाई के लिए खेत तैयार करने से पहले पराली जलाए जाने की जानकारी मिली है। इनमें से कुछ किसानों को नोटिस जारी किया गया है। कृषि अधिकारी ने बताया कि उच्च तकनीकि सहायता से यह पता चला है कि ए किसान अपने खेतों में मौजूद पराली जलाकर नष्ट करने का प्रयास करने के दोषी हैं। इसलिए उनके खिलाफ नोटिस जारी कर कार्यवाही की जा रही है। पहले चरण में आठ किसानों को चिह्नित कर नोटिस जारी कर दिए गए है और शेष के खिलाफ भी जल्द कार्यवाही की जाएगी। जिले के उप कृषि निदेशक (प्रसार) धुरेंद्र कुमार ने बताया, प्रदूषण नियंत्रण करने को लेकर अब पराली जलाने वाले सैटेलाइट की मदद से चिह्नित किए जा रहे हैं। लखनऊ स्थित सैटेलाइट से मिल रही सूचनाओं के बाद कार्वाई स्थानीय स्तर पर की जानी है। जिले में एक लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके में धान की फसल रोपी गई थी। धान की कुटाई कराने के बाद गांवों में धड़ल्ले से पराली जलाई जा रही है।

## गोमांस बेचे जाने की शिकायत पर छापेमारी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में श्रीकृष्ण जन्मस्थान से कुछ सौ मीटर की दूरी पर कथित गोमांस की बिक्री की शिकायत मिलने पर रविवार शाम से सोमवार सुबह तक मनोहरपुरा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और एक मकान से 10 किलो संदिग्ध मांस बरामद कर जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कई स्थानों से मांस कटाई के औजार भी बरामद किए गए हैं तथा अवैध रूप से मांस का कटान कर रहे दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इसके बाद मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र में अभियान जारी रखते हुए छाता कस्बे में अवैध रूप से संचालित की जा रहीं मीट की चार दुकानों को बंद कराया गया है और चार को सील कर दिया गया है। इसके अलावा मथुरा शहर के खटीक मोहल्ला एवं मछली मण्डी क्षेत्र में खुले में मीट की बिक्री होती देख उन दुकानों को बंद करा दिया गया।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 24/वि.जा.पा.ख.–द्वि0/ल0/2019–20 का प्रकाशन** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु पृथक–पृथक ई–निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में टेक्नीकल बिड में निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य की धनराशि, धरोहर धनराशि (आर.टी.जी.एस. के रूप में) निर्धारित Pre-Qualification के अनुसार तत्सम कार्यो के प्रमाण पत्र की प्रतियां, वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित प्रपत्रों की प्रतियां, पैन कार्ड की छायाप्रति, जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या, लेबर सेस रजिस्ट्रेशन, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र में दी गयी तकनीकी एवं व्यवसायिक शर्तो में विचलन (Deviation यदि कोई हो) का विस्तृत विवरण, फर्म के पास उपलब्ध तकनीकी कार्मिकों, मशीनरी (Tools & Plants) की सूची एवं दरों को छोड़कर अन्य विवरण (यदि ठेकेदार देना चाहें) तथा निविदा हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति के नाम सम्बन्धित फर्म के प्रबन्ध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित मूल Power of attorney आवश्यक Notary Affidavit के साथ स्कैन प्रति तथा द्वितीय भाग में फाइनेन्सियल बिड में पात्र निविदित दरों का विवरण होगा) सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों से इलेक्ट्रानिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **1.** 220 के0वी0 उपकेन्द्र, बछरावां, रायबरेली पर 01 नग 10 एम0वी0ए0आर0 कैपिसिटर बैंक का निर्माण कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 44,000.00 मात्र, कार्यावधि 45 दिन, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 2,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त) **2.** 132 के0वी0 उपकेन्द्र, अमावां, रायबरेली पर 02 नग 10 एम0वी0ए0आर0 कैपिसिटर बैंक का निर्माण कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 88,000.00 मात्र, कार्यावधि 2 माह, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 4,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त) **3.** 132 के0वी0 उपकेन्द्र, सरैनी, रायबरेली पर 01 नग 10 एम0वी0ए0आर0 कैपिसिटर बैंक का निर्माण कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 42,000.00 मात्र, कार्यावधि 45 दिन, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 2,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त) **4.** 132 के0वी0 उपकेन्द्र, बलरामपुर पर उपखण्ड अधिकारी (पारेषण) के आवास टाइप –चतुर्थ हेतु संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 2,000.00 मात्र, कार्यावधि 1 माह, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 500.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)। **5.** 220 के0वी0 उपकेन्द्र, गोण्डा पर 2 नग 160 से 2 नग 220 एम0वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना से संबंधित जानपदीय निर्माण कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 50,000.00 मात्र, कार्यावधि 2 माह, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 2,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)। **6.** 220 के0वी0 उपकेन्द्र, टिकोरा मोड, बहराइच पर 1 नग 40 एम0वी0ए0 कैपिसिटर बैंक का निर्माण कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 75,000.00 मात्र, कार्यावधि 3 माह, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 2,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)। **7.** 132 के0वी0 उपकेन्द्र, पयागपुर बहराइच पर 2 नग 33 के0वी0 सोलर बे की स्थापना का कार्य, **धरोहर धनराशि** रू0 20,000.00 मात्र, कार्यावधि 45 दिन, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 1,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)। **नियम व शर्तें :–** 1. निविदा अभिलेखों को प्राप्त करने एवम् जमा करने की तिथि :– (अ) निविदा केवल ऑनलाईन ई–टेण्डर पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही दिनांक 11.11.2019 के अपरान्ह 14.00 बजे तक डाला / अपलोड किया जा सकता है। (ब) दिनांक 12.11.2019 को अपरान्ह 15.00 बजे से तकनीकी भाव–पत्र (भाग–प्रथम) खोले जायेंगे, जिसके मूल रूप से परिक्षणोंपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाव–पत्र (भाग–द्वितीय) खोले जायेंगे। तकनीकी योग्यता पूरा न करने वाले निविदादाता के निविदा वित्तीय भाव–पत्र (भाग–द्वितीय) पर विचार नहीं किया जायेगा। 2. निविदादाता को निम्नलिखित सभी अभिलेखों को स्कैन कर निविदा के साथ ई–टेण्डर पोर्टल / वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा। (i) निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो Executive Engineer, Electricity Civil Transmission Division-II, Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, लखनऊ के चालू खाता संख्या–0758002100001581, IFSC Code-PUNB0075800 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी। निविदा का भाग 1 व 2 (प्राइस बिड) केवल वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा। निविदा मूल्य एवम् धरोहर धनराशि की आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 साक्ष्य (रसीद) को ई–टेण्डर के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवम् किसी भी प्रकार की हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी। 3. यू0पी0पी0सी0एल0/सी0पी0डब्लू0डी0/एम0ई0एस0/लोक निर्माण विभाग / सिंचाई विभाग / रेलवे एवं अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत / अनुभवी ठेकेदार निविदा में भाग ले सकते हैं। 4. निविदा की वैधता खुलने की तिथि से चार माह होगी एवम् निविदा पपत्र का मूल्य वापिस नहीं (नॉन रिफंडेबिल) होगा। 5. अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदाओं को निरस्त कर अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त कर सकते हैं। 6. निविदा डालने हेतु निविदादाता का e-procurement वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर registered user (पंजीकृत) होना अनिवार्य है। निविदाएं ऑनलाईन डालने हेतु निविदादाता को यू0पी0 इलेक्ट्रानिक कारपोरेशन लि0, लखनऊ अथवा किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथारिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। 7. निविदा खुलने की तिथि पर आकस्मिक अवकाश पड़ जाने या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। 8. निविदादाता निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/शुद्धिपत्र हेतु ई–टेण्डरिंग पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर सजग रहें/देख सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण खण्ड–द्वितीय उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 तृतीय तल विद्युत सेवा आयोग भवन, एस0एल0डी0सी0 परिसर, निकट मन्त्री आवास, विभूतिखण्ड – द्वितीय, गोमतीनगर, लखनऊ।** पत्रांक – 1140 दिनांक 22.10.2019 **"राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वाजिद नगर, वि.ख.–पहला, सीतापुर

पत्रांक–01/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2019–20/ दिनांक–23.10.2019

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 24–10–2019 से 29–10–2019 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत, वाजिद नगर, वि0 खं0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 29–10–2019 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 30–10–2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत वाजिद नगर, वि0 खं0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केदारनाथ के खेत से लवकुश के खेत तक सोलिंग निर्माण कार्य। | 483193.00 | 10000.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रता :–**

1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 29–10–2019 से किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी वाजिद नगर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत वाजिद नगर, वि0खं0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**ग्रा0 पंचायत अधिकारी**
**वाजिद नगर, वि.खं.पहला, सीतापुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हौरी, वि.ख.–पहला, सीतापुर

पत्रांक–01/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2019–20/ दिनांक–23.10.2019

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 24–10–2019 से 29–10–2019 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत, बम्हौरी, वि0 खं0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 29–10–2019 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 30–10–2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हौरी, वि0 खं0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राममिलन के घर से छंगालाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 1881822.00 | 38000.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रता :–**

1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 29–10–2019 से किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी बम्हौरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हौरी, वि0खं0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**बम्हौरी, वि.खं.पहला, सीतापुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कंडारी, वि.ख.–पहला, सीतापुर

पत्रांक–01/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2019–20/ दिनांक–23.10.2019

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 24–10–2019 से 29–10–2019 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत, कंडारी, वि0 खं0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 29–10–2019 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 30–10–2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कंडारी, वि0 खं0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरेश की दुकान से तोता की टंकी तक सोलिंग निर्माण कार्य। | 273417.00 | 5500.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | प्राईमरी वि0 गुलौली से सलारपुर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य। | 254311.00 | 5500.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | तोता की टंकी से टोरी के घर तक सोलिंग निर्माण कार्य। | 261361.00 | 5500.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रता :–**

1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 29–10–2019 से किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कंडारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत कंडारी, वि0खं0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**ग्रा0 पंचा0 अधिकारी**
**कंडारी, वि.खं.पहला, सीतापुर**



अमेठी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित करते हुए

## प्रधानमंत्री का 'दीपोत्सव कार्यकर्ता संवाद' 24 अक्टूबर को

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली के मौके पर वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद से पूर्व बनारस के हालचाल से भी पूरी तरह अवगत होना चाहते हैं। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी वेबसाइट नरेंद्र मोदी डाट इन और नमो एप के जरिए लोगों से दीपावली के मौके पर 24 अक्टूबर को पार्टी कार्यकर्ताओं संग संवाद की जानकारी साझा की है। वहीं इस सूचना को पीएम ने सोमवार को भी ट्वीट कर जानकारी दी है। कार्यकर्ताओं संग चुनाव के बाद संवाद के क्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने सलाह और सुझाव के साथ ही सवाल भी आमंत्रित किया है। पीएम की ओर से कार्यकर्ताओं के लिए जारी यह संदेश देखकर पार्टी के कार्यकताओं ने भी काशी की समस्याओं को लेकर सजगता के साथ पीएम के पोर्टल पर अपने विचार साझा किए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से सुझाव और सवाल मांगने के बाद कार्यकर्ता और आम जनता की ओर से भी सुझाव और शिकायतों का क्रम शुरू हो गया। लोगों ने वाराणसी में विकास कार्यों को लेकर सुझाव, राय और शिकायतें भी की हैं। वहीं देश के हालात को लेकर भी लोगों ने सवाल खड़े किए।किसी ने वर्षा जल संचय की काशी में आवश्यकता बताई तो किसी ने अनियोजित विकास पर भी अपनी राय दी। वहीं दूसरी ओर एक कार्यकर्ता ने बैंकिंग व्यवस्था को लेकर मुद्रा योजना और बैंक कर्मियों के व्यवहार को लेकर भी शिकायत पीएम से दर्ज कराई। पीएम के पोर्टल पर देखते ही देखते दर्जनों कमेंट आए और लोगों ने अपनी अपेक्षाएं और सुझाव से पीएम को अवगत कराया। पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यकर्ता संग 'दीपोत्सव कार्यकर्ता संवाद' 24 अक्टूबर को शाम साढे चार बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस दीपावली पीएम विशेष तौर पर वाराणसी के अपने उन कार्यकर्ताओं संग संवाद करना चाह रहे हैं जिन्होंने पीएम को चुनाव जिताने के लिए महती भूमिका निभाई है।

## कार्यालय नगर पंचायत मैलानी जनपद – खीरी

पत्रांक :– मेमो/न0प0मै0/विज्ञप्ति–नामान्तरण/2019–20 दिनांक :– 22.10.2019

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न क्रेता द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है :–

| क्र0 सं0 | क्रेता का नाम | पिता/पति का नाम | पता | विक्रेता का नाम | पिता/पति का नाम | सम्पत्ति का पता | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कैसर जहाँ | श्री छोटे मियाँ | मो0 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड–10 मैलानी खीरी | श्रीमती वसीम बेगम | श्री शहाबुददीन मंसूरी | मो0 ईदगाह वार्ड–12 मैलानी खीरी | पूर्व में प्लाट गुप्ता जी पश्चिम में रास्ता 15 फुट उत्तर में प्लाट जयराखन दक्षिण में रास्ता 15 फुट |
| 2 | श्रीमती रनजीत कौर | श्री राजपाल सिंह | ग्राम जोगराजपुर तह0 पूरनपुर जिला पीलीभीत | श्री रामप्रीत | श्री बेनी | मो० गौतमनगर वार्ड–2 मैलानी खीरी | पूर्व में रास्ता पश्चिम में सड़क पक्की उत्तर में प्लाट विक्रेता दक्षिण में प्लाट शकुन्तला देवी |
| 3 | श्री अय्यूब अली | श्री याकूब अली | ग्राम राजपुर मजरा खरेहटा तह० गोला जिला खीरी | श्री विजय सिह व श्री अजय सिंह | श्री गोपाल सिंह | मो० पुराना बाजार वार्ड–8 मैलानी खीरी | पूर्व में प्लाट विक्रेतागण पश्चिम में प्लाट विक्रेतागण उत्तर में प्लाट विक्रेतागण दक्षिण में रास्ता 10 फुट |
| 4 | श्रीमती पूनम देवी | श्री रमेश सिंह राना | मो० गौतमनगर सिंह वार्ड–2 मैलानी खीरी | श्री हरीशचन्द्र | श्री हजारी लाल | मो0 गौतमनगर वार्ड–2 मैलानी खीरी | पूर्व में मकान प्रदीप कुमार सेन पश्चिम में रास्ता 5 फुट उत्तर में प्लाट रामआसरे दक्षिण मे मकान राजेन्द्र |
| 5 | श्रीमती सरताज बानो | श्री अहमद जान खाँ | ग्राम भुडवारा तह0 गोला जिला खीरी | श्री मो0 सलीम, श्री मो० वसीम खान व श्रीमती शायदा बानो | श्री रफी उल्ला | मो0 धर्मशाला वार्ड–4 मैलानी खीरी | पूर्व में मकान मुन्ना पश्चिम में रास्ता 10 फुट उत्तर में प्लाट नसीम बानो दक्षिण में प्लाट विक्रेतागण |
| 6 | श्रीमती विशन कान्ती | श्री रामनारायन | ग्राम चलतुआ तह0 पूरनपुर जिला पीलीभीत | श्री मो0 शकील खॉ | श्री अब्दुल माबूद खाँ | मो0 जंगलात वार्ड–4 मैलानी खीरी | पूर्व में रास्ता 15 फुट पश्चिम में प्लाट विक्रेता उत्तर में प्लाट विक्रेता दक्षिण में प्लाट विक्रेता |
| 7 | श्रीमती डोली | श्री गुलाब सिंह | मो० गौतमनगर वार्ड–2 मैलानी खीरी | श्रीमती सुशीला देवी | श्री रामचन्द्र | मौ0 गौतमनगर वार्ड–2 मैलानी खीरी | पूर्व में मकान सोमवती पश्चिम में प्लाट उत्तर में प्लाट बृजेश मिश्रा दक्षिण में रास्ता |
| 8 | श्रीमती रामगुनी | श्री मेवाराम | मो० रामलीला वार्ड–5 मैलानी खीरी | श्री आनन्द प्रकाश | श्री रामगोपाल | मो0 धर्मशाला वार्ड–9 मैलानी खीरी | पूर्व में आराजी विक्रेता पश्चिम में रास्ता उत्तर में आराजी विक्रेता दक्षिण में आराजी विक्रेता |
| 9 | श्रीमती सीमा देवी व श्रीमती सपना देवी | श्री प्रदीप सिंह व श्री दिलीप सिंह | ग्राम प्रतापपुर तह0 पुवायॉ जिला शाहजहाँपुर | श्रीमती जीतनी देवी | श्री राजेन्द्र | मो0 गौतमनगर वार्ड–2 मैलानी खीरी | पूर्व में रास्ता 15 फुट पश्चिम में रास्ता 6 फुट उत्तर में प्लाट विक्रेता दक्षिण में मकान शिवनारायन लाल |

क्रय किये गये प्लाट के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह 15 दिन के अन्दर लिखित रूप से अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्ति न प्राप्त होने की स्थिति में नामान्तरण सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मैलानी**
**जनपद–खीरी**

## स्वास्थ्यरक्षा का एजेंडा

### आयुष्मान भारत के समक्ष चुनौतियां

**आयुष्मान** भारत योजना के पूर्ण क्रियान्वयन में कुछ समस्यायें हैं। निजी अस्पतालों समेत सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के माध्यम से इस योजना का लक्ष्य 11 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्यरक्षा प्रदान करना है। एक सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ है कि सरकार द्वारा विभिन्न बीमारियों व ट्रीटमेंट प्रोटोकाल की दरें तय करने के बावजूद सरकारी व निजी अस्पतालों में दवा इलाज के खर्च में 200 प्रतिशत तक अंतर हो सकता है। निजी अस्पताल गुणवत्ता के नाम पर दरें घटाने से इनकार करते रहे हैं। योजनाओं में सहभागिता के बावजूद कुछ निजी अस्पताल सरकार द्वारा निर्धारित मानकों पर मरीजों के इलाज से इनकार करते हैं। ऐसा इस वर्ष के प्रारम्भ में दरों में संशोधन तथा पैकेजों के तर्कसंगत बनाने के बावजूद है ताकि निजी अस्पतालों को समान आधार मिल सके। स्वास्थ्यरक्षा के लिए सामाजिक उद्यमिता माडल अभी बहुत दूर है। अत: गरीबों को केवल सरकारी अस्पतालों का सहारा है तथा एम्स जैसे रेफरल अस्पताल भी मरीजों के भारी दबाव का सामना कर रहे हैं। भारतीय चिकित्सा असोसिएशन-आईएमए ने इस बारे में लगातार चेतावनी दी है, जबकि सरकार द्वारा नए 239 पैकेजों की घोषणा के बाद अब इनकी संख्या 1,395 हो गई है। हालांकि, नीति निर्माताओं ने डाक्टरों व विशेषज्ञों से सलाह ली है, पर चिकित्सा ढांचे की गुणवत्ता तथा उपकरणों व सर्जिकल प्रक्रियाओं में विविधता के कारण दरों में एकरूपता लाना कठिन है। ऐसे में उच्च मानकों पर काम करने वाले निजी अस्पतालों से दरें ज्यादा घटाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार द्वारा वर्तमान



प्रक्रियाओं पर निर्धारित खर्च कई मामलों में निजी अस्पतालों में खर्च का केवल आधा है। ऐसे में आयुष्मान भारत के अंतर्गत निजी अस्पताल कुल खर्च का केवल 40-80 प्रतिशत ही वसूल पाते हैं। यदि विशेषज्ञता प्राप्त अस्पताल अपनी क्षमता के केवल 25 प्रतिशत रोगी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भर्ती करें तो उनको प्रति दिन-प्रति बेड 15-25 प्रतिशत नुकसान होगा। हालांकि, कुछ अस्पताल क्षमता के प्रयोग में सुधार कर रहे हैं, पर मुनाफे में कमी के कारण वे ज्यादा परिवर्तन नहीं कर सकते हैं। चूंकि इस कार्यक्रम की सूची में शामिल आधे अस्पताल निजी हैं, इसलिए समुचित प्रतिपूर्ति न होने पर कार्यक्रम संकटग्रस्त हो सकता है। सरकार ने विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार के आरोप में देश भर के 90 से अधिक अस्पतालों को काली सूची में डाल दिया है।

आईएमए ने यह भी स्पष्ट किया है आयुष्मान भारत जैसे बीमा-आधारित माडल दुनिया भर में विफल हुए हैं। किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को बीमा से आगे देखते हुए व्यापक योजना बनानी चाहिए जो बीमारियों की चिकित्सा के साथ ही उनकी रोकथाम पर भी ध्यान दे। हालांकि, आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्रों का अखिल-भारतीय जाल बनाने को भी प्राथमिकता दी है जो प्राथमिक देखभाल तथा सेवाओं को समन्वित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। सरकार का इरादा वर्ष 2023 तक ऐसी 1,50,000 सुविधायें विकसित करना है, लेकिन फिलहाल ऐसी सेवाओं से कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है। कम विकसित राज्यों में जागरूकता की कमी से भी नुकसान हुआ है। बिहार की तुलना में तमिलनाडु ने बेहतर प्रदर्शन किया है क्योंकि बिहार के कस्बों में अच्छी स्वास्थ्य सुविधायें नहीं हैं। सार्वजनिक कही जाने वाली आयुष्मान भारत योजना का क्रियान्वयन राज्यों में अलग-अलग स्तर पर है। स्वास्थ्य ढांचे में समग्र सुधार के अभाव में केवल इस योजना पर निर्भरता अनुचित है।

# इतिहास पुनः लिखने की आवश्यकता

**यदि हम अपने संविधान तथा अपनी सेक्युलर व लोकतांत्रिक परंपराओं को बचाए रखना चाहते हों तो हमारी इतिहास पुस्तकों में सत्य दिखना चाहिए तथा नीति-निर्माताओं को प्रमुख संवैधानिक मूल्यों के अनुसार व्यवहार करना चाहिए।**



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)




स्वतंत्रता के छ: दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद लूटियनों की दिल्ली वाली 'अवस्थापना' में अभी नेहरूवादियों-मार्क्सवादियों तथा छद्म-सेक्युलर चेतना वाले लोगों की काफी संख्या है। इस वैचारिक झुकाव वाले लोगों ने सभी चीजों को प्रभाावित किया है जिसमें स्कूली पाठ्यक्रम से लेकर सार्वजनिक नीति व इतिहास लेखन तक शामिल हैं। उन्होंने व्यवस्थित रूप से एक फर्जी ऐतिहासिक विमर्श विकसित किया जिसने भारत की सभ्यतामूलक यात्रा को खारिज कर उसकी निन्दा की।

इस सोच का इतना प्रभाव था उसने स्वतंत्रता के बाद पैदा तीन भारतीय पीढ़ियों को देश की महान विरासत से अलग करने तथा नागरिकों में अपने अतीत के प्रति शर्म की भावना पैदा करने में सफलता पाई। इसमें ज्यादातर नुकसान वामपंथी झुकाव वाले राजनेताओं, नौकरशाहों व अकादमीशियनों ने किया। उन्होंने शिक्षा सामग्री के माध्यम से सुनिश्चित किया कि जनता में अपनी संस्कृति व परंपराओं के प्रति घृणा पैदा हो। इस सामग्री में प्राथमिक स्कूल की पाठ्यपुस्तकों, खासकर इतिहास की पाठ्यपुस्तकों के साथ ही सरकारी नीति व विधायी उपाय शामिल हैं। चूंकि देश की जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा हिंदू था, इसलिए भारत का सभ्यतामूलक अनुभव हजारों सालों से हिंदू-केन्द्रित था। इस प्रकार छद्म-सेक्युलर अवस्थापना की यह व्यापक योजना हिंदू-विरोधी थी। इसने लोगों को हिंदूवाद से जुड़ी सभी चीजों को खारिज करने तथा सभी गैर-हिंदू चीजों की प्रशंसा के लिए प्रेरित किया। इसका विस्तार अनेक क्षेत्रों तक हुआ जिसमें वेदों तथा रामायण व महाभारत जैसे महान ग्रंथों की निन्दा के साथ ही योग व आयुर्वेद का मजाक उड़ाना शामिल है। उन्होंने सभी भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत का भी मजाक उड़ाया।

मुझे आश्चर्य है कि दुनिया में इस प्रकार का कोई अन्य उदाहरण नहीं है जहां बहुत थोड़े से लोगों ने इतनी सफलता के साथ एक उद्यम चलाया जिसका उद्देश्य देश में रहने वाले लोगों द्वारा अपनी ही सभ्यता और संस्कृति को खारिज करने में लगाना हो और उसे इतनी सफलता मिली हो।

उन्होंने सचेतन रूप से यह काम सफलता से 67 वर्षों तक किया और इसमें 1998 से 2004 के बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 6 साल भी शामिल हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद उनकी यह योजना ध्वस्त हो गई। अंतत: भारत की जनता ने तय किया कि बस बहुत हो गया और उसने 2014 में नेहरूवादी-मार्क्सवादी गिरोह को किनारे फेंक दिया। जनता ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना यह दृष्टिकोण पुनः दुहराया। इससे ऐतिहासिक विमर्श बदलने की प्रक्रिया समाप्त हो गई, जनता ने विमर्श अपने हाथ में लिया तथा दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता के असाधारण योगदान को समझना और उसकी प्रशंसा करनी शुरू की।

अब भारत की जनता ने नेहरूवादी-मार्क्सवादी व छद्म-सेक्युलर समूह को निश्चित रूप से हाशिए पर धकेल दिया है और वह अपना राष्ट्रीय गौरव बहाल करने का प्रयास कर रही है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इतिहास के पुनर्लेखन के हालिया आह्वान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। शाह ने अनेक उदाहरण देते हुए कहा है कि यदि वीर सावरकर ने 1857 की घटनाओं को 'स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम' न कहा होता तो इतिहासकारों ने इसे अंग्रेजों के खिलाफ केवल विद्रोह बता कर खारिज कर दिया होता। शाह का यह कहना सही है कि हमें ऐसा इतिहास अवश्य लिखना चाहिए जिसमें तथ्य सही हों। दूसरे शब्दों में, हमें इतिहास का पुनर्लेखन करना चाहिए। उदाहरण के लिए, हमें औरंगजेब का मामला देखना चाहिए। उसने अपने गवर्नरों से 1669 में हिंदू मंदिरों को नष्ट करने को कहा था जिनमें सर्वाधिक सम्मानित काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर व मथुरा का कृष्ण मंदिर शामिल थे। उसने मथुरा का मंदिर नष्ट कर एक विशाल मस्जिद का निर्माण कराया तथा कृष्ण मंदिर की मूर्तियों को आगरा में एक मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे गड़वा दिया। औरंगजेब ऐसा बादशाह भी था जिसने इस्लाम में धर्मान्तरण करने वाले हिंदुओं को सरकारी नौकरियों का प्रस्ताव किया था। मुसलमान बनने पर जेल की सजा में रियायत एक और लालच था। उसने क्षेत्र में वस्तुओं का आयात करने वाले हिंदुओं पर ज्यादा कस्टम ड्यूटी लगाई तथा हिंदू धर्म का पालन करने की इच्छा रखने वाले हिंदुओं पर जजिया नामक टैक्स लगा दिया। यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि औरंगजेब ने सिख गुरुद्वारों को नष्ट करवाया था, गुरु तेग बहादुर को जेल में बंद कर उन पर अमानवीय अत्याचार किए थे तथा अंतत: मुसलमान बनने से इनकार करने पर उनका सिर भी कटवा लिया था। औरंगजेब ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनकाल में सिख धर्म पर लगातार हमले किए तथा उनके बेटों को भी मरवा डाला।

औरंगजेब की यही कथा है। लेकिन इसके बावजूद उपरोक्त विचारधारा वाले इतिहासकारों ने इन तथ्यों को अनदेखा कर उसे एक 'सेक्युलर' व्यक्ति के रूप में पेश किया। यदि धोखाधड़ी वाले इतिहास के लिए कोई पुरस्कार होता तो वह ऐसे लोगों को मिलना चाहिए। क्या छद्म-सेक्युलर व नेहरूवादी-मार्क्सवादी इतिहासकारों के समूह में से किसी ने हमें बताया कि इस आततायी के नाम से नई दिल्ली में एक प्रमुख सड़क का नाम रखने का क्या औचित्य था?

इसी प्रकार अनेक कस्बों, प्रमुख सड़कों व अन्य शहरों में बस्तियों के नाम उसके नाम पर हैं। इन सारी बातों का कारण यह है कि इस देश की सत्ता पर 6 दशकों से अधिक समय तक हिंदुओं से घृणा करने वाले नेहरूवादी-मार्क्सवादी इतिहासकारों का नियंत्रण रहा। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजधानी व देश में अन्य स्थानों पर बाबर, हुमांयू व जहांगीर को गरिमापूर्ण स्थान मिला था।

सवाल है कि इन हमलावरों की स्मृति को इतने लंबे समय तक बनाए रखने के बावजूद भारत एक सेक्युलर व लोकतांत्रिक देश कैसे बना रहा? यदि हमें अपने संविधान व अपनी सेक्युलर, लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखना हो तो हमारी इतिहास की पुस्तकों में ये तथ्य स्पष्ट होने चाहिए तथा हमारी सार्वजनिक नीति में संविधान के प्रमुख मूल्य अभिव्यक्त होने चाहिए। इसका अर्थ है कि इन दु:खद स्मृतियों के अंतिम अवशेषों को हमेशा के लिए मिटा देना चााहिए।

सौभाग्य से औरंगजेब का नाम नई दिल्ली की इस सड़क से मिटा दिया गया तथा उसे सर्वाधिक सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया। औरंगजेब की श्रेणी में आने वाले अन्य लोगों के साथ भी ऐसा ही न्याय किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उनके साम्राज्यों और उनकी कट्टरता के बारे में तथ्य स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा होने चाहिए। भले ही इसका उद्देश्य इस बात पर जोर देना हो कि भारत का भविष्य ऐसी कट्टरता के बजाय असली लोकतंत्र में निहित है जिसका मंत्र समानता और समता है। भारत को अपना घर बनाने वाले फ्रांसीसी पत्रकार फ्रांसुआ गाटियर तथा बेल्यिन विद्वान कोइनराड एल्स्ट ने देश की जनता को सावधान किया है कि वह इस घोखाधड़ी से बचे जिसे वामपंथी झुकाव वाले राजनेताओं, अकादमीशियनों व नौकरशाहों ने स्वतंत्रता के बाद से बखूबी बनाए रखा है। 6 साल पहले प्रकाशित गाटियर की पुस्तक 'अ हिस्ट्री आफ इंडिया एज़ इट हैपन्ड: नाट एज़ इट हैज़ रिटेन' ऐसी पुस्तकों में से एक है जो हमें देश के इतिहास के पुनर्लेखन के लिए मजबूर व प्रेरित करती हैं।

एल्स्ट एक और विद्वान हैं जिन्होंने मार्क्सवादी इतिहासकारों के कारण हुए भयंकर नुकसान की ओर हमारा ध्यान खींचा है। इन इतिहासकारों ने हिंदू स्मृति से 'इस्लाम के तलवारबाजों द्वारा अपने उत्पीड़न के इतिहास' को मिटाने का प्रयास किया है। एल्स्ट ने अपनी पुस्तक 'निगेशनिज्म इन इंडिया: कंसीलिंग द रिकार्ड आफ इस्लाम' में कहा है कि भारत में 'पूर्ण नकारवाद का अपना ब्रांड' है। उन्होंने लिखा, 'इस्लामवाद के समर्थकों तथा मार्क्सवादी अकादमीशियनों द्वारा समर्थित इस आंदोलन का अनुसरण उन सभी राजनेताओं, पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने किया जो स्वयं को सेक्युलरवादी कहते हैं।'

इस आंदोलन को भारतीय राज्य द्वारा भी प्रोत्साहित किया गया। एल्स्ट ने कहा कि अंग्रेजी-शिक्षित वर्ग ने भारत की महान सभ्यता के नकार को एक फैशन स्टेटमेंट में बदल दिया है। गृह मंत्री अमित शाह भी यही कह रहे हैं।

# व्यक्तिगत आयकर में कटौती की आवश्यकता

> "वर्तमान स्थिति को देखते हुए वित्त मंत्रालय वर्तमान आर्थिक गिरावट से निबटने के लिए करों में रियायत को प्रयोग महत्वपूर्ण हथियार के तौर पर कर सकता है।"

**करण भसीन**
(लेखक नीति शोधकर्ता हैं)



आर्थिक वृद्धि के अनुभवों से संकेत मिलता है कि ये चक्रों में होती है। कभी ये तेज होती है तो कभी मंद हो जाती है, जिसके अनेक उदाहरण मौजूद हैं। वृद्धि दर धीमी होने पर चक्रीय मंदी की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है। वर्तमान मंदी वास्तव में चक्रीय है और उसका संकेत पहली तिमाही के आंकड़ों से मिला जिसमें यह घटकर 5 प्रतिशत रह गई। चाहे कोई विश्वास करे या नहीं पर वृद्धि के 7.5, 7 या 6.5 प्रतिशत होने की संभावना नहीं है, क्योंकि एक वर्ष के भीतर उसमें 1.5 से 2.5 प्रतिवर्ष गिरावट की संभावना नहीं होती है। हालांकि, चक्रीय आयाम धीमा है लेकिन यह कुछ तिमाही पहले अनुमान के अनुसार नहीं है।

चक्रीय मंदी के समय हमें इससे निबटने की नीतियां लागू करनी चाहिए। ये नीतियां मौद्रिक या राजकोषीय हो सकती हैं। वर्तमान समय में हमें राजकोषीय नीति पर ध्यान देना चाहिए जिस पर सरकार गौर कर रही है। अब तक सक्रिय वित्तमंत्री ने समस्या से निबटने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। मंत्रालय ने अनेक संकेत दिए हैं। मंत्रालय ने काफी संकेत दिए हैं कि वर्तमान समय में उसे राजकोषीय घाटे की इतनी चिंता नहीं है। तथ्य यह है कि वित्तमंत्री ने लगातार खर्च बढ़ाने प्रयास किए हैं जबकि राजस्व में कमी से संकेत मिलता है कि शायद ये समावेशी राजकोषीय नीति अपनाएं।

यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण होगा कि राजकोषीय घाटे का आंकलन सकल घरेलू उत्पाद प्रतिशत के रूप में किया जाता है। इसलिए, जब वृद्धि कम होती है और जीडीपी धीमी गति से बढ़ता है तब दरें भी कम होती हैं। इसके परिणामस्वरूप, यदि हम अपना खर्च घटाएं तो राजकोषीय घाटा 3.3 से 3.5 प्रतिशत रह सकता है। इसके साथ ही,



खर्च में कमी का जीडीपी पर नकारात्मक असर पड़ता है। हम खर्च घटा सकते हैं, लेकिन इससे वृद्धि दर और धीमी होगी तथा राजकोषीय घाटा बढ़ेगा। इसका अर्थ है कि सर्वाधिक व्यावहारिक नीति खर्च को पहले की तरह बनाए रखना तथा उसमें कमी आने से रोकना है। इसका वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यदि राजकोषीय घाटा अधिक होता है तो वृद्धि दर बढ़ने के बाद हम अगले दो वर्षों में उसे पुन: ठीक करने के रास्ते पर आ सकते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि वास्तव में राजकोषीय घाटे का अपनेआप में इस समय कोई अर्थ नहीं है। हम समष्टि समझदारी पर पुन: विचार कर सकते हैं, लेकिन यह फिलहाल चर्चा के लिए उपयुक्त नहीं है।

कारपोरेट करों में कटौती एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है जिसकी मध्यकालीन अवधि में ढांचागत भूमिका है। इससे प्रभावी रूप से विदेशी राजस्व आ सकता है और अल्पकालीन रूप से यह अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक है। इन सबसे स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार मौजूदा मंदी से निबटने के लिए उचित नीतिगत उपाय कर रही है। इन उपायों का पूरा प्रभाव देखने में अभी समय लगेगा और इसे अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। लेकिन, कुल मिलाकर हम आर्थिक सुधार के रास्ते पर हैं।

वित्त मंत्रालय में एक अन्य महत्वपूर्ण उपाय पर चर्चा हो रही है। क्या हम व्यक्तिगत आयकर में इस समय कटौती कर सकते हैं जो वर्तमान आर्थिक मंदी से निबटने में कारगर हो सकता है। लेकिन, अनेक अन्य कारणों से व्यक्तिगत आयकर में इस समय कटौती से मंदी पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। इसके अलावा, जल्द ही, प्रत्यक्ष कर संहिता का क्रियान्वयन होना है। इसलिए, कर घटाकर अनिश्चितता पैदा होगी, जबकि कर ढांचे का प्रस्ताव डीटीसी के अंतर्गत आएगा।

2014 से, व्यक्तिगत आयकर से प्राप्त राजस्व वार्षिक 12.36 प्रतिशत की दर से बढ़ा है तथा 2016 के बाद इसमें 15.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। निस्संदेह, कर भुगतान की संख्या बढ़ी है तथा कर देने वालों की संख्या में वृद्धि के साथी करों की दरों में काफी कमी भी की गई है। लेकिन, हाशिए की कर दरों में वृद्धि हुई है। तथ्य यह है कि अमीरों व अत्यधिक अमीरों पर सरचार्ज लगाया गया था जिससे स्पष्ट है कि कर संरचना को तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता है ताकि करों का समुचित भुगतान सुनिश्चित हो सके।

कारपोरेट टैक्स में कटौती के समय सरकार ने स्वीकार किया है कि कम दर होने पर भुगतान अधिक होता है। इससे अगले कुछ वर्षों में अधिक राजस्व प्राप्त हो सकता है। यदि व्यक्तिगत आयकर के मामले में भी यही तर्क लागू किया जाए तो अच्छा होगा। अब तक हमने उच्च कर दरों में थोड़ी प्राप्ति सुनिश्चित की है, मगर कर संरचना बहुत जटिल है। यदि कम आयकर व्यवस्था का अनुपालन सरल टैक्स संरचना में बढ़ता है तो यह आर्थिक वृद्धि को यथार्थ में बदल सकता है।

## आप की बात

### धार्मिक असहिष्णुता

**कई** वर्षों से देखने में आ रहा है कि धर्म विशेष पर आतंकवाद की संज्ञा दी जा रही है । तथाकथित यह केवल धर्म को अपमानित करती है। आज से कुछ वर्ष पहले कांग्रेस के कई नेताओं ने भगवा और आरएसएस को आतंकवाद ही शर्मनाक शब्द से लबरेज किया। लेकिन इन नेताओं के बोल कब कहाँ जाए और कितना सलज्जता पूर्ण है ये सबको मालूम है। कुछ दिनों पूर्व श्रीलंका में हुए बमधमाके के बाद वहां बुर्के पर प्रतिबंध लगा दिया गया इसका त्तपर्य केवल बढ़ रहे अपराध पर प्रतिबंध लगाना था ना कि धर्म विशेष को अपमानित करना ठीक उसी तरह आज हिन्दू नेता कमलेश तिवारी की गला भगवा वस्त्र धारण कर के रेत दी गई जो धर्म को आतंकवाद की संज्ञा और स्वधर्म के प्रति जहर घोलना था। ऐसी करतूतों को सरकार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दिन प्रतिदिन लगातार हत्याएं हो रही हैं। क्या इसे ही अच्छे दिन कहे जाए! आज बच्ची कल जवान , बूढ़े , महिलाएं अपितु कोई अछूता नहीं रह गया है। जो सरकारी तंत्र की विफलता और नाकामी को दर्शाती है। सरकार का काबू ना हो पाना अपराधी के मनोबल को बढ़ावा देती है। सरकार जल्द स्थिति में सुधार लाए।

– **मंकेश्वर महाराज**, मधेपुरा

### सुन्नी वक्फ बोर्ड की चाल

**राममंदिर** पर शीर्ष अदालत का निर्णय आने वाला है। यदि वह मंदिर के पक्ष में हुआ तो उसे सुन्नी वक्फ बोर्ड आसानी से मान लेगा, इसकी सम्भावना कम ही है। इस बात की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। पूर्व में भी इस प्रकार के मामले में ऐसा हुआ है, वह याद दिला रहा हूं। वाराणसी के दोषिपुरा इलाके में शियाओं का एक कब्रिस्तान है । वहां 1878 में दो सुन्नियों की कब्र बना दी गईं। शियाओं ने कोर्ट में चुनौती दी। लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीमकोर्ट तक शिया लोग केस जीत चुके हैं। उच्चतम न्यायालय ने 1983 में उनके पक्ष में निर्णय दिया। उसमे कहा गया कि सुन्नी पक्ष अपनी कब्रें वहां से हटाए। मगर आज तक सुन्नी पक्ष टालमटोल कर रहा है। 2016 में शियाओं ने पुनः कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुन्नी पक्ष का कहना है कि यदि कब्रें स्थानांतरित करने की कोशिश हुई तो कानून-व्यवस्था बिगड़ जाएगी। 2016 में सूबे की अखिलेश यादव सरकार ने सुन्नी पक्ष की हां में हां मिलाई और कहा कि फैसले के कार्यावयन को टाल दिया जाए। उस समय पूर्व न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू ने भी उक्त निर्णय को क्रियान्वयन में असंभव बताकर सुन्नीपक्ष का साथ दिया। अब पीड़ित पक्ष पुनः अदालत की शरण में है।

– **अजय मित्तल**, मेरठ

### पराली जलाने की समस्या

**हमारे** देश में हर साल अक्टूबर के महिने में बड़े पूँजीपतियों और कार लॉबी द्वारा अधिकतर पोषित पालतू दृश्य और प्रिंट मिडिया द्वारा हरियाणा और पंजाब में गरीब किसानों द्वारा पराली जलाने से प्रदूषण का हौवा खड़ा किया जाता है। जैसे हर साल वर्षा के दिनों में बाढ़ का ,गरमी के दिनों में सूखे और पेय जल की ,जाड़े में ठंड से ठिठुर कर मरने वालों के लिए रैनबसेरों की ,भूख से भात-भात करते-करते मरने पर सभी की भोजन की व्यवस्था की और अस्पतालों में ऑक्सीजन और दवा के अभाव में हजारों बच्चों के मरने पर ऑक्सीजन और दवाइयों की आपूर्ति पर कमीशनखोरों आदि-आदि पर खूब लेख ,सम्पादकीय लिखे जाते हैं। टेलिविजन में चार-छः दिन गर्मागर्म बहसें होतीं दिखतीं हैं ,फिर सब कुछ बिल्कुल शान्त और देश और उसके सिस्टम की गाड़ी अपने उसी पुराने सामान्य और मंथर गति से फिर चलने लगती है । यही हमारी हमारे समाज की की फितरत है। वास्तव में हम हमारा समाज और हमारी सरकारों के कर्णधार इन समस्याओं के चिरस्थाई समाधान चाहते ही नहीं हैं।

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** आतंकी शिविरों को पूर्णत: नष्ट कर देंगे। यदि पाकिस्तान अपनी आदत नहीं बदलता है तो हम उसके क्षेत्र में और भीतर जाएंगे।

– **सत्य पाल मलिक**
जम्मू कश्मीर के राज्यपाल

**चीन** दुनिया का एकमात्र बड़ा देश है जिसने अभी पूर्ण रक्षा एकीकरण नहीं किया है। इसके बाद कोई शक्ति हमें नहीं रोक सकेगी।

– **जनरल वेई फेंगही**
चीन के रक्षा मंत्री





**व्यक्तिगत** रूप से सावरकर की विचारधारा में मेरा विश्वास नहीं है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि वे महान व्यक्ति नहीं थे।

– **अभिषेक मनु सिंघवी**
कांग्रेस नेता

# बुरी नजर डालने वालों को जवाब देने में सक्षम हैं भारतीय बलः राजनाथ

● नौसेना ने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता बरती है कि 26-11 दोबारा नहीं हो

**एजेंसी।** नई दिल्ली



नौसेना कमांडरों के सम्मेलन दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल व अन्य अधिकारी

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत कभी आक्रमणकारी नहीं रहा है लेकिन उसके सशस्त्र बल उस पर बुरी नजर डालने वालों को करारा जवाब देने में सक्षम हैं। सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में मीडिया से कहा कि नौसेना ने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता बरती है कि 26-11 दोबारा नहीं हो। उन्होंने कहा कि भारत कभी आक्रमणकारी नहीं रहा है। मंत्री ने कहा, इसका चरित्र रहा है कि उसने किसी देश पर हमला नहीं किया है और उसने किसी अन्य देश की एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है, लेकिन सशस्त्र बलों में हम पर बुरी नजर डालने वाले हर व्यक्ति को करारा जवाब देने की क्षमता और ताकत है।

पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख राशिद अहमद ने कथित रूप से कहा है कि उनका देश जम्मू कश्मीर के तंगधार सेक्टर में पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को निशाना बनाने के लिए परमाणु हमला करके भारत को जवाब देगा। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर में पाकिस्तान ने शनिवार-रविवार की बीच रात में अकारण गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की गोलीबारी के जवाब में भारतीय सेना ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास तंगधार सेक्टर के दूसरी ओर कम से कम चार आतंकवादी शिविरों और कई पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को भारी हथियारों का इस्तेमाल कर निशाना बनाया था।

रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया कि भारत के समुद्र भारतीय नौसेना के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने मुंबई में नवंबर 2008 में हुए आतंकवादी हमलों का जिक्र करते हुए कहा, हमारी नौसेना ने संकल्प लिया है कि किसी भी हालत में 26-11 दोबारा नहीं होने पाए और उसने इसके लिए कड़ी सतर्कता सुनिश्चित की है। सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना स्वदेशीकरण की ओर बढ़ रही है और उसकी नौकाओं में बड़ी संख्या में स्वदेशी उपकरण हैं। उन्होंने कहा कि सभी तीनों रक्षा सेवाओं ने रक्षा आयात कम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन का तीन दिवसीय दूसरा संस्करण मंगलवार को यहां आरंभ हुआ।

## मंदिर प्रबंधन मामले में सुप्रीम कोर्ट की प्रदेश सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार से राज्य में मंदिरों और धर्मार्थ संस्थाओं के प्रबंधन के बारे में कई तीखे सवाल पूछे और टिप्पणी की कि राज्य में अराजकता की स्थिति है। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने उप्र के बुलंदशहर में एक प्राचीन मंदिर के प्रबंधन से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया। पीठ ने सवाल किया, क्या आप अपने शासकीय आदेश से कुछ भी कर सकते हैं? यह तो अराजकता है। पीठ ने सवाल किया कि क्या राज्य में कोई भी व्यक्ति मंदिर का निर्माण करके जनता से धन एकत्र कर सकता है। पीठ ने राज्य सरकार को छह सप्ताह के बीच इस तथ्य से अवगत कराने का निर्देश दिया कि क्या वह मंदिरों और धर्मार्थ संस्थाओं प्रबंधक से संबंधित मसलों के लिए कोई कानून बनाएगी ? शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से सवाल किया कि उसने प्रदेश में मंदिरों और धर्मार्थ संस्थाओं के प्रबंधन के लिए अभी तक कोई कानून क्यों नहीं बनाया? न्यायालय ने यह भी जानना चाहा कि राज्य ने इस बारे में अभी तक केन्द्रीय कानून को क्यों नहीं अंगीकार किया? पीठ ने पिछले सप्ताह अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यद्यपि यह मामला 2010 से लंबित है लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य की ओर से पेश अधिवक्ता यह बताने की स्थिति में ही नहीं थे कि क्या इस बारे में कोई कानून बनाया गया है। पीठ ने 17 अक्टूबर को अपने आदेश में कहा था, इस तथ्य के मद्देनजर, हमारे पास उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिवासंबंधित सचिव को व्यक्तिगत रूप से 22 अक्टूबर को उपस्थित होने का निर्देश देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

# आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अमित शाह से मुलाकात की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आंध्र** प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तथा पोलावरम सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन समेत राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई भी दी। शाह मंगलवार को 55 साल के हो गए। सूत्रों ने बताया कि 40 मिनट की मुलाकात में रेड्डी ने राज्य के वित्तीय हालात तथा अन्य चुनौतियों पर चर्चा की जिनमें पोलावरम सिंचाई परियोजना को लागू करना, नई राजधानी और आंध्र प्रदेश के विभाजन से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री केंद्र के साथ समन्वय के लिए प्रयास कर रहे हैं। राज्य इस समय वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राज्य सरकार के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के अंत तक आंध्र प्रदेश पर बकाया ऋण भार 2,58,928 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है।

## कर्नाटक से दिग्गज कांग्रेसी राममूर्ति भाजपा में शामिल



कर्नाटक कांग्रेस के सांसद केसी राममूर्ति भाजपा मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा के सामने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव भी मौजूद थे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस छोड़ने और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कुछ ही दिनों बाद पूर्व राज्यसभा सदस्य के एस राममूर्ति ने मंगलवार भाजपा का दामन थाम लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो की प्रशंसा की। पार्टी के केंद्रीय कायार्लय में भाजपा महासचिव अरुण सिंह एवं भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी की उपस्थिति में राममूर्ति ने भाजपा की सदस्यता ली। राममूर्ति ने 16 अक्टूबर को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने स्वीकार कर लिया था। राममूर्ति ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि उनके मन में द्वंद्व चल रहा था, उनकी अंतरात्मा कुछ और कह रही थी जबकि कांग्रेस अपने सदस्यों से संसद में उनके कुछ और करने को कह रही थी। ऐसे में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि मोदी देश के लिए अच्छा फैसला कर रहे हैं। अतीत में कांग्रेस के भुवनेश्वर कालिता, संजय सिंह ने उच्च सदन से इस्तीफा दिया था। सपा से नीरज शेखर, सुरेन्द्र सिंह नागर और संजय सेठ भी राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। ए सभी बाद मे भाजपा में शामिल हुए और भगवा दल के टिकट पर उच्च सदन के लिए पुन: निर्वाचित हुए।

# धार्मिक कट्टरपंथी युवाओं का भरमाने के लिए स्कूल चला रहे हैंः ममता बनर्जी

**एजेंसी।** सिलीगुड़ी



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि युवा पीढ़ी को भरमान के लिए राज्य के उत्तरी हिस्सों में धार्मिक कट्टरपंथियों ने स्कूल स्थापित किए हैं। बिना किसी का नाम लिए हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के प्रयास के लिए ऐसा किया गया है। कूच बिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी जिलों के प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान शाखा सचिवालय में बनर्जी ने कहा, एक कट्टर धार्मिक संगठन ने उत्तर बंगाल के इन तीन जिलों में कई स्कूल स्थापित किए हैं ताकि वह हमारे राज्य पर नियंत्रण रख सकें। उन्होंने कहा, संस्थान चलाने के लिए धन बाहर से आ रहा है। इन स्कूल के शिक्षकों को छात्रों को भरमाने(ब्रेनवॉश) के लिए 20,000 रुपए महीना मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नागरिकता (संशोधन) विधेयक और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की चेतावनी दे रहे हैं, वह राज्य में संकट बढ़ाने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ए वैसे लोग हैं जो नाम बाहर (नागरिकता सूची से) कर रहे हैं। वह एनआरसी लाने की धमकी देकर एक तबके के खिलाफ दूसरे को खड़ा कर रहे हैं। यह सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के प्रयास का हिस्सा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों को सोशल मीडिया पर फर्जी समाचारों को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि परेशानी पैदा करने वाले लोग सांप्रदायिक नफरत फैलाने के लिए फेसबुक और ट्विटर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल सरकार का रवैया असंवैधानिक : धनखड़

**एजेंसी।** कोलकाता

● कहा- लगता है कि राज्य में किसी प्रकार की सेंसरशिप है



**पश्चिम** बंगाल सरकार और राजभवन के बीच मंगलवार को ताजा राजनीतिक गतिरोध पैदा हो गया है। राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सरकारी अधिकारियों द्वारा मुलाकात से इनकार के बाद आरोप लगाया कि उनके साथ असंवैधानिक व्यवहार हुआ है और ऐसा प्रतीत होता है कि पश्चिम बंगाल में किसी प्रकार की सेंशरशिप है।

धनखड़ ने कहा कि उन्हें जिला अधिकारियों ने बताया कि उनके साथ बैठक करने के लिए उन्हें राज्य सरकार से अनुमति की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उनके साथ बैठक के लिए उनके पास अनुमति उपलब्ध नहीं हो पाई थी क्योंकि सभी वरिष्ठ अधिकारी उत्तरी बंगाल में हैं, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रशासनिक यात्रा पर हैं। धनखड़ ने अधिकारियों के इनकार को असंवैधानिक बताया है।

राज्यपाल ने पिछले हफ्ते उत्तर तथा दक्षिण 24 परगना जिलों के जिला मजिस्ट्रेट, नौकरशाहों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ बैठकें करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने मंगलवार से यहां का दौरा प्रारंभ किया है। राज भवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल कार्यालय को सोमवार शाम दो जिलों के मजिस्ट्रेटों के पत्र मिले जिनमें कहा गया था कि अधिकारी मुख्यमंत्री के उत्तर बंगाल के दौरे में व्यस्तता के चलते राज्यपाल की बैठकों में शामिल नहीं हो पाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि उनके (राज्यपाल) दौरे के मद्देनजर वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल ने फोन पर बताया, जिला अधिकारियों के पत्र देखकर मैं हैरान हूं। पत्रों में उन्होंने बैठकों में शामिल होने में असमर्थता जताई है। वह भी तब जबकि उन्हें चार दिन पहले इस बाबत सूचना दी गई थी। पता नहीं, लेकिन ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में किसी तरह की सेंसरशिप है। उन्होंने कहा, इसके बावजूद मैं जिलों का अपना दौरा जारी रखूंगा। जिला अधिकारियों द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है, आपको यह सूचित किया जाता है कि निर्धारित बैठकों में लोगों को आमंत्रित करने के आग्रह के लिए अधोहस्ताक्षरी को सरकार की अनुमति लेने की आवश्यकता है। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि जब मुख्यमंत्री जिले के दौरे पर होती हैं तो क्या राज्य सरकार अवकाश पर चली जाती है?

धनखड़ ने कहा, क्या यह उचित है कि जब राज्यपाल किसी से मुलाकात करना चाहते हों तो इस पर सेंसरशिप हो या फिर राज्य सरकार से मंजूरी लेने की जरूरत हो? मैं राज्य सरकार के मातहत नहीं हूं। मेरे हिसाब से यह असंवैधानिक है। इस घटनाक्रम पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार जिस तरह से राज्यपाल का अपमान कर रही है, ऐसा पूरे देश में कहीं भी, पहले कभी भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा, कुछ संवैधानिक नियम-कायदे होते हैं जिनका पालन हर राज्य सरकार को करना होता है। लेकिन राज्यपाल जगदीप धनखड़ के साथ जिस तरह का बर्ताव किया जा रहा है उससे लगता है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार ने नए नियम कायदे गढ़ लिए हैं और वह भारत के संविधान का पालन नहीं करना चाहती है। इस मुद्दे पर तृणमूल नेतृत्व ने कोई टिप्पणी नहीं की है। धनखड़ और राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों पर विवाद चल रहा है।

# कोर्ट ने निर्वाणी अखाड़ा को लिखित नोट दाखिल करने की अनुमति दी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**अयोध्या मामला**

**उच्चतम** न्यायालय ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में हिन्दू पक्षकारों में से एक निर्वाणी अखाड़ा को श्रृद्धालु के रूप में मूर्ति की पूजा अर्चना के प्रबंधन के अधिकार के लिए लिखित नोट दाखिल करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ के समक्ष निर्वाणी अखाड़ा के वकील ने इस मामले का उल्लेख किया और कहा कि उनके मुवक्किल ने लिखित नोट दाखिल करने के लिए तीन दिन के समय की गणना करने में गलती कर दी और इसीलिए वह न्यायालय की रजिस्ट्री में राहत में बदलाव के बारे में लिखित नोट दाखिल करने की अनुमति चाहता है। संविधान पीठ ने 16 अक्टूबर को इस प्रकरण की सुनवाई पूरी करते हुए सभी पक्षों से कहा था कि वे सुनवाई के दौरान उठाए गए मुद्दों को समेटते हुए राहत में बदलाव संबंधी लिखित नोट तीन दिन के भीतर दाखिल करें।

पीठ ने निर्वाणी अखाड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से कहा, आप अब दाखिल कर दीजिए। इस प्रकरण में निर्मोही अखाड़ा और उसका प्रतिद्वन्द्वी निर्वाणी अखाड़ा दोनों ही राम लला विराजमान के जन्मस्थल पर पूजा अर्चना करने और प्रबंधन के अधिकार चाहते हैं। निर्मोही अखाड़ा ने अनुयाई के रूप में अधिकार की मांग करते हुए 1959 में वाद दायर किया था जबकि निर्वाणी अखाड़ा को उप्र सुन्नी वक्फ बोर्ड ने 1961 में प्रतिवादी बनाया जबकि देवकी नंदन अग्रवाल के माध्यम से राम लला की ओर से 1989 में दायर वाद में उसे प्रतिवादी बनाया गया है। निर्वाणी अखाड़ा ने अपने लिखित नोट में कहा है कि इन वाद में किसी भी हिन्दू पक्षकार ने अनुयाई के अधिकार के रूप में ए दावे नहीं किए है। बल्कि वे विवादित ढांचे के स्थान पर मंदिर निर्माण बनाने का अनुरोध कर रहे हैं।

नोट में कहा गया है कि अत: निर्वाणी अखाड़ा के पुजारी और अनुयाई के अधिकार को अभी तक चुनौती नहीं दी गई है। अखाड़ा ने यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि उसे पूजारी के रूप में राम जन्मभूमि-विवादित ढांचे की मूर्ति की पूजा के प्रबंधन का अधिकार उसे सौंपा जाए। इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान उसने कहा था कि निर्वाणी अखाड़ा के महंत अभिराम दास, अब दिवंगत, 1949 में इस स्थान के पुजारी थे और 22-23 दिसंबर, 1949 की रात में विवादित स्थल पर मध्य गुंबद के नीचे कथित रूप से मूर्तियां रखे जाने के मामले में दर्ज प्राथमिकी में उन्हें आरोपी बनाया गया था। अब उनके चेले धरमदास इसके पुजारी हैं।

इससे पहले, मुस्लिम पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन द्वारा तैयार किए गए इस नोट में कहा गया है, इस मामले में न्यायालय के समक्ष पक्षकार मुस्लिम पक्ष यह कहना चाहता है कि इस न्यायालय का निर्णय चाहे जो भी हो, उसका भावी पीढ़ी पर असर होगा। इसका देश की राज्य व्यवस्था पर असर पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि न्यायालय का फैसला इस देश के उन करोड़ों नागरिकों और 26 जनवरी, 1950 को भारत को लोकतंत्रिक राष्ट्र घोषित किए जाने के बाद इसके सांविधानिक मूल्यों को अपनाने और उसमें विश्वास रखने वालों पर असर डाल सकता है। इसमे यह भी कहा गया है कि शीर्ष अदालत के निर्णय के दूरगामी असर होंगे, इसलिए न्यायालय को अपने ऐतिहासिक फैसले में इसके परिणामों पर विचार करते हुए राहत में ऐसा बदलाव करना चाहिए जो हमारे सांविधानिक मूल्यों में परिलक्षित हो।

हिन्दू और मुस्लिम पक्षकारों ने शनिवार को शीर्ष अदालत में अपने अपने लिखित नोट दाखिल किए थे। राम लला विराजमान के वकील ने जोर देकर कहा है कि इस विवादित स्थल पर हिन्दू आदिकाल से पूजा अर्चना कर रहे हैं और भगवान राम के जन्म स्थान के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने 2.77 एकड़ विवादित भूमि तीन पक्षों - सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला - के बीच बांटने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर 16 अक्टूबर को सुनवाई पूरी की।

## क्विक न्यूज

### भारत के हर जिले में स्थापित किए जाएंगे ईएसआई अस्पतालः गंगवार

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय श्रम मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को कहा कि देश भर के श्रमिकों की भलाई के लिए केंद्र सरकार भारत के हर जिले में ईएसआई अस्पताल स्थापित करेगी। गंगवार ने कहा कि केंद्र सरकार देश की श्रम शक्ति की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्वी राज्यों के श्रम मंत्रियों और मुख्य सचिवों के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए गंगवार ने कहा कि हर 20,000 श्रमिकों पर 30-बिस्तर वाला एक अस्पताल बनाया जाएगा। इस समय पूरे देश में 450 ईएसआई अस्पताल है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में इस योजना का विस्तार करने के उपाय किए जा रहे हैं। 50,000 और उससे अधिक श्रमिक क्षेत्र में 100 बिस्तर वाले अस्पताल की व्यवस्था की जाएगी। गंगवार ने यह भी बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) को मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ साथ श्रम शक्ति के कल्याण का कार्य सौपा गया है।

### दिग्विजय के बंगले के बाहर धरने पर बैठे उनके छोटे भाई लक्ष्मण सिंह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के चाचौड़ा को राज्य का 53वां जिला बनाए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बंगले के बाहर उनके ही छोटे भाई एवं कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इस दौरान, दिग्विजय अपने बंगले में आए, लेकिन उनके इस धरने को नजरअंदाज करते हुए सीधे अपने घर के अंदर घुस गए। धरने पर बैठे चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मण सिंह ने मीडिया को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ 26 जुलाई को सार्वजनिक रूप से उनके विधानसभा क्षेत्र को जिला बनाने की घोषणा कर चुके है। उन्होने कहा, मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह दिग्विजय सिंह के साथ चाचौड़ा आएंगे। इसलिए दिग्विजय तिथि दे दें। बस हम यही चाहते है। जल्द से जल्द चाचौड़ा आकर उसे जिला बनाने की घोषणा को अमलीजामा पहनाएं। जब उनसे सवाल किया गया कि आपको दिग्विजय के बंगले की बजाय धरना देने मुख्यमंत्री निवास पर जाना चाहिए था, तो इस पर लक्ष्मण ने कहा कि चाचौड़ा को जिला बनाए जाने की घोषणा कमलनाथ जुलाई में ही कर चुके है। इसलिए वहां जाने की जरूरत नही है। दिग्विजय तिथि बताएं, कब मुख्यमंत्री के साथ चाचौड़ा आएंगे। लक्ष्मण ने इशारों-इशारों में दिग्विजय पर निशाना साधते हुए कहा कि चाचौड़ा ने दिग्विजय को सब कुछ दिया और इसके बावजूद वह पिछले आठ साल से वहां नही गए है। बता दें कि इस बार मध्य प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लक्ष्मण सिंह मंत्री पद के दावेदार थे, लेकिन वह मंत्री नही बन सके, जबकि दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह को मंत्री पद मिल गया।

# सिंह बंधुओं के खिलाफ पेशी वारंट जारी

एजेंसी। नई दिल्ली

**आरएफएल कोष घोटाला**

**दिल्ली** की एक अदालत ने रेलीगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के धन का कथित तौर पर गबन करने के मामले में गिरफ्तार किए गए फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटरों मलविंदर सिंह और उनके भाई शिविंदर सिंह के खिलाफ बुधवार को समझौता वार्ता के लिहाज से मंगलवार को पेशी वारंट जारी किया। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दीपक सहरावत ने सिंह बंधुओं की अंतरिम जमानत याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किया।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मलविंदर और शिविंदर को क्रमश: 11 और 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। सिंह बंधुओं ने 18 अक्टूबर को अदालत से अंतरिम जमानत दिए जाने का अनुरोध किया था और कहा था कि वे शिकायतकर्ता के साथ मामले का समाधान चाहते है। शिविंदर की ओर से पेश वकील डी पी सिंह ने अदालत को बताया कि यह आम समझौता नहीं है और इसे केवल पैसा देने के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। मलविंदर के वकील मनु शर्मा ने अदालत को बताया कि ऐसा माना जा रहा था कि मंगलवार को समझौता वार्ता आयोजित होगी लेकिन यह नहीं हो सकी क्योंकि आरोपियों को अदालत नहीं लाया जा सका। उन्होंने कहा, कुछ प्रक्रियात्मक अड़चने है। अगर उचित समझा जाए तो हम समझौते पर कल चर्चा करने के लिए मिल सकते हैं।

अदालत ने अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई की तिथि 24 अक्टूबर तय की। आरएफएल के मनप्रीत सिंह सूरी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने पहले कहा था कि वह लिखित में समझौते के लिए प्रस्ताव चाहते है। ईओडब्ल्यू ने अदालत को बताया था कि सिंह बंधुओं ने खुलासा किया है कि कंपनियों को मिली कर्ज की राशि में से विभिन्न व्यक्तियों को करीब 1,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए जिसका कथित तौर पर गबन किया गया। धन की कथित हेराफेरी और उसे अन्य कंपनियों में निवेश करने के आरोप में मलविंदर (46), शिविंदर (44), गोधवानी (58), अरोड़ा (48) और सक्सेना को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया था।

ईओडब्ल्यू ने आरएफएल के मनप्रीत सिंह सूरी से शिविंदर, गोधवानी और अन्य के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद मार्च में प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फर्म के प्रबंधन के दौरान उनके द्वारा रिण लिया गया लेकिन इस धनराशि को अन्य कंपनियों में निवेश कर दिया गया। अदालत ने बृहस्पतिवार को सिंह बंधुओं और अन्य आरोपियों सुनील गोधवानी, कवि अरोड़ा तथा अनिल सक्सेना को 31 अक्टूबर तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। ईओडब्ल्यू के जांच अधिकारी ने हिरासत में लेने के आवेदन में आरोपियों से हिरासत में पूछताछ का यह कहकर अनुरोध किया था कि कथित घोटाले की राशि को जिन-जिन व्यक्तियों को हस्तांतरित किया गया है उनकी पहचान किए जाने की आवश्यकता है और मुखौटा कंपनियों को बनाए जाने के उद्देश्य की जांच की जानी चाहिए। आरएफएल, आरईएल की सहायक कंपनी है। मलविंदर और शिविंदर आरईएल के प्रमोटर थे।



सेना के जवानों और अधिकारियों ने राइफलमैन गामिल कुमार श्रेष्ठ को वाराणसी में मंगलवार को उनके नश्वर अवशेष मिलने पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अब टीबी और कालाजार को परास्त करने की बारीः डॉ. हर्षवर्धन

एजेंसी। नई दिल्ली



**केन्द्रीय स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने मंगलवार को कहा कि देश से पोलियो को जड़ से खत्म करने के बाद सरकार अब टीबी और कालाजार को खत्म करने के लिए कमर कस चुकी है। साथ ही पोलियो फिर से सिर न उठा पाए इसके लिए इंद्रधनुष अभियान का दूसरा चरण (आईएमआई 2) 31 अक्टूबर को शुरु किया जाएगा। पोलियो उन्मूलन अभियान के 25 साल के अनुभव को उपलब्धि बताते हुए डा. हर्षवर्धन ने कहा कि इस अभियान की तर्ज पर अब टीबी हारेगा, देश जीतेगा मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने कहा, अब कालाजार को भी पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

डा. हर्षवर्धन ने कहा कि 31 अक्टूबर को पल्स पोलियो अभियान के 25 साल पूरे होने पर एक बार इस अभियान को दो साल तक की उम्र के हर बच्चे तक पहुंचाने की पुनः शपथ लेते हुए देशव्यापी स्तर पर आईएमआई 2 अभियान शुरु किया जाएगा। डा. हर्षवर्धन ने बताया कि पोलियो को खत्म करने के लिए 1994 में इंद्रधनुष अभियान का पहला चरण शुरू हुआ था। इससे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने भी 1988 में दुनिया से पोलियो को समाप्त करने का अभियान शुरू किया था।

दूसरे चरण में देश के 271 जिलों और उत्तर प्रदेश एवं बिहार के 652 विकास खंड (ब्लॉक) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ए इलाके पहले चरण में या तो अछूते रह गए थे या पूरी तरह से इन्हें अभियान के दायरे में नहीं लिया जा सका था। फिलहाल देश का 87 प्रतिशत इलाका शत प्रतिशत पोलियो मुक्त क्षेत्र में शुमार हो चुका है।

उन्होंने बताया कि पहला चरण शुरु करने के समय दुनिया के 60 फीसद पोलियो पीड़ति बच्चे भारत में थे। ऐसे में पोलियो उन्मूलन को असंभव मान लिया गया था। उन्होंने कहा, इस अभियान को लेकर जो लोग उस समय निराशा भरी बातें करते थे, मैं उनसे एक ही बात कहता था कि जब हम हर व्यक्ति तक मत पत्र पहुंचा सकते हैं, तो हर बच्चे तक पोलियो की दवा क्यों नहीं पहुंचा सकते हैं। इसके बाद हमने सभी सहयोगियों की मदद से इसे खत्म कर दिखाया।

डा. हर्षवर्धन ने बताया कि भारत में 13 जनवरी 2011 को पोलियो का आखिरी मामला पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सामने आया था। इसके बाद लगातार तीन सालों तक पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आने पर साल 2014 में डब्लूएचओ ने भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया। उन्होंने बताया कि देश में सफल पल्स पोलियो अभियान के 25 साल पूरे होने पर 31 अक्तूबर को दिल्ली में भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर उन्होंने समारोह में उन सभी लोगों से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया, जिन्होंने 1994 में इस अभियान को दिल्ली में सफल बनाने में योगदान दिया था।



श्रीनगर में 10वीं बोर्ड परीक्षा की ग्रुप में पढ़ाई करते हुए छात्र-छात्राएं

# सहमति से बना संबंध बलात्कार नहींः कोर्ट

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने बलात्कार के आरोप से 56 साल के एक व्यक्ति को बरी करते हुए इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि, सहमति से बना शारीरिक संबंध बलात्कार नहीं होता। इस शख्स पर अपने ड्राइवर की पत्नी से बलात्कार का आरोप था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर आर वैष्णव ने पिछले बृहस्पतिवार के अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी दिलीप श्रीधर पाटिल के खिलाफ लगे बलात्कार के आरोप को सिद्ध करने में बुरी तरह विफल रहा।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक महिला का पति आरोपी के चालक के तौर पर काम करता था। आरोपी के अकसर उनके घर आने-जाने की वजह से वह उससे घुल-मिल गई थी। अभियोजक ने कहा कि 2014 में आरोपी ने महिला को एक लॉज में बुला कर उससे बलात्कार किया। इसके बाद कई मौकों पर उसने महिला से बलात्कार किया।

अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसे बदनाम करने और उसके पति को नौकरी से हटाने की धमकी दी। अदालत को बताया कि 2014 में महिला के पति की मौत के बाद, आरोपी ने कई बार उससे बलात्कार किया और उसे कुछ पैसे भी दिए। इस घटनाक्रम से परेशान होकर एक दिन महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

न्यायाधीश ने पाया कि महिला ने अपने बयान में कहा कि वह आरोपी के खिलाफ कार्वाई नहीं चाहती। बचाव पक्ष के वकील की ओर से पूछताछ किए जाने के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसके और आरोपी के बीच सहमति से संबंध बने थे। महिला ने स्वीकार किया कि उसकी भाभी को इसकी जानकारी हो गई थी जिसके बाद उसने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। न्यायाधीश ने कहा, पीड़ति ने ए सब स्वीकार कर अभियोजन की कहानी को गलत साबित कर दिया।

# पांच वर्षों में लाखों को रोजगार दिलाएगी केंद्र सरकार : मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को कहा कि अगले 5 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार हुनर हाटै के माध्यम से हुनर के उस्ताद लाखों कारीगरों, शिल्पकारों, दस्तकारों और पारंपरिक खानसामों को रोजगार तथा रोजगार के मौके मुहैया कराएगी। नकवी ने यह भी कहा कि अगला हुनर हाट प्रयागराज में आगामी एक से 10 नवम्बर के बीच आयोजित किया जाएगा। प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे देश भर के हुनर के उस्तादों के मेले में बड़ी संख्या में महिला कारीगरों सहित देश के हर कोने से 300 से अधिक दस्तकार, शिल्पकार, खानसामे भाग लेंगे।

2019-2020 के सभी हुनर हाट, एक भारत श्रेष्ठ भारत के थीम पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों में देश के प्रसिद्ध आर्थिक केंद्रों में आयोजित एक दर्जन से ज्यादा हुनर हाटै के जरिए 2 लाख 50 हजार से ज्यादा कारीगरों, शिल्पकारों, दस्तकारों, खानसामों और उनसे जुड़े हुए लोगों को रोजगार और रोजगार के मौके मुहैया कराए गए हैं जिनमे बड़ी संख्या में महिला कारीगर भी शामिल हैं। अगले 5 वर्षों में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय देश के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 100 हुनर हाट का आयोजन करेगा। आने वाले दिनों में हुनर हाट का आयोजन दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ अहमदाबाद, देहरादून, पटना, इंदौर, भोपाल, नागपुर, रायपुर, हैदराबाद, पुडुचेरी, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू, शिमला, गोवा, कोच्चि, गुवाहाटी, रांची, भुवनेश्वर, अजमेर आदि में किया जाएगा।

हुनर हाट में आने वाले दस्तकारों, शिल्पकारों का सशक्तिकरण तो हो ही रहा है साथ ही प्रत्एक दस्तकार, शिल्पकार के साथ कम से कम 40 से 50 लोग जुड़े होते हैं जिन्हें रोजगार के मौके मिलते हैं। इन सभी दस्तकारों, शिल्पकारों को अपने स्वदेशी हस्तनिर्मित उत्पादन को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मार्किट मुहैया होते हैं। मंत्री ने कहा कि हुनर हाट, दस्तकारों, शिल्पकारों का एम्पावरमेंट और एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि दस्तकारों, शिल्पकारों को मौका-मार्किट मुहैया कराने के मिशन के तहत देश के विभिन्न भागों में आयोजित हुनर हाट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया के संकल्प को साकार करने का प्रामाणिक एवं विश्वसनीय ब्रांड बन गया है। हुनर हाट, एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को शक्ति दे रहा है।

## अभिजीत बनर्जी का कोलकाता पहुंचने पर शानदार स्वागत

**कोलकाता।** नोबेल पुरस्कार के लिए चयनित अभिजीत बनर्जी का नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। वह यह प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने की घोषणा के बाद पहली बार अपनी मां से मिलने मंगलवार शाम को कोलकाता पहुंचे। कोलकाता के महापौर फिरहाद हाकिम और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। सभी क्षेत्रों के लोग बनर्जी का स्वागत करने के लिए हवाईअड्डे पर पोस्टर, तस्वीरें और तख्तियां लिए हुए एकत्रित हुए। हवाईअड्डा उस समय भारत का गर्व अभिजीत बनर्जी के नारों से गुंजायमान हो गया। हवाईअड्डे पर कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच पहुंचे अभिजीत पर कई लोगों ने फूल भी बरसाए। भारत में जन्मे अमेरिकी प्रोफेसर बनर्जी ने फ्रांसिसी-अमेरिकी एस्थर डुफ्लो और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के माइकल क्रेमर के साथ संयुक्त रूप से 2019 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जीता। डुफ्लो उनकी पत्नी भी है।

# कश्मीर में विद्यार्थी परीक्षा के लिए तैयार नहीं

एजेंसी। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** में केवल आधा पाठ्यक्रम पूरा होने के बावजूद संबंधित प्रशासन द्वारा विभिन्न कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से कराने का फैसला करने के बाद खासकर घाटी के विद्यार्थी दुविधा में फंस गए हैं। पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर में विद्यालयों को बंद कर दिया गया था। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों से उन महीनों की फीस ली, जब स्कूल बंद थे। उनका कहना है कि अब स्कूल प्रशासन ने पाठ्यक्रम में बिना कोई ढील दिए वार्षिक परीक्षाओं की घोषणा कर दी है।

अभिभावक और विद्यार्थी परेशान हैं कि यदि परीक्षाएं पाठ्यक्रम में बिना किसी कटौती के होती हैं तो विद्यार्थी शायद अच्छे अंक नहीं ला पाएंगे, लेकिन यदि वार्षिक परीक्षाएं नहीं होती हैं तो उन्हें एक कीमती वर्ष का नुकसान हो जाएगा। विद्यार्थियों का कहना है कि वे इस स्थिति में बहुत परेशान हैं और उन्होंने निर्धारित पाठ्यक्रम के करीब आधे हिस्से का ही अध्ययन किया है।

यहां एक निजी विद्यालय की कक्षा बारहवीं की छात्रा न्याला ने कहा, हम पांच अगस्त से घर में हैं। कोई कक्षा नहीं हुई और वर्तमान माहौल में पढाई बहुत मुश्किल रही। कैसे हम परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं? उसने कहा कि पाबंदियों के चलते निजी ट्यूशन भी प्रभावित रहा। सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की भी यही कहानी है। सरकार ने घाटी में क्रमिक ढंग से विद्यालयों को खोलने की घोषणा की और शिक्षक स्कूल आने लगे लेकिन विद्यार्थी स्कूल नहीं आए।

एक सरकारी विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र मुसैब ने कहा, हम स्कूल नहीं जा सके। हमारे माता पिता निजी ट्यूशन का खर्चा नहीं उठा सकते। हमने पूरा पाठ्यक्रम पढ़ा नहीं, ऐसे में कैसे हम वार्षिक परीक्षाओं के लिए तैयार हो सकते हैं? विद्यार्थी चाहते हैं कि परीक्षाएं टाल दी जाएं या फिर कम से कम, पाठ्यकम में कुछ कमी की जाए ताकि प्रश्न पत्र उसके हिसाब से सेट हों। पांच अगस्त को सरकार ने जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने के लिए अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर दिया था और जम्मू कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया था। कश्मीर के स्कूल शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों का कहना है कि राज्यपाल शासन निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से और पाठ्यक्रम में बिना किसी कटौती के परीक्षाएं कराने पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं है।



अगरतला में दीपावली पर्व की तैयारी के लिए दीपों को कार्यशाला में तैयार करते हुए कारीगर

# पिता की विरासत को बनाए रखेगा उनके नाम पर बना पुल

## कर्नल चेवांग रिनचेन की बेटी फुनसांग आंगमो ने कहा

**लेह (लद्दाख)।** कर्नल चेवांग रिनचेन के नाम पर देश का सबसे ऊंचा पुल राष्ट्र को समर्पित किया गया है जो हर मौसम में यातायात के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर कर्नल रिनचेन की बेटी फुनसांग आंगमो ने अपने दिवंगत पिता को याद करते हुए कहा कि वह प्रखर देशभक्त, सरल और महान योद्धा थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को चीन की सीमा से करीब 45 किलोमीटर दूर श्योक नदी पर 1400 फुट लंबे सेतु को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत और दिवंगत कर्नल रिनचेन की पुत्री भी उपस्थित थीं। सिंह ने कर्नल रिनचेन को याद करते हुए कहा था कि उनका साहस और पराक्रम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सेतु राष्ट्र के लिए उनके योगदान के प्रति सम्मान है।

62 वर्षीय आंगमो ने विशेष बातचीत में कहा, मुझे अत्यंत गर्व हो रहा है कि इस पुल का नाम मेरे पिता के नाम पर रखा गया है जो महान योद्धा और प्रखर देशभक्त थे। उन्होंने अपने देश को प्यार किया तथा सेना में शामिल होने से पहले ही उसकी रक्षा के लिए लड़े।

कर्नल रिनचेन की नातिन रिनचेन डोलकर ने भी समारोह में हिस्सा लिया। वह 14,650 फुट ऊंचाई पर स्थित पुल को देखकर मंत्रमुग्ध थीं जिसे उनके नाना के नाम पर जाना जाएगा। डोलकर ने बताया कि उनके नाना के नाम पर ही उनका नाम रखा गया। मां-बेटी ने सरकार और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) का शुक्रिया अदा किया जिसने यह पुल बनाया है। जम्मू में एक मेडिकल कॉलेज से शिक्षक के तौर पर सेवानिवृत्त हुईं आंगमो ने कहा , मेरे पिता ने हमारे अंदर देश और लद्दाख के प्रति प्यार तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान पैदा किया था। लेह में एक सार्वजनिक चौक पर उनकी प्रतिमा है और 1997 में उनके निधन के बाद एक पार्क का नाम उनके नाम पर रखा गया। हम उन्हें सम्मान देने के सरकार के इस फैसले से अभिभूत हैं। कर्नल रिनचेन का जन्म 11 नवंबर, 1931 को लद्दाख में नुब्रा घाटी के सुमुर गांव में हुआ था। उन्हें दुश्मनों के हमलों के दौरान लेह तथा परतापुर सेक्टर की रक्षा करने के लिए उनके साहसिक कारनामों की वजह से लद्दाख का शेर कहा जाता था।

## अब्दुल्लाकुट्टी को केरल भाजपा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया

**तिरुवनंतपुरम।** हाल ही में भाजपा में शामिल हुए कन्नूर के पूर्व सांसद ए पी अब्दुल्लाकुट्टी को पार्टी की केरल इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पी एस श्रीधरन पिल्लै ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, अब्दुल्लाकुट्टी को पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पिल्लै ने केरल में पांच विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार को हुए उपचुनाव के नतीजे को लेकर मीडिया संगठनों द्वारा कराए गए एक्जिट पोल को भी खारिज कर दिया। इन एक्जिट पोल में भाजपा नीत राजग के खराब प्रदर्शन की बात की गई है। हम कई मीडिया संगठनों द्वारा कराए गए एक्जिट पोल के नतीजे को नहीं मानते हैं। यह हमारी मूल स्थिति है। वर्षा की वजह से मतदान प्रतिशत घटा। इस बीच, प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अब्दुल्लाकुट्टी ने संवाददाताओं से कहा, हां, मेरी विचारधारा बदल गई है और मैं केरल के लोगों की बेहतरी के लिए काम करूंगा। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। दो बार माकपा के सांसद रह चुके अब्दुल्लाकुट्टी को 2009 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करने पर वामदल ने निष्कासित कर दिया था। अब्दुल्लाकुट्टी बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वह दो बार विधानसभा के लिए चुने गए। 2019 के आम चुनाव में भाजपा नीत राजग की शानदार जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की तब कुछ दिन बाद कांग्रेस ने उन्हें तीन जून को निष्कासित कर दिया था।

# पेज एक का शेष

## कमलेश तिवारी...

को उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया जाएगा। गुजरात एटीएस के अनुसार दोनों आरोपियों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। इस गिरफ्तारी की सूचना यूपी के डीजीपी को दे दी गई है। इन दोनों ने 18 अक्टूबर को लखनऊ के खुर्शेदबाग में कमलेश तिवारी की घर में घुसकर हत्या कर दी थी। दोनों भगवा वेश में वारदात करने पहुंचे थे। हत्या के बाद होटल खालसा इन में इन लोगों ने कपड़े बदले थे और फिर ट्रेन से बरेली भाग गए थे। कमलेश तिवारी की हत्या की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी रशीद पठान उर्फ राशिद, मोहसिन शेख और फैजान घटना के दूसरे दिन ही सूरत में पकड़ लिए गए थे। इनमें फैजान ने ही सूरत में एक दुकान से मिठाई खरीदी थी। इस दुकान का बिल घटनास्थल पर मिला था। हत्यारे मिठाई के डिब्बे में ही पिस्टल और चाकू छिपाकर लाए थे।

## हिन्दू समाज...

हुआ है कि उसने कमलेश तिवारी की हिंदू समाज पार्टी (एचएसपी) में शामिल होने के लिए अपने एक सहयोगी के आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल करके उसकी पहचान हासिल की थी। दूसरी ओर प्रभारी सीजेएम सुदेश कुमार के आवास पर सूरत से लाए गए तीनों आरोपियों को पेश किया गया जिन्हें आईपीसी की धारा 302 व 120 बी के आरोपों में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। साथ ही आरोपियों की 23 से 27 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली गयी। एटीएस ने सोमवार की देर रात बरेली के प्रेमनगर थानान्तर्गत शाहबाद मोहल्ले से आला हजरत दरगाह के मुफ्ती सैयद कैफी अली आजमी को गिरफ्तार किया। मुफ्ती के बारे में बताया जा रहा है कि वह यहां दरगाह आला हजरत का खादिम और नात गायक है। मोबाइल सर्विलांस के आधार पर एटीएस को पता चला था कि लखनऊ में कमलेश की हत्या करने के बाद दोनों शूटरों ने मुफ्ती को न सिर्फ फोन किया था बल्कि बरेली आकर उससे मुलाकात भी की थी। संदेह है कि मुफ्ती ने शूटरों की मदद की। हालांकि सीधे तौर पर उसका कोई दोष नहीं सिद्ध हुआ है। उसके परिजन और पड़ोसी भी उसे बेगुनाह बता रहे हैं। वास्तविकता का पता लगाने के लिए एटीएस मुफ्ती को लखनऊ लायी है। उसे इस संबंध में विस्तार से पूछताछ की जाएगी। इधर सूरत से मिली जानकारी अनुसार हत्याकांड के मुख्य शूटर अशफाक शेख ने कथित तौर पर अपने सहयोगी रोहित सोलंकी की फोटो को अपने आधार कार्ड पर लगा दिया। उसने आधार कार्ड पर जन्म तिथि को भी बदल दिया। सोलंकी ने पत्रकारों को बताया कि उसे हत्या मामले में उसका नाम आने से पहले शेख के कृत्यों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहाकि मैं एक फार्मा कंपनी के लिए एक चिकित्सा प्रतिनिधि के रूप में काम करता था और अशफाक शेख मेरे वरिष्ठ थे। क्योंकि वह क्षेत्रीय प्रबंधक थे, इसलिए मैंने उन्हें कंपनी की नीति के अनुसार औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अपने आधार कार्ड की एक प्रति सौंपी। अब मुझे पता चला कि मेरी पहचान हासिल करने के लिए उसने आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल किया। सोलंकी ने कहा, अशफाक ने आधार कार्ड पर मेरी फोटो बदल दी। उसने जन्म तिथि भी बदल दी, लेकिन अन्य जानकारियां जैसे नाम और विशिष्ट पहचान संख्या में छेड़छाड़ नहीं की। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले 18 महीनों में कभी शेख का व्यवहार संदिग्ध नहीं लगा। सोलंकी ने कहा, यह जानकर वास्तव में बहुत हैरानी हुई कि वह अपराध में शामिल है और उसने मेरे आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि वह शेख के खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराएगा। शेख उर्फ सोलंकी को एचएसपी में गुजरात इकाई के अध्यक्ष जयमीन दवे द्वारा शामिल किया गया था। दवे ने कहा कि उन्हें शेख की वास्तविक पहचान के बारे में जानकारी नहीं थी क्योंकि जो आधार कार्ड सौंपा गया था उसमें उसने अपनी सोलंकी के रूप में बताई थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के साथ शेख की जाली पहचान की जानकारियों को साझा किया है। शेख इस वर्ष जून में एचएसपी में शामिल हुआ था और उसे सूरत शहर में वराछा वार्ड के लिए पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ में प्रचारक नियुक्त किया गया था।

## मां-बेटा...

जाए। कुसुम देवी ने कहा कि वह सरकार की तारीफ तो हमेशा करती हैं लेकिन जिसका जवान बेटा मरता है, उसके मुंह से कुछ ना कुछ तो निकलता ही है। कमलेश तिवारी का बड़े बेटा सत्यम तिवारी ने कहा कि वह गुजरात एटीएस का धन्यवाद देते हैं। उनकी भी मांग हैकि उनके पिता के हत्यारों को फांसी होनी चाहिए।

## अपराध में...

एक साल से भी अधिक देरी से जारी किए गए वार्षिक आंकड़ों में दर्शाया गया है कि 2017 में देशभर में विभिन्न अपराधों के कुल 30,62,579 दर्ज हुए। इससे पहले 2016 में 29,75,711 और 2015 में 29,49,400 केस सामने आए थे। आंकड़ों के मुताबिक 2017 में उत्तर प्रदेश में 3,10,084 मामले दर्ज किए गए। इससे पहले 2016 में 2,82,171 केस और वर्ष 2015 में 2,41,920 केस लिखे गए थे। आपराधिक घटनाओं में 9.4 प्रतिशत हिस्से के साथ महाराष्ट्र का नंबर दूसरा है। यहां 2017 में 2,88,879, वर्ष 2016 में 2,61,714 और 2015 में 2,75,414 मामले दर्ज किए गए। आबादी के लिहाज से एक और बड़े राज्य मध्य प्रदेश में भी वर्ष 2017 में 2,69,512 आपराधिक घटनाएं हुईं। देशभर के अपराध में इस राज्य का हिस्सा 8.8 प्रतिशत रहा। यहां 2016 में 2,64,418 और वर्ष 2015 में 2,68,614 केस लिखे गए। अपराध के मामले में चौथा नंबर केरल का है जहां 2,35,846 मामले दर्ज हुए। इसके बाद पांचवें स्थान पर दिल्ली रही जहां 2017 में कुल 2,32,066 आपराधिक केस सामने आए हैं। खास बात यह कि जब तब आपराधिक घटनाओं के लिए चर्चा में रहने वाले बिहार का नंबर इस सूची में छठा है जहां 1,80,573 केस दर्ज किए गए। इसके बाद पश्चिम बंगाल है जहां 1,63,999 केस रिकार्ड में आए। एनसीआरबी का कहना है कि आम लोगों की सुविधा के लिए दिल्ली और यूपी ने गाड़ी और अन्य सामान की चोरी के मामलों में ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा दी है।

## आतंकियों ने...

सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि टेक्निकल इंटेलिजेंस की कमी का अच्छा खासा असर मानव संसाधन आधारित इंटेलिजेंस पर भी हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों के हाथों मारे जाने से पहले अल कायदा कश्मीर का प्रमुख जाकिर मूसा सुरक्षा एजेंसियों के राडार पर आने से बचने जैसे खास मकसद से अपने आप नष्ट हो जाने वाले फीचर से लैस ऐप विकसित करता था। मूसा ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी थी और अपनी इस शैक्षणिक पृष्ठभूमि का उपयोग वह ऐप बनाने में करता था। इस साल की शुरुआत में मारे जाने से पहले तक इन्हीं की मदद से उसने कई साल सुरक्षा एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकी थी। ब्रिजफ्री नाम से भी लोकप्रिय ब्रिजफाई ऐप को सैनफ्रांसिस्को की एक कंपनी ने उन इलाकों में टेलीकॉम कनेक्टिविटी की कमी दूर करने के लिए विकसित किया था जहां पारंपरिक टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क अथवा वाईफाई उपलब्ध नहीं था। सूत्रों ने बताया कि राजधानी श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर के आसपास के इलाकों समेत घाटी में इस ऐप का इस्तेमाल आतंकी गुटों द्वारा अपने लोगों, ऑपरेशनल कमांड और आतंकियों के बीच आईएसआई के संदेशों को पहुचांने के लिए किया जा रहा है। ताजा घटनाक्रम सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक चुनौती बनकर सामने आया है जो कि लगातार आतंकी गुटों की हरकतों पर लगाम लगाने और हिंसक इरादों को ध्वस्त करने में जुटी हुई हैं।

## मुठभेड़ में ...

संघर्षविराम उल्लंघन के बाद एक संक्षिप्त बयान में एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, आज, नौशेरा सेक्टर में एक जेसीओ शहीद हो गए। इससे पहले दिन में, पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट मंगलवार को पाकिस्तान की भारी गोलाबारी में दो नागरिक घायल हो गए। सीमा पार से यह ताजा गोलीबारी ऐसे समय में हुई जब दो दिन पहले भारतीय सेना ने बिना उकसावे के पाकिस्तान की ओर की गई कार्रवाई के जवाब में भारी गोलाबारी की तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की नीलम घाटी में चार आतंकवादी शिविरों एवं कई सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। भारतीय जवाबी गोलाबारी में छह से दस पाकिस्तानी सैनिक और करीब 20 आतंकवादी मारे गए। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पुंछ के बालाकोट क्षेत्र में सीमा पार से दोपहर में गोलाबारी की। इस गोलाबारी में दो नागरिक घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि गोलाबारी प्रभावित गांवों में रहने वाले लोगों ने घरों में और भूमिगत बंकरों में शरण ली वहीं क्षेत्र में बने स्कूलों के बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

# किसी भी आतंकी या नौकरशाह ने अपना बच्चा आतंकवाद में नहीं खोया

**एजेंसी।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर के** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा कि हुर्रियत, मुख्यधारा की पार्टियों, धार्मिक उपदेशकों और मौलवियों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल आम कश्मीरी लोगों के बच्चों को मरवाने में किया जबकि उनमें से किसी ने भी आतंकवाद की वजह से अपनों को नहीं खोया।

राज्यपाल ने आरोप लगाया कि प्रभावी और शक्तिशाली तबकों ने कश्मीरी युवाओं के सपने और उनकी जिंदगियों को तबाह कर दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह इस सच्चाई को समझें और राज्य में शांति और समृद्धि लाने के केंद्र सरकार के प्रयासों में शामिल हो जाएं।मलिक ने कटरा शहर में श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, उन सभी के अपने बच्चों का करियर अच्छा चल रहा है और लेकिन आम कश्मीरी व्यक्ति के बच्चों को बताया गया कि स्वर्ग का रास्ता मारे जाने में है। उन्होंने कहा, नेता, नौकरशाह, प्रभावी और शक्तिशाली लोगों ने युवाओं के सपने और उनके जीवन को बर्बाद कर दिया। राज्यपाल ने कहा, सामाजिक नेता, धार्मिक उपदेशकों, मौलवियों, हुर्रियत और मुख्यधारा की पार्टियों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल आम



कश्मीरी लोगों के बच्चों को मरवाने में किया। उनमें से किसी ने भी अपना बच्चा नहीं खोया और उनके परिवार में से कोई भी आतंकवाद से नहीं जुड़ा। मलिक ने कहा, मैंने खुफिया एजेंसियों से भी इनपुट नहीं लिया। वे भी दिल्ली या हमें सच नहीं बता रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने सीधे तौर पर 150 से 200 कश्मीरी युवाओं से बात की और कॉलेजों और

● राज्यपाल ने आरोप लगाया कि प्रभावी और शक्तिशाली तबकों ने कश्मीरी युवाओं के सपने और उनकी जिंदगियों को तबाह कर दिया

विश्वविद्यालयों में उन्हें पहचानने की कोशिश की जो राष्ट्रगान पर खड़ा नहीं होते हैं। मैंने उनसे और 25 से 30 साल के आयु वर्ग वाले उन लोगों से बात की जिनके सपने कुचल दिए गए, वे भ्रमित हैं और गुस्से में हैं...वे न तो हुर्रियत चाहते हैं, न हमें चाहते हैं और न केंद्र सरकार को या स्वायत्तता को क्योंकि उन्हें बताया गया है कि स्वर्ग जाने का रास्ता मरने में है। राज्यपाल ने कहा कि मैंने ऐसे युवाओं से कहा कि उनके पास कश्मीर में पहले से ही स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि 22,000 कश्मीरी युवा राज्य से बाहर शिक्षा हासिल कर रहे हैं।राज्यपाल ने कहा, उन्हें शिक्षा के लिए राज्य से बाहर क्यों जाना पड़ता है ? ऐसा इसलिए है क्योंकि हम पिछले कई दशकों से राज्य में मानक शिक्षा छात्रों को मुहैया नहीं करा पाए हैं। कश्मीर में भेजे गए धन का इस्तेमाल अगर नेता और नौकरशाह सही तरीके से करते तो आपके घरों की छतें सोने की बन गई होतीं।



नई दिल्ली में एक मुलाकात के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मेघायल के मुख्यमंत्री कोनार्ड के. संगमा

## क्विक न्यूज

### असम में जिलेटिन की 27 छड़ों समेत विस्फोटक बरामद, एक गिरफ्तार

**दीफू (असम)।** असम में कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू कस्बे में एक मकान से जिलेटिन की छड़ों समेत विस्फोटक बरामद हुए है और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस उपाधीक्षक नाहिद करिश्मा ने बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों के एक संयुक्त दल ने दीफू के दिलाजी इलाके के एक मकान में सोमवार रात छापा मारा और परिसर से विस्फोटक जब्त किए।अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में लालचंदचोक एफ तुसिंह को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने बताया कि मकान से जिलेटिन की 27 छड़ें, अन्य विस्फोटकों के छह पैक और बिजली की तारें मिली है।अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि उसने मेघालय में अपने एक दोस्त से विस्फोटक खरीदे थे ताकि वह इसे उन लोगों को बेच सके जो विस्फोट करके मछलियां पकड़ना चाहते है।

### विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस एक सप्ताह में जारी करेगा ड्रोन रोधी नियम

**नई दिल्ली।** देश मे किसी भी अवांछित ड्रोन से निपटने के लिए विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस एक सप्ताह मे ड्रोन रोधी नियम जारी करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) मे उप महानिदेशक महेश्वर दयाल ने कहा, ड्रोन निरोध के लिए हम हफ्तेभर से भी कम वक्त मे दिशा-निर्देश जारी करेंगे। यह अंतिम चरणो मे है। मेरे खयाल से यह सुरक्षित आकाश की दिशा मे एक बड़ा कदम होगा। वह उद्योग संगठन फिक्की और वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्मार्ट सेफ सिक्युर स्काइज को संबोधित कर रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर में साइबर अपराधों से निपटने के लिए नए पुलिस थाने

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने साइबर अपराधो से निपटने, मामले दर्ज करने और जांच करने के लिए दो नए पुलिस थाने बनाए है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य के गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू और श्रीनगर मे दो नए पुलिस थाने बनने के बाद अब राज्य मे कुल चार साइबर थाने हो गए है। अपराध शाखा के दो मौजूदा प्रतिष्ठान के अतिरिक्त ए दो साइबर पुलिस स्टेशन बने है।

### भारत-बांग्लादेश बैठक में सीमा संबंधित मुद्दा होगा शीर्ष एजेंडे में

**अगरतला ।** त्रिपुरा और बांग्लादेश के पड़ोसी जिले के अधिकारियों के बीच बुधवार को होने वाली रणनीतिक बैठक मे सीमा पर बाड़ और सीमा पार से होने वाले अपराध पर चर्चा होगी। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम त्रिपुरा, सिपाहीजाला और खोवाई के जिला मजिस्ट्रेट भारत की ओर से इस बैठक में मौजूद होंगे जबकि बांग्लादेश की ओर से ब्राह्मणबरिया, कोमिल्ला एवं मौलवी बाजार के जिला मजिस्ट्रेट या उपायुक्त हिस्सा लेंगे।पश्चिम त्रिपुरा के जिला मजिस्ट्रेट संदीप महात्मे ने पीटीआई को बताया, सीमा पर बाड़, सीमा पार से होने वाले अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मुद्दो पर चर्चा होगी।

# सीमा पार पाकिस्तान की हर हरकत पर बीएसएफ की पैनी नजर : लोढ़ा

**एजेंसी।** जैसलमेर

**सीमा सुरक्षाबल** (राजस्थान फ्रंटियर) के महानिरीक्षक अमित लोढ़ा ने मंगलवार को कहा कि सीमा पार पाकिस्तान की हर हरकत पर बल की पैनी नजर है और वह किसी भी परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। दो दिवसीय जैसलमेर दौरे पर आए लोढ़ा ने आज संवाददाताओं से कहा कि सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) राजस्थान से लगती पाकिस्तान सीमा पर हर परिस्थिति से निपटने के लिए के लिए सजग और तैयार है।उन्होंने कहा कि बीएसएफ को तकनीकी हिसाब से और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है तथा इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि सीमा पार से होने वाली हर हरकत का करारा जवाब दिया जा सके।सीमा पार क्षेत्र में भारतीय

● दो दिवसीय जैसलमेर दौरे पर आए लोढ़ा ने आज संवाददाताओं से कहा कि बीएसएफ राजस्थान से लगती पाकिस्तान सीमा पर हर परिस्थिति से निपटने के लिए के लिए सजग और तैयार है

सीमा के निकट ड्रोन का इस्तेमाल किए जाने के बारे में बल के महानिरीक्षक ने स्पष्ट किया कि सीमा पार होने वाली हर हरकत की जानकरी बल के पास है और उससे निपटने में बल सक्षम है।उन्होंने कहा कि सीमा के निकट रहने वाले लोगों के साथ बल का बेहतर तालमेल रहे, इसके लिए भी बीएसएफ हमेशा प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में बीएसएफ ने घर आंगन नाम से सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए सामाजिक सरोकार की एक योजना शुरू की है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

## बीएसएफ ने पंजाब में भारत-पाक सीमा पर तीन ड्रोन देखे

**फिरोजपुर।** पंजाब के हुसैनीवाला सेक्टर में तैनात बीएसएफ जवानों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर तीन ड्रोन देखे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।हालांकि, ऐसी खबरें हैं कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों ने सोमवार रात को पाकिस्तान की ओर से आ रहे ड्रोनों पर गोलियां चलाई लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।इस महीने की शुरुआत में बस्ती राम लाल, टेंडी वाला और हजारा सिंह वाला गांवों के निवासियों ने ड्रोन देखे थे जिसके बाद बीएसएफ को अलर्ट किया गया था। उस समय बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने खोज अभियान चलाया लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बीएसएफ ने उस समय भारत-पाकिस्तान सीमा पर रहने वाले निवासियों से कहा था कि अगर वे जीरो लाइन पर कुछ भी अजीब देखें तो फौरन पुलिस या बीएसएफ अधिकारियों को सूचित करें।

# बसपा नेताओं के साथ अभद्रता को लेकर मायावती ने कांग्रेस पर निशाना साधा

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान की** राजधानी में बहुजन समाज पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ताओं ने टिकट वितरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जूतों की माला पहना दी और उनके चेहरे पर कालिख पोत दी।

वहीं, बसपा प्रमुख मायावती ने इस घटना को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है।यह घटना मंगलवार को यहां बनीपार्क स्थित बसपा कार्यालय में हुई। खबरों के अनुसार बसपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक रामजी गौतम और पार्टी की राज्य इकाई के प्रभारी सीताराम के चेहरे पर काली स्याही पोत दी और उन्हें जूतों की माला पहना दी। उन्होंने गौतम को गधे पर भी बैठा



दिया। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है।पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इन दोनों नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विश्वासघात किया है। वे कार्यकर्ताओं की दुर्दशा को पार्टी की प्रमुख मायावती तक नहीं पहुंचाते हैं और भ्रष्टाचार करते हैं।घटना के संबंध में एक कार्यकर्ता ने कहा, हमारे कार्यकर्ता अपने नेताओं से परेशान हैं। कार्यकर्ता पांच साल मेहनत करते हैं, लेकिन नेता पैसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के पैराशूट उम्मीदवारों को टिकट देते हैं। बसपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरअंदाज किया जाता है और उनका शोषण किया जाता है। बसपा प्रमुख मायावती ने इस घटना की निंदा करते हुए कांग्रेस पार्टी पर राज्य में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर हमला कराने का आरोप लगाया। मायावती ने ट्वीट किया, कांग्रेस पार्टी ने पहले राजस्थान में बसपा विधायकों को तोड़ा और अब मूवमेन्ट को अघात पहुँचाने के लिए वहाँ वरिष्ठ लोगों पर हमला करा रही है जो अति-निन्दनीय और शर्मनाक है। उन्होंने लिखा है, कांग्रेस अम्बेडकरवादी मूवमेन्ट के खिलाफ काफी गलत परम्परा डाल रही है जिसका जैसे को तैसा जवाब लोग दे सकते हैं।

# त्रिपुरा के पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री बादल चौधरी गिरफ्तार

**एजेंसी।** अगरतला

**माकपा केंद्रीय** समिति के सदस्य और त्रिपुरा के पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री बादल चौधरी को 630 करोड़ रुपए के घोटाले में कथित रूप से शामिल रहने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह आरोप उनके खिलाफ तब का है जब वह प्रदेश में वाम मोर्चे की सरकार में पीडब्लूडी मंत्री थे।पश्चिमी त्रिपुरा जिले के पुलिस अधीक्षक मानिक दास ने बताया कि चौधरी को सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को एक स्थानीय अदालत में जमानत नहीं मिलने के बाद से वह फरार चल रहे थे। दास ने संवाददाताओं को बताया, चौधरी के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

बीमारी से उबरने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मानिक सरकार एवं माकपा प्रदेश समिति के सचिव गौतम दास और अन्य वाम नेता सोमवार की रात अस्पताल गए और चौधरी से मुलाकात की।

अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि पूर्व मंत्री की हालत नाजुक है। इस बीच त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने सोमवार का चौधरी की अग्रिम जमानत की याचिका पर सुनवाई की और मंगलवार तक फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## जम्मू और रियासी जिले से मादक पदार्थ रखने के आरोप में चार गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू और रियासी जिले में विभिन्न मादक पदार्थ रखने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि जम्मू में शामघाट के निकट चाठा रोड पर पुलिस की एक टीम ने एक मोटरसाइकिल सवार को रोका और उससे पूछताछ की। उसके पास से 30 ग्राम हेरोइन बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।एक अन्य घटना में पुलिस ने बठिंडा के रहनेवाले मल्कीत सिंह और भूपिंद्र सिंह को उनकी कार से 14 किलोग्राम पोस्ता दाना मिलने के बाद गिरफ्तार किया। इन दोनों को जाज्जरकोटली क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया। वहीं तीसरी घटना में पुलिस ने एक व्यक्ति को 68 ग्राम भांग के साथ रियासी जिले के सिरला भागा में गिरफ्तार किया।

# न्यायालय ने तमांग की अयोग्यता अवधि को चुनौती मिलने पर केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी करार दिए गए और सजा मुकर्र किए गए सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के लिए अयोग्यता की अवधि छह साल से घटा कर महज 13 महीने करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली एक याचिका पर मंगलवार को केंद्र और आयोग से जवाब मांगा।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर की पीठ ने राज्य सरकार और तमांग को भी नोटिस जारी कर उनसे इस अर्जी पर जवाब मांगा। अर्जी में चुनाव आयोग को अयोग्यता अवधि (चुनाव लड़ने पर लगी रोक की अवधि) हटाने या घटाने का अधिकार देने वाले जन

● अर्जी में चुनाव आयोग को अयोग्यता अवधि (चुनाव लड़ने पर लगी रोक की अवधि) हटाने या घटाने का अधिकार देने वाले जन प्रतिनिधित्व कानून के संबंधित प्रावधान को चुनौती दी गई है

प्रतिनिधित्व कानून के संबंधित प्रावधान को चुनौती दी गई है।

अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 24 दिसंबर तय की। तमांग के सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने अप्रैल में विधानसभा चुनाव जीता था और उन्होंने 27 मई को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। लेकिन वह अयोग्य ठहराए जाने के कारण चुनाव लड़ नहीं सके थे।

उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहने के लिए छह महीने के अंदर विधानसभा चुनाव लड़ने की जरूरत है। उन्हें 26 दिसंबर, 2016 को भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत अपराधों को लेकर दोषी ठहराया गया था और एक साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने 10 अक्टूबर, 2018 को एक साल की कैद की सजा पूरी कर ली थी।सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के महासचिव डेक बहादुर कतवाल ने याचिका दायर कर कहा है कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 11 असंवैधानिक है क्योंकि यह चुनाव आयोग को अयोग्यता अवधि हटाने या घटाने का अनियंत्रित एवं मनमानापूर्ण अधिकार देती है।कतवाल ने नामांकन भरने के आखिरी दिन से एक दिन पहले 29 सितंबर को चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश को भी चुनौती दी है जिसके मार्फत तमांग की छह साल की अयोग्यता अवधि में चार साल 11 महीने की कमी कर दी गई।सुदर्शन गोयल, सिद्धार्थ शर्मा और श्रुति अरोड़ा ने याचिका दायर कर कहा है कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 11 इस कानून के लक्ष्य एवं उद्देश्य के विरूद्ध है क्योंकि यह कानून दोषी ठहराए गए व्यक्तियों को भारत में छह साल तक चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने के लिए बनाया गया है।




चेन्नई में आल इंडिया बैंक एसोसिएशन द्वारा बुलाई गई हड़ताल को लेकर बैंक कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए

## माँ के प्रेमी की हत्या के आरोप में 21 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने 21 वर्षीय एक युवक को यहां बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स बस अड्डे पर अपनी मां के कथित प्रेमी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को शक था कि परवेज शेख के उसकी माँ के साथ अवैध संबंध हैं।उन्होंने कहा कि घटना सोमवार रात 10 बजे हुई जब आरोपी को यह पता चला कि उसकी माँ बस अड्डे पर परवेज शेख के साथ बैठी है। इस बात का पता लगते ही आरोपी घटनास्थल पर पहुंचा और परवेज पर ईंट से प्रहार किया। अधिकारी ने बताया कि प्रहार के कारण परवेज का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। राहगीरों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रदीप भोसले ने बताया कि आरोपी एम एच साबू सिद्दिक कॉलेज का छात्र है ।

# सांसद की पत्नी ने किस्मत की बराबरी रेप से की, इंटरनेट पर भड़का लोगों का गुस्सा

**एजेंसी।** कोच्चि

**कांग्रेस सांसद** हिबी ईडन की पत्नी द्वारा फेसबुक पर लिखे गए एक पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर कोहराम मच गया है। सांसद की पत्नी ने इस पोस्ट में किस्मत और बलात्कार के बीच समानता बताई है। हिबी ईडन एर्नाकुलम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। अन्ना लीना ईडन ने कोच्चि में सोमवार को बारिश के बाद आई बाढ़ के दौरान अपनी बेटी और पति ईडन की दशा बताने के लिए फेसबुक पर पोस्ट किए गए दो वीडियो क्लिप के साथ लिखा, किस्मत बलात्कार के समान है, अगर आप इसे रोक नहीं सकते, तो इसका आनंद लेने की कोशिश करें। एक वीडियो में उनकी बेटी को पानी में घिरे घर से बाहर निकालते दिखाया गया है जबकि दूसरे वीडियो में उनके पति किसी जगह सिजलर (गर्मा गरम खाना) का आनंद उठाते हुए दिख रहे हैं। सोशल

● दो वीडियो क्लिप के साथ लिखा, किस्मत बलात्कार के समान है, अगर आप इसे रोक नही सकते, तो इसका आनंद लेने की कोशिश करें

मीडिया उपयोगकर्ता महिला विरोधी टिप्पणी को लेकर अन्ना पर जमकर बरसे जबकि कुछ ने कथित तौर पर अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उन पर हमला बोला। लोगों के गुस्से की भनक लगते ही उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट हटा लिया। एक अन्य फेसबुक पोस्ट में अन्ना ने खेद जाहिर किया और कहा कि अपने पोस्ट के जरिए वह बुरे अनुभवों से उबरने का प्रयास कर रही थीं।

# अनुच्छेद 370 हटाने के भारत के उद्देश्य का समर्थन करते हैं: अमेरिका

● पर कश्मीर में हालात पर चिंतित हैं

एजेंसी। वाशिंगटन

**ट्रम्प** प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के पीछे के भारत के मकसद का समर्थन करता है, लेकिन वह घाटी में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित है। उसने कहा कि वह भारत के पांच अगस्त के इस फैसले के बाद से राज्य में हालात पर करीब से नजर रख रहा है।

दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों की अमेरिकी कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस जी वेल्स ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति की एशिया, प्रशांत एवं निरस्त्रीकरण उपसमिति को बताया कि भारत सरकार ने तर्क दिया है कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने का फैसला आर्थिक विकास करने, भ्रष्टाचार कम करने और खासकर महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के संदर्भ में जम्मू-कश्मीर में सभी राष्ट्रीय कानूनों को समानता से लागू करने के लिए लिया गया है। वेल्स ने कहा, हम इन उद्देश्यों का समर्थन करते हैं, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्रालय कश्मीर घाटी में हालात को लेकर चिंतित है जहां पांच अगस्त के बाद करीब 80 लाख लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद से अमेरिका जम्मू-कश्मीर में हालात पर करीब से नजर रख रहा है।

वेल्स ने कहा, हालांकि जम्मू और लद्दाख में हालात सुधरे हैं, लेकिन घाटी में स्थिति सामान्य नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत नेताओं और स्थानीय निवासियों को हिरासत में लेने को लेकर भारत सरकार के समक्ष चिंता जताई है।



उन्होंने कहा, हमने भारत सरकार से मानवाधिकारों का सम्मान करने और इंटरनेट एवं मोबाइल नेटवर्कों समेत सेवाओं तक पूर्ण पहुंच बहाल करने की अपील की है। वेल्स ने कहा कि कश्मीर में हुए घटनाक्रम को विदेशी और स्थानीय पत्रकारों ने बड़े पैमाने पर कवर किया है लेकिन सुरक्षा संबंधी पाबंदियों के कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच सीधी वार्ता के समर्थक हैं: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि वह शिमला समझौते के अनुसार भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है लेकिन इस वार्ता में मुख्य बाधा सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान का समर्थन देना है। दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों की अमेरिकी कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस जी वेल्स ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति की एशिया, प्रशांत एवं निरस्त्रीकरण उपसमिति से कहा, हमारा मानना है कि 1972 के शिमला समझौते में बताए अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत करना तनाव कम करने में सर्वाधिक कारगर हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा बताया जाता है कि 2006-2007 में पर्दे के पीछे की वार्ता के दौरान भारत और पाकिस्तान ने कश्मीर समेत कई मामलों पर उल्लेखनीय प्रगति की थी। वेल्स ने कहा, इतिहास दर्शाता है कि क्या संभव हो सकता है। उन्होंने कहा, उपयोगी द्विपक्षीय वार्ता पुन: आरंभ करने के लिए भरोसा कायम करने की आवश्यकता है और सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान का समर्थन देना इस वार्ता में मुख्य बाधा है। वेल्स ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के इस हालिया बयान का स्वागत करता हौ कि कश्मीर में हिंसा करने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी कश्मीरियों और पाकिस्तान दोनों के दुश्मन है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा, पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी समूहों को शरण दे रहा है जो सीमा पार हिंसा को भड़काना चाहते हैं। पाकिस्तान का शरण मुहैया कराना अस्थिरता पैदा करता है और पाकिस्तानी प्राधिकारी अपने कदमों के लिए जवाबदेह हैं। वेल्स ने कहा, हमारा मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी प्रकार की सफल वार्ता इस बात पर निर्भर करती है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतकंवादियों के खिलाफ सतत एवं अपरिहार्य कार्वाई करे। उन्होंने सांसदों से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा समेत अपने भारतीय एवं पाकिस्तानी समकक्षों से कई बार बात की। वेल्स ने कहा कि कश्मीर में सुरक्षा हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं एवं सुरक्षा बलों के बीच नियमित झड़पें हो रही रही हैं, तथा भारतीय बलों ने पिछले सप्ताह कई मुठभेड़ों में संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा, हम स्थानीय एवं विदेशी आतंकवादियों द्वारा सामान्य आर्थिक गतिविधि बाधित करने के लिए स्थानीय निवासियों और कारोबारियों को डराने-धमकाने की कोशिश करने की खबरों को लेकर चिंतित हैं। अमेरिका शांतिपूर्ण प्रदर्शन के कश्मीरियों के अधिकारी का समर्थन करता है लेकिन आतंकवादियों के कृत्यों की निंदा करता है जो वार्ता को कमजोर करने के लिए हिंसा एवं भय का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## एलओसी का दौरा करने वाले विदेशी राजनयिकों के साथ शामिल नहीं हुए भारतीय अधिकारी : पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ लगने वाले सेक्टरों के दौरे पर गए कुछ विदेशी राजनयिकों के साथ भारतीय अधिकारी नहीं गए। वहीं भारतीय सेना ने तीन आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का दावा किया है। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने रविवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर के तंगधार और केरान सेक्टर में भारतीय सेना की ओर से की गई जवाबी कार्वाई में पाकिस्तानी सेना के छह से 10 सैनिक मारे गए और तीन आतंकवादी शिविर नष्ट किए गए। उन्होंने कहा था कि भारतीय बलों की कार्वाई में एक अन्य आतंकी शिविर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और जवाबी कार्वाई से नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादी ढांचों को काफी नुकसान पहुंचा। वहीं पाकिस्तानी सेना ने रविवार को कहा था कि भारत अपने दावे को साबित करने के लिए कथित आतंकी शिविरों तक किसी विदेशी राजनयिक या मीडिया को ले जा सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने कहा कि इस्लामाबाद में विभिन्न विदेशी दूतावास के राजनयिक जुरा और शाहकोट सेक्टर का दौरा कर रहे हैं। फैसल ने कहा, भारत की तरफ से कोई भी एलओसी के इस दौरे में शामिल नहीं हुआ और न ही उन्होंने कथित लॉन्चपैड को चिह्नित करने वाले कोई संकेत दिए। उन्होंने कहा कि, भारतीय सेना प्रमुख के दावे महज दावे हैं। एलओसी का दौरा कर रहे राजनयिकों के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल भी मौजूद हैं।

# जापान के सम्राट नारुहितो ने राज्याभिषेक समारोह पूरा होने के बाद सिंहासन संभाला



जापान के सम्राट नारुहितो, एक सफेद बागे में, तोक्यो के इम्पीरियल पैलेस में एक तीर्थस्थल पर प्रार्थना करने के बाद निकलते हुए

एजेंसी। तोक्यो

**जापान** के सम्राट नारुहितो ने मंगलवार को अपना राज्याभिषेक समारोह संपन्न होने के बाद राजसिंहासन संभाल लिया। देश में राजवंश की परंपरा दो हजार साल पुरानी बताई जाती है।

राज्याभिषेक संबंधी रस्में पूरी होने के बाद सम्राट अकिहितो ने क्राइसैंथिमम थ्रोन (राजसिंहासन) अपने बेटे नारुहितो के हवाले कर दिया और इस तरह नारुहितो देश के 126वें सम्राट बन गए। नारुहितो के राज्याभिषेक की प्रक्रियाएं इस वर्ष के आरंभ में उनके पिता के पदत्याग के साथ शुरू हुई थीं जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों से राजसिंहासन छोड़ने की इच्छा जताई थी। जापान के नए सम्राट के राज्याभिषेक में राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द सहित दुनियाभर की अनेक राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं।

देश में भीषण तूफान के चलते राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परेड को रद्द कर दिया गया था, लेकिन सरकार ने इस अवसर के महत्व को देखते हुए यातायात नियमों के उल्लंघन सहित मामूली अपराधों में शामिल पांच लाख से अधिक लोगों क्षमादान दे दिया था। राज्याभिषेक से संबंधित मुख्य समारोह इंपीरियल पैलेस के पाइन रूम में हुआ जहां इस क्षण की साक्षी बनने के लिए सैकड़ों हस्तियां मौजूद थीं। राज्याभिषेक के दौरान नए सम्राट के साथ उनकी पत्नी एवं महारानी मसाको भी खड़ी थीं।

सिंहासन पर आरूढ़ होने के बाद सम्राट नारुहितो ने कहा, मैं एतद द्वारा देश और विदेश में अपने सिंहासन आरूढ़ होने की घोषणा करता हूं। हार्वर्ड शिक्षित एवं पूर्व राजनयिक मसाको महारानी के रूप में अपने सिंहासन के सामने शांत खड़ी हुई थीं। राजसिंहासन मिलने के बाद नारुहितो ने कहा, मैं यह प्रतिज्ञा लेता हूं कि मैं जापानी लोगों और विश्व शांति की खुशहाली के लिए कामना करूंगा तथा जापान के प्रतीक के रूप में और जापानी लोगों की एकता के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करूंगा। सम्राट और राजपरिवार के लोगों के साथ खड़े जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने वायदा करते हुए कहा, महामहिम सम्राट, जापान देश और जापानी लोगों की एकता के रूप में जापान के लोग हमेशा आपका सम्मान करेंगे। इसके बाद उन्होंने तीन बार अपना हाथ उठाया और बंजाई का नारा लगाया जिसका अर्थ है सम्राट अमर रहें।

सम्राट नारुहितो और महारानी मसाको 17 वर्षीय पुत्री आइको के अभिभावक हैं। राजपरिवार के नियम किसी पुरुष को ही राजसिंहासन सौंपे जाने की अनुमति देते हैं। यदि राजपरिवार की कोई महिला किसी आम व्यक्ति से शादी कर लेती है तो वह राजपरिवार के अधिकार खो देती है। नारुहितो के सम्राट बनने के बाद अब उनके भाई अकिशिनो युवराज बन गए हैं। अकिशिनो का 13 वर्षीय पुत्र हिसाहितो वर्तमान में राजपरिवार का एकमात्र उत्तराधिकारी है। राजसिंहासन के उत्तराधिकार से जुड़े नियमों में बदलाव करने का सवाल समय-समय पर उठता रहा है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, 74 प्रतिशत लोग नियमों में बदलाव के पक्षधर हैं, लेकिन अब तक औपचारिक तौर पर इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

# हिंसा, भेदभाव की घटनाएं भारत के अल्पसंख्यकों को कानूनी संरक्षण के अनुरूप नहीं : अमेरिका

एजेंसी। वाशिंगटन

**अल्पसंख्यकों** के खिलाफ हिंसा और भेदभाव की घटनाएं, स्वयंभू गो रक्षकों द्वारा दलितों और मुस्लिमों पर हमले जैसी घटनाएं भारत द्वारा अल्पसंख्यकों को प्रदत्त कानूनी संरक्षण के अनुरूप नहीं हैं। अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कांग्रेस की उप समिति को यह कहा है।

दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों की कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस जी वेल्स ने कहा कि भारत के साथ साझेदारी पर अमेरिका को गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के तहत धर्मनिरपेक्ष देश को सभी नागरिकों के अधिकार बरकरार रखना चाहिए ताकि वह अपने धर्म का आजादी के साथ पालन कर सकें, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हो और कानून के दायरे में सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता हो। एशिया, प्रशांत और परमाणु अप्रसार पर सदन की विदेश मामलों की समिति की उपसमिति में वेल्स ने कहा, भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव की घटनाएं, स्वयंभू गो रक्षकों द्वारा दलित और मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ हमले, नौ राज्यों में धर्म परिवर्तन निरोधी कानून का होना आदि अल्पसंख्यकों के लिए भारत की कानूनी संरक्षण व्यवस्था का विरोधाभासी है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत की सरकार कहा है कि वह धार्मिक स्वतंत्रता के सार्वभौमिक अधिकार को पूरी तरह कायम रखे और अति संवेदनशील लोगों की रक्षा करे। इनमें असम के वह 19 लाख लोग भी शामिल हैं जिनकी नागरिकता को लेकर सवाल उठने की वजह से उन्हें राज्य से हटाए जाने का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही अमेरिका ने भारत से कहा है कि वह हिंसा की सभी घटनाओं की निंदा करे और उन्हें अंजाम देने वालों को जवाबदेह ठहराए। वेल्स ने कहा कि बीते मई माह में ऐतिहासिक चुनाव में 68 फीसदी योग्य मतदाताओं ने मतदान किया था। इसमें हर धर्म, जाति, पंथ तथा सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोग शामिल थे। इसमें रिकॉर्ड संख्या में महिला मतदाता भी थीं। उन्होंने भारत की विविधता और अमेरिका के साथ उसकी बढ़ती रणनीतिक साझेदारी की तारीफ भी की।

# ट्रंप व्हाइट हाउस में बृहस्पतिवार को मनाएंगे दिवाली

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में दिवाली का जश्न मनाएंगे। भारत में दीपोत्सव मनाए जाने से तीन दिन पहले यहां यह आयोजन किया जा रहा है।

व्हाइट हाउस में ट्रंप तीसरी बार दवाली का जश्न मनाने जा रहे हैं। इस परंपरा की शुरुआत उनके पूर्ववर्ती बराक ओबामा ने 2009 में की थी। व्हाइट हाउस के मुताबिक ट्रंप दीप जलाने की रस्म के साथ बृहस्पतिवार को दिवाली मनाएंगे। आयोजन संबंधी अन्य ब्योरे फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पहली बार दिवाली 2017 में अपने ओवल कार्यालय में मनाई थी। इस दौरान उनके प्रशासन के सदस्य और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं का एक विशिष्ट समूह मौजूद था।

पिछले साल ट्रंप ने अमेरिका के लिए भारत के तत्कालीन राजदूत नवतेज सिंह सरना को दिवाली आयोजन के लिए आमंत्रित किया था। इस बीच अमेरिका में दिवाली का जश्न शुरू हो चुका है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग अबोट ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ शनिवार को दिवाली मनाई। उन्होंने ट्वीट किया, हमने गवर्नर मेंशन में दीप जलाए। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेक्सास दौरे की चर्चा की। हमने अंधेरे पर रोशनी की जीत का जश्न मनाया। टेक्सास से रिपब्लिकन सांसद पीटे ओलसन ने भी ट्वीट किया, बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में दिवाली मनाते हुए।

# पाक में मानवाधिकार उल्लंघनों, धार्मिक भेदभाव की खबरों से बेहद चिंतित : अमेरिका

एजेंसी। वाशिंगटन

**पाकिस्तान** में नागरिक समाज और मीडिया स्वतंत्रता के सीमित किए जा रहे दायरे को चिंताजनक बताते हुए अमेरिका ने कहा है कि वह देश में मानवाधिकार उल्लंघनों और लोगों के साथ धर्म के आधार पर हो रहे भेदभाव से बहुत चिंतित हैं।

अमेरिका ने पाकिस्तान सरकार से विधि का शासन और देश के संविधान में निहित स्वतंत्रता को बरकरार रखने की अपील की है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस जे वेल्स ने एशिया, प्रशांत और परमाणु अप्रसार पर सदन की विदेश मामलों की समिति की उपसमिति के लिए तैयार किए गए एक बयान में उम्मीद जताई कि मौजूदा आईएमएफ योजना के तहत पाकिस्तान जो सुधार कर रहा है, वे बेहतर आर्थिक प्रबंधन एवं विकास की नींव रखेंगे जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मानवाधिकार स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा, हाल के कुछ वर्षों में, हमने पाकिस्तान में कुछ चिंताजनक चलन देखे हैं जिनमें नागरिक समाज और मीडिया स्वतंत्रता का सीमित किया जा रहा दायरा भी शामिल है। मीडिया और नागरिक समाज पर उत्पीड़न, धमकियां और वित्तीय एवं नियामक कार्वाई करने जैसे दबाव पिछले कुछ सालों में बढ़े हैं। वेल्स ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान सरकार से विधि का शासन बरकरार रखने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि इसमें उन समूहों के शांतिपूर्ण एकत्रित होने के अधिकार भी शामिल हैं जो नेतृत्व एवं सुरक्षा प्रतिष्ठान की आलोचना करते हैं जैसे पश्तून तहाफुज आंदोलन।

## क्विक न्यूज

### चीन ने एक चौथाई विदेशी मीडिया वेबसाइटों को किया प्रतिबंधित: निगरानी संस्था

**वुजहेन।** चीन ने देश मे विदेशी समाचार संगठनो के एक धड़े पर रोक लगा दी है जिसके तहत चीन के नागरिक इन संस्थानो की वेबसाइटो की खबरे देख और पढ़ नही सकेंगे। प्रेस पर निगरानी रखने वाली एक एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फॉरिन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ चाइना (एफसीसी) ने एक बयान मे कहा कि दरअसल चीन के नागरिक अब यहां काम कर रहे 215 समाचार संगठनो मे से 23 प्रतिशत की विषय-वस्तु नही पढ़ सकेंगे। इन समचार संगठनो के पत्रकार चीन मे काम करते है। एफसीसी ने बताया कि मुख्य रूप से अंग्रेजी मे काम करने वाले 31 फीसदी समाचार संगठनो पर रोक लगा दी गई है। प्रतिबंधित वेबसाइटो मे बीबीसी, ब्लूमबर्ग, द गार्डियन, द न्यूयॉर्क टाइम्स, द वॉल स्ट्रीट जर्नल, वॉशिंगटन पोस्ट, योमीयूरी सिम्बन और कई अन्य शामिल है।

### संघर्ष राकथाम में महिलाओं की भागीदारी बेहद जरूरी : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने विश्वभर मे संघर्षो को रोकने के लिए होने वाले शांति समझौतों की प्रक्रिया मे महिलाओ की कम भागीदारी पर निराशा जताते हुए कहा कि संघर्ष की रोकथाम और पुनर्वास प्रक्रियाओं मे महिलाओ की भागीदारी अत्यावश्यक है। संयुक्त राष्ट्र मे भारत के स्थाई मिशन मे प्रथम सचिव पोलोमी त्रिपाठी ने रेखांकित किया कि पिछले तीन दशको मे जिन शांति समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, उनमें से ज्यादातर में किसी महिला के हस्ताक्षर नही थे और ज्यादातर शांति समझौते महिलाओ का संदर्भ देने और लिंग के आधार पर होने वाली हिसा जैसी उनकी ज्यादातर समस्याओ को उठाने मे विफल रहे।

# ट्रूडो की लिबरल पार्टी की जीत अल्पमत सरकार बनाएंगे



एजेंसी। ओटावा

**कनाडा** में सोमवार को संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी और कन्जर्वेटिव पार्टी के बीच कड़ी टक्कर के बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के फिर से सत्ता पर काबिज होने की संभावना है।

कनाडा के टेलीविजन प्रसारणकर्ताओं ने घोषणा की कि लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा अल्पमत की सरकार बनाएगी क्योंकि पार्टी 338 चुनावी जिलों में से 156 में विजई रही है या आगे चल रही है जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एंड्रयू शीर और उनकी कन्जर्वेटिव पार्टी 122 सीटों पर जीती है या आगे चल रही है। अपने पहले कार्यकाल के चार वर्ष में ट्रूडो कनाडाई राजनीति में छाए रहे लेकिन 40 दिवसीय चुनाव प्रचार मुहिम में उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस बार की चुनाव प्रचार मुहिम को कनाडा के इतिहास की सबसे निचले दर्जे की मुहिम बताया जा रहा है। ट्रूडो (47) ने अपने उदारवादी पिता एवं दिवंगत प्रधानमंत्री पियर ट्रूडो की अपार लोकप्रियता को आगे बढ़ाते हुए 2015 का चुनाव जीता था, लेकिन घोटाले और लोगों की भारी उम्मीदों ने उनकी जीत की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया है। ट्रूडो ने कनाडा में करीब 10 साल तक चले कंजर्वेटिव पार्टी के शासन के बाद 2015 में उदारवादी सरकार बनाई थी और वह दुनिया के चुनिंदा उदारवादी नेताओं में एक हैं।

## कनाडा में सरकार बनाने में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है भारतीय मूल के नेता की पार्टी



**ओटावा।** भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) इस बार हुए आम चुनावों में किंगमेकर की भूमिका में उभरी है क्योंकि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी को रोमांचक चुनावी मुकाबले में बहुमत नहीं मिला है। हालांकि सबसे अधिक सीटें जीतने के साथ ही वह सत्ता के दावेदार बने हुए हैं। हाल ही में संपन्न कनाडाई आम चुनाव में एनडीपी को 24 सीटें मिली। लिबरल पार्टी को 157 सीटें, विपक्षी कंजर्वेटिव को 121, ब्लॉक क्यूबेकोइस को 32, ग्रीन पार्टी को तीन और निर्दलीय को एक सीट मिली। ट्रूडो को 338 सदर्स्ईय हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी के नेतृत्व वाली अल्पमत सरकार बनाने के लिए 170 के जादुई आंकड़े पर पहुंचने के लिए वामपंथी झुकाव वाली विपक्षी पार्टियों से कम से कम 13 सांसदों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। टोरंटो स्टार समाचार पत्र ने कहा, न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी संसद में किंगमेकर की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। जगमीत सिंह पहले के अपने रुख से पलटते हुए चुनाव में अपना अस्तित्व बचाने में कामयाब रहे। हालांकि 2015 के मुकाबले इस बार वे केवल 50 फीसदी सीटें ही बचा पाए। सीटों की संख्या में गिरावट के बावजूद सिंह ने मंगलवार को अपने भाषण में कहा कि उनकी पार्टी कनाडाई लोगों की प्राथमिकताओं पर काम करने के लिए अब कड़ी मेहनत करेगी। कनाडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की खबर के मुताबिक, खुद प्रधानमंत्री पद के दावेदार रहे सिंह (40) ने कहा कि वह चाहते हैं कि एनडीपी नई संसद में रचनात्मक भूमिका निभाए। कनाडा में संघीय राजनीतिक दल के पहले अश्वेत नेता ने 47 वर्षीय ट्रूडो की जीत पर उन्हें बधाई दी और कहा कि उन्होंने उनसे बात की है। ग्रीन पार्टी ने पहले ही विपक्ष में बैठने के संकेत दिए हैं। वहीं ब्लॉक क्यूबेकोइस नेता एव्स फ्रांकोइस ब्लैंचेट ने भी सरकार में शामिल होने की अनिच्छा जताई है। ऐसे में सभी की निगाहें एनडीपी पर टिकी हैं।

## नवाज शरीफ के दामाद कैप्टन (सेवानिवृत्त) सफदर घृणा भाषण मामले में गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दामाद कैप्टन (सेवानिवृत्त) मोहम्मद सफदर को सेना प्रमुख और शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। लाहौर पुलिस ने एक वक्तव्य में कहा कि सफदर को सोमवार रात रावी टोलप्लाजा के निकट से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि सफदर ने 13 अक्टूबर को सरकारी संस्थानों के खिलाफ घृणा भाषण दिया था, वह उसी मामले में वांछित है। उन्होंने कहा, सेना और न्यायपालिका के खिलाफ घृणा भाषण देने के कारण सफदर के खिलाफ सदर रोड लाहौर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# सेहत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए नवाज शरीफ

एजेंसी। लाहौर

**जेल** में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सेहत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। भ्रष्टाचार रोधी निकाय के हिरासत केंद्र में प्लेटलेट की संख्या अत्यधिक घट जाने के बाद उनकी तबियत बिगड़ गई। शरीफ (69) 24 दिसंबर, 2018 से जेल की सजा काट रहे हैं जब जवाबदेही अदालत ने अल अजीजिया स्टील मिल्स मामले में उन्हें दोषी करार देकर सात साल की सजा सुनाई थी। तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ को सोमवार की रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शरीफ के निजी फिजिशियन डॉ अदनान खान ने सोमवार को एक ट्वीट में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का प्लेटलेट काउंट अत्यधिक घट गया है, यह कई प्रकार के रोगों की वजह से हो सकता है और इसके लिए अस्पताल में रख कर तत्काल इलाज की जरूरत है। खान ने कहा, मैंने संबंधित अधिकारियों से तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है। खान ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय जवाबदेही अदालत (एनएबी) की जेल में शरीफ से मुलाकात की और वह देखने से ही बीमार लग रहे थे। पीएमएल-एन अध्यक्ष एवं नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ ने आरोप लगाया कि उनके बड़े भाई की बिगड़ती सेहत के बावजूद उन्हें जल्द अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया।

# एर्दोआन ने कुर्द लड़ाकों की वापसी तक हमले जारी रखने की धमकी दी

एजेंसी। अंकारा

**तुर्की** के राष्ट्रपति रजब तय्यब एर्दोआन ने मंगलवार को सीरिया में अधिक तीव्रता के साथ फिर से सैन्य हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि जब तक अमेरिका के हस्तक्षेप वाले समझौते के तहत कुर्द लड़ाकों की वापसी नहीं हो जाती, हमले जारी रहेंगे। एर्दोआन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से होने वाली बातचीत के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा, यदि अमेरिका द्वारा हमारे देश को दिया गया वादा पूरा नहीं होता है तो हम अपना सैन्य अभियान और अधिक तीव्रता से वहीं से शुरू करेंगे जहाँ हमने छोड़ा था।



पिछले सप्ताह अमेरिकी उप राष्ट्रपति माइक पेन्स के साथ हुए समझौते के बाद तुर्की ने अपनी सैन्य कार्वाई को पिछले गुरुवार से 120 घंटे के लिए रोक दिया था। इस अवधि के बीच कुर्दिश लड़ाकों को पीछे हटना था ताकि सीमा पर एक सुरक्षित क्षेत्र बन सके।

एर्दोआन ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें तुर्की की सीमा पर विभिन्न क्षेत्रों में दमिश्क (सीरिया) सरकार की मौजूदगी से कोई चिंता नहीं है। उन्होंने फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों की युद्धविराम बढ़ाने की अपील भी ठुकरा दी थी। मैक्रों ने सोमवार को पुतिन से कहा कि फ्रांस उत्तर पूर्वी सीरिया में तुर्की द्वारा युद्धविराम का विस्तार देखना चाहता है। एर्दोआन ने तुर्की द्वारा सीरिया में की जा रही सैन्य कार्वाई का विरोध करने वाले ईरान के प्रति भी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हसन रूहानी को विरोध करने वाली आवाज को दबा देना चाहिए। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के साथ होने वाली सुनियोजित वार्ता के बारे में एर्दोआन ने कहा कि मुलाकात 3-4 दिसंबर को आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन के पहले या बाद में लंदन के पास हो सकती है।

## अफगान शहर में तालिबानी हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत

**काबुल।** तालिबान ने उत्तरी अफगानिस्तान में एक जांच चौकी पर हमला कर कम से कम 15 पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया। एक अफगान प्रांतीय अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय परिषद के सदस्य गुलाम रबानी रबानी के मुताबिक, उत्तरी प्रांत कुंदूज के अली अबाद जिले की जांच चौकी पर सोमवार को देर रात चारों तरफ से हमला किया गया और इसी के साथ कई घंटों तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत के साथ ही दो अन्य अधिकारी भी घायल हो गए। रबानी ने कहा कि यह हमला तब हुआ जब अफगान सैनिक कुंदूज के दश्टी आर्ची और इमाम साहिब जिलों में पिछले कुछ हफ्तों से तालिबान के साथ संघर्ष कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### बेनेली ने भारतीय बाजार में पेश की इंपीरियल-400 मोटरसाइकिल

**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल बनाने वाली इतालवी कंपनी बेनेली ने मंगलवार को अपनी इंपीरियल-400 को भारतीय बाजार में पेश किया। इसकी शोरूम में कीमत 1.69 लाख रुपए है। बेनेली ने एक बयान में जानकारी दी कि इसमें भारत चरण-4 उत्सर्जन मानक वाला 347 सीसी का इंजन लगा है। कंपनी के भारतीय परिचालन के प्रबंध निदेशक विकास झाबक ने कहा कि वह इस श्रेणी पर बड़ा दांव लगा रहे हैं। इंपीरियल-400 भारतीय बाजार में पेश करने के साथ कंपनी बाजार में एक अहम हिस्सेदारी हासिल करने को लेकर काफी आश्वस्त है। इसके लिए कंपनी इसे कई डीलरों के यहां भी पेश करेगी। बयान के अनुसार कोई भी ग्राहक 4,000 रुपए का भुगतान कर इसकी बुकिंग करा सकता है।

### ट्रंप का नवंबर में चीन के साथ पहले चरण का व्यापार समझौता होने का संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत सही दिशा में चल रही है और आंशिक समझौते पर अगले महीने पूरा होने के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने कहा, हम चीन के साथ पहले चरण के पूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर करने में सक्षम होंगे और इस पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप दोनों देश के बीच एक शुरुआती व्यापार समझौते को लेकर उत्साहित है। इससे दोनों देशों के बीच जारी व्यापार युद्ध की गरमा-गरमी थोड़ा ठंडा पड़ने की उम्मीद है। व्यापार युद्ध से दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हो रहा है। लाइटाइजर ने कहा कि अगले महीने चिली में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन से पहले हम इसे अंतिम रूप देने के प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस सम्मेलन से इतर ट्रंप वहां अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान दोनों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

### भेल ने वानकबोरी संयंत्र पर शुरू की 800 मेगावाट बिजली उत्पादन की इकाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल ने गुजरात के वानकबोरी बिजली संयंत्र में 800 मेगावाट की बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह संयंत्र गुजरात के खेड़ा जिले में है। यह संयंत्र गुजरात राज्य बिजली निगम लिमिटेड का है। कंपनी के बयान के मुताबिक इससे पहले वह वानकबोरी संयंत्र में 210 मेगावाट क्षमता की सात इकाइयां स्थापित कर चुकी है। इसमें सबसे पुरानी इकाई 35 साल से अधिक पुरानी है।

# मूर्तियों के बाजार में मेक इन इंडिया की दिवाली

## मेड इन चाइना गायब

एजेंसी। नई दिल्ली

**मूर्ति बाजार** में इस त्योहारी मौसम में मेक इन इंडिया का जलवा है। मेड इन चाइना काफी हद तक गायब है। पिछले कई बरसों से दिवाली पर देवी-देवताओं की मूर्तियों के बाजार में ड्रेगन का कब्जा था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है और देश में बनी मूर्तियां ज्यादा दिखाई दे रही हैं। राजधानी के सदर बाजार में पिछले तीन दशक से अधिक समय से उपहार सामग्री का कारोबार कर रहे स्टैंडर्ड ट्रेडिंग के सुरेंद्र बजाज ने भाषा से कहा, इस बार मूर्तियों के बाजार से चीन काफी हद तक गायब है। बहुत कम व्यापारी चीन से आयातित मूर्तियां बेच रहे हैं।

दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बावेजा कहते हैं, इस बार व्यापारियों ने चीन से बहुत कम मूर्तियों का आयात किया है। आयात कम होने की वजह चीन से आयातित मूर्तियों के दाम में वृद्धि है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय मूर्तिकारों ने अब चीन की तकनीक को समझ लिया है और अपने उत्पादों में उसी के अनुरूप सुधार किया है। यही वजह है कि आज भारतीय मूर्तिकारों ने चीन को पछाड़ दिया है। आज मूर्तियों के बाजार में चीन का हिस्सा बमुश्किल दस प्रतिशत रह गया, जो पांच-छह साल पहले तक 70-80 प्रतिशत पर पहुंच गया था।



उल्लेखनीय है कि पिछले कई साल से विशेषरूप से दिवाली के मौके पर चीनी सामान के बहिष्कार का अभियान चलाया जा रहा है। व्यापारियों का मानना है कि चीन की मूर्तियों की मांग घटने की एक वजह यह अभियान भी हो सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, चीनी सामान के बहिष्कार का अभियान असर मूर्तियों के बाजार पर दिख रहा है। ज्यादातर व्यापारी इस बार देश में बनी मूर्तियां ही बेच रहे हैं। खंडेलवाल कहते है कि व्यापारियों का तो इसमें योगदान है ही, साथ ही ग्राहक भी अब चाइनीज गॉडफिगर खरीदने से कतराता है। ज्यादातर ग्राहक अब देश में निर्मित मूर्तियों की मांग करते हैं। ऐसे में जैसी मांग होगी, वैसा उत्पाद व्यापारी बेचेंगे। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में इस बार मुख्य रूप से दिल्ली के विभिन्न इलाकों मसलन बुराड़ी, पंखा रोड, गाजीपुर, सुल्तानपुरी, पुरानी दिल्ली के कुछ इलाकों में बनी मूर्तिंयां बिक रही हैं। इसके अलावा मेरठ भी मूर्तियों का बड़ा हब है। वहां की मूर्तियां भी बाजार में छाई हैं। बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान परमजीत सिंह ने कहा कि चीन की मूर्तियों के दाम इस बार बहुत ज्यादा हैं। साथ ही भारत में बनी मूर्तियां साजसज्जा और फिनिशिंग में चीन की मूर्तियों को कड़ी टक्कर दे रही हैं ।उन्होंने कहा, भारतीय मूर्तियों की तुलना में चीन से आयातित मूर्तियां 30 से 40 प्रतिशत तक महंगी हैं। ऐसे में व्यापारियों के लिए भी देश में निर्मित मूर्तियां बेचना अधिक फायदे का सौदा है। बजाज ने कहा, इस बार मूर्तियों के दाम पिछले साल के समान ही हैं और इनमें विशेष बदलाव नहीं आया है। आकार और साजसज्जा के हिसाब से बाजार में 100 रुपए से लेकर 7,000-8,000 रुपए तक की मूर्तियां बिक रही हैं ।दिवाली पर मुख्य रूप से लक्ष्मी, गणेश, रामदरबार, हनुमान, ब्रह्मा विष्णु महेश, शिव परिवार, दुर्गा और सरस्वती की मूर्तियों की मांग रहती है। बरसों से मूर्तियों का कारोबार कर रहे मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि मूर्तियां रेजिन मैटीरियल से बनाई जाती है, क्योंकि इसपर साजसज्जा करना आसान होता है। साथ ही इनकी साफ-सफाई भी आसान होती है ।सुलेमान कहा कि भारतीय मूर्तियों की खास बात यह है कि ए अधिक टिकाऊ हैं। चीन की मूर्तियां बेशक आकर्षक दिखती हैं, लेकिन अधिक टिकाऊ नहीं होती। व्यापारियों ने बताया कि इस बार बाजार में लाफिंग बुद्धा की मूर्तियों की काफी मांग है। बड़ी-बड़ी कंपनियों से इनके लिए आर्डर आ रहे हैं। उपहार में लॉफिंग बुद्धा देना अच्छा माना जाता है। विभिन्न आकार के लाफिंग बुद्धा की मूर्तियों के दाम 200 रुपए से 2,000 रुपए तक हैं।

### व्हिसलब्लोअर की शिकायत के बाद इन्फोसिस का शेयर 17 प्रतिशत टूटा

एजेंसी। नई दिल्ली

**सूचना प्रौद्योगिकी** कंपनी इन्फोसिस का शेयर मंगलवार को करीब 17 प्रतिशत नीचे आ गया। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 53,451 करोड़ रुपए की गिरावट आई। एक व्हिसलब्लोअर शिकायत में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलिल पारेख और मुख्य वित्त अधिकारी नीलांजल रॉय पर लघु अवधि की आय और मुनाफे के लिए अनुचित व्यवहार अपनाने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट आई। बंबई शेयर बाजार में कंपनी का शेयर 16.21 प्रतिशत के नुकसान से 643.30 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 16.86 प्रतिशत टूटकर 638.30 रुपए पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 16.65 प्रतिशत के नुकसान से 640 रुपए पर बंद हुआ। शेयरों में जोरदार गिरावट के बीच कंपनी का बाजार पूंजीकरण 53,450.92 करोड़ रुपए घटकर 2,76,300.08 करोड़ रुपए पर आ गया। इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने एक बयान में कहा कि कंपनी की आडिट समिति व्हिसलब्लोअर की शिकायत पर स्वतंत्र जांच करेगी।

# उच्च न्यायालय ने 63 मून्स कंपनी मामले में पी. चिदंबरम से मांगा जवाब

एजेंसी। मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने मंगलवार को 63 मून्स टेक्नालॉजी द्वारा दायर 10 हजार करोड़ रुपए के नुकसान की भरपाई के दावे वाले एक मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम और दो वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब मांगते हुए हलफनामा दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति ए के मेनन ने चिदंबरम और दो अधिकारियों -- के पी कृष्णन और रमेश अभिषेक को आठ सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

कंपनी, 63 मून्स टेक्नालाजीज को इससे पहले फाइनेंसियल टेक्नालाजीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। कंपनी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम तथा दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ 12 जून को मामला दायर किया। कंपनी ने इनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और बदनीयती से कार्वाई करने का आरोप लगाया है।



कंपनी ने कहा है कि चिंदबरम के वित्त मंत्री रहते 5,600 करोड़ रुपए के एनएसईएल घोटाले में उसके खिलाफ बदनीयती से कार्वाई की गई। जिस समय का यह मामला है तब के पी कृष्णन कौशल विकास मंत्रालय में सचिव के पद पर थे तो रमेश अभिषेक वायदा बाजार आयोग के चेयरमैन थे। कंपनी ने अपनी याचिका में कहा है कि उसकी एक इकाई नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) में सोची समझी रणनीति के तहत भुगतान संकट खड़ा किया गया और उसके बाद से उसके खिलाफ उसे लक्ष्य बनाकर लगातार दुर्भावनापूर्ण ढंग से कार्वाई की गई। दायर मामले में कहा गया है कि विभिन्न जांच एजेंसियों की जांच में एनएसईएल, 63 मून्स और कंपनी के संस्थापक जिग्नेश शाह द्वारा धन के हेरफेर का कोई मामला साबित नहीं हो पाया। लेकिन चिदंबरम, कृष्णन और अभिषेक द्वारा रची गई साजिश के तहत समूह को लगातार निशाना बनाया गया। कंपनी ने अपनी याचिका में इन लोगों से 10,000 करोड़ रुपए के नुकसान की भरपाई की मांग की है। चिदंबरम आईएनएक्स मीडिया के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में कथित भ्रष्टाचार मामले में दो माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थे। उन्हें मंगलवार को इस मामले में जमानत मिल गई है। लेकिन एक अन्य मामले में अदालत ने उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में दे दिया है।

### बीएसई सेंसेक्स अक्टूबर 2019 22

38,963.84




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| आईसीआई. बैंक | 3.06 | इन्फोसिस | -16.21 |
| सन फार्मा | 1.10 | टाटा मोटर्स | -3.51 |
| बजाज ऑटो | 1.04 | भारती एयरटेल | -3.24 |
| हिन्द. यूनी. | 1.02 | एचसीएल टेक | -2.87 |
| एचडीएफसी | 0.98 | बजाज फाइनैंस | -2.56 |

पीटीआई ग्राफिक

### एनएसई निफ्टी अक्टूबर 2019 22

11,588.35




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| येस बैंक | 3.31 | इन्फोसिस | -15.01 |
| डॉ रेड्डीज लैब्स | 3.00 | एचसीएल टेक | -3.17 |
| बीपीसीएल | 2.97 | टाटा मोटर्स | -2.52 |
| आईसीआई. बैंक | 2.80 | बजाज फिनसर्व | -2.43 |
| टाइटन | 2.41 | बजाज फाइनैंस | -2.13 |




### एक्सिस बैंक को एकबारगी कर प्रभाव से दूसरी तिमाही में 112 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

एजेंसी। नई दिल्ली

**एक्सिस बैंक** ने मंगलवार को अपने दूसरी तिमाही के परिणाम जारी करते हुए कहा कि एकबारगी कर प्रभाव के चलते उसका एकल आधार पर शुद्ध नुकसान 112.08 करोड़ रुपए रहा। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 789.61 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था।

बैंक ने स्पष्ट किया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दो 112 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा कारपोरेट कर दर में बदलाव की वजह से एक बारगी 2,138 करोड़ रुपए का कर प्रभाव उसे हुआ। इस असाधारण मद को यदि अलग कर दिया जाए तो बैंक का कर बाद मुनाफा 2,026 करोड़ रुपए होता। यह राशि 157 प्रतिशत ऊंची होती। वर्ष 2019- 20 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक की एकल आधार पर कुल आय मामूली घटकर 19,333.57 करोड़ रुपए रह गई जो कि एक साल पहले इसी अवधि में 15,959.37 करोड़ रुपए रही थी। संपत्ति गुणवत्ता के मामले में बैंक ने कुछ सुधार दर्ज किया है। बैंक की कर्ज में फंसी राशि यानी एनपीए सितंबर 2019 में घटकर 5.03 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.96 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए 1.99 प्रतिशत रहा जो कि एक साल पहले इसी अवधि में 2.54 प्रतिशत रहा था।

# भारत उबर के विकास की कहानी का आधार, प्रतिभाओं में निवेश जारी रखेंगे: सीईओ

एजेंसी। नई दिल्ली

**एप आधारित** टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी उबर ने कहा है कि भारत कंपनी की वृद्धि का आधार है। अमेरिकी कंपनी उबर के प्रमुख दारा खोसराशाही ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि कंपनी भारत में प्रतिभाओं में निवेश कर रही है ताकि ऐसे उत्पादों का विकास किया जा सके जिन्हें अन्य देशों में ले जाया जा सकता है।

खोसरोशाही पांच दिन की भारत यात्रा पर आए हैं। उन्होंने दिल्ली में उबर एप पर सार्वजनिक परिवहन की विशेषता की भी शुरुआत की। इसके जरिए यात्री दिल्ली मेट्रो का इस्तेमाल कर अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत उबर के विकास की कहानी का आधार है। यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण बाजार है। भारत हमारे दस शीर्ष बाजारों में है। हम भारत में निवेश करना जारी रखेंगे। यहां हमारा कारोबार लगातार सुधर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ उत्पादों के मुनाफे का स्तर बढ़ रहा है। कपंनी भारत में दीर्घावधि की वृद्धि की दृष्टि से निवेश करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि भारत न केवल पैमाना पेश करता है बल्कि यह उबर के लिए शेष विकासशील दुनिया का नवोन्मेषण का गेटवे भी है। खोसरोशाही ने कहा कि अगले दस साल के दौरान कंपनी की वृद्धि अमेरिका, यूरोप जैसे विकसित बाजारों की तुलना में भारत, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के बाजारों से अधिक परिभाषित होगी। उन्होंने बताया कि वह उबर के बेंगलुरु और हैदराबाद केंद्र भी जाएंगे। ए केंद्र विभिन्न उत्पादों और विशिष्टताओं पर काम करते हैं। इनमें कैश राइड और उबर लाइट का विकास भारत में किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ माह के दौरान कंपनी इन केंद्रों में कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाकर ।,000 करेगी। उबर के प्रमुख ने कहा कि हम भारत में बना सकते हैं और फिर उसका दुनियाभर में निर्यात कर सकते हैं।

### किराना दुकानों के डिजिटलीकरण के लिए सरकार, उद्योग साथ काम करें : डेलॉयट

एजेंसी। नई दिल्ली

**सरकार और** उद्योग को किराना दुकानों के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण को मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि ए देश के खुदरा क्षेत्र का महत्वपूर्ण अंग है। डेलॉयट की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि परंपरागत और आधुनिक खुदरा क्षेत्र (ई-कॉमर्स सहित) के अपने गुण हैं जिनका साझा मंच उपलब्ध कराने के लिए एकीकरण किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार अब परंपरागत दुकानों से

**● रिपोर्ट में कहा बाजार अब परंपरागत दुकानों से मिले-जुले मॉडल की ओर कर रहा रुख**

मिलेजुले मॉडल की ओर रुख कर रहा है। ब्रांडों को सभी चैनलों पर उपभोक्ताओं को बाधारहित खरीदारी का अनुभव उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए। रिपोर्ट कहती है, देश के खुदरा क्षेत्र में किराना दुकानें एक महत्वपूर्ण अंग हैं और निकट भविष्य में भी यही स्थिति बनी रहेगी। ऐसे में सरकार और उद्योग को इनके डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण के लिए आपस में सहयोग करना चाहिए। डेलॉयट ने कहा कि ग्रामीण बाजारों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। यदि गैर शहरी केंद्रों को नजरअंदाज किया जाता है तो उसके नतीजे खराब होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, रणनीतियां इस तरीके से बनाई जानी चाहिए जिससे सभी लक्षित खंडों की मांग को पूरा किया जा सके। ब्रांडों को आईओटी, कृत्रिम मेधा और डेटा विश्लेषण जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश करना चाहिए जिससे ग्राहकों को बेहतर तरीके से जोड़ा जा सके।

### कोटक महिंद्रा बैंक को 2,407 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

एजेंसी। नई दिल्ली

**कोटक महिंद्रा** बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 38 प्रतिशत बढ़कर 2,407.25 करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ ।,747.37 करोड़ रुपए था।

शेयर बाजार को उपलब्ध कराई जानकारी के मुताबिक समीक्षावधि में बैंक की कुल आय 12,542.99 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 10,829.08 करोड़ रुपए थी ।इस दौरान बैंक की ब्याज से आय 8,418.75 करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 7,285.46 करोड़ रुपए थी। समीक्षावधि में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) उसके सकल ऋण का 2.17 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 1.91 प्रतिशत था। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए इस अवधि में 0.82 प्रतिशत रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 0.73 प्रतिशत था।

मूल्य के हिसाब से समीक्षावधि में बैंक का सकल एनपीए 5,475.48 करोड़ रुपए और शुद्ध एनपीए 2,031.59 करोड़ रुपए रहा ।एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ समीक्षावधि में 51 प्रतिशत बढ़कर ।,724 करोड़ रुपए रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में ।,142 करोड़ रुपए था।

# बैंक लाभ बढ़ाने के लिए कारोबार का अपना मॉडल बदलें: रपट

एजेंसी। नई दिल्ली

**वैश्विक परामर्श** सेवा कंपनी मैकिन्जी की एक वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों, खास कर पिछली कतार के बैंकों को अपना लाभ बढ़ाने और पूंजी का प्रतिफल सुधारने के लिए कारोबारी मॉडल शीघ्रता से बदलना होगा क्यों कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के सहारे वित्तीय सेवाएं देने वाली कंपनियां बैंकों के लिए चुनौती बनती जा रही है। मैकेन्जीज ग्लोबल बैंकिंग एनुअल रिव्यू शीर्षक यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जबकि आर्थिक वृद्धि दर गिर रही है,, उत्पादकता में सुधार भी हल्का हो रहा है और क्षेत्र पर डिजिटल प्रौद्योगिकी कंपनियों का दबाव है।

विश्व में बैंकिंग क्षेत्र पर मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों से मिल रही चुनौतियों को देखते हुए नीचे के एक तिहाई बैंकों को अपने कारोबार मॉडल पर नए सिरे से गौर करने और उसे बेहतर करने की जरूरत है। ए कंपनियां बैंकों की हिस्सेदारी पर कब्जा जमाती जा रही हैं। बैंकों को अत्याधुनिक विश्लेषण प्रणाली के साथ जोखिम प्रबंधन में सुधार जैसे रक्षात्मक कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही लागत में कमी लाने के लिए आक्रमक तरीके से पहल करने की आवश्यकता है। मैकिन्जी के वरिष्ठ भागीदार और रिपोर्ट लिखने में सहयोग करने वाले जॉयदीप सेनगुपता ने कहा, इतिहास हमें बताता है कि आज के शीर्ष बैंकों में 40 प्रतिशत की अगले दौर में स्थिति कमजोर होगी और वे नीचे के 50 प्रतिशत बैंकों में शामिल हो जाएंगे। इसीलिए यह समय साहसिक और महत्वपूर्ण कदम उठाने का है। सेनगुप्ता ने आगे कहा कि कारोबार मॉडल को फिर से तैयार करने जैसे कदमों का इस गिरावट को थामने में मदद मिल सकती है। रिपोर्ट में भारत के बारे में कहा गया है कि देश के बैंक क्षेत्र में आय में वृद्धि 22 प्रतिशत (2002-07) से घटकर 2010-18 में 10.3 प्रतिशत हो गई है। इतना ही नहीं बैंक की भौतिक संपत्ति (टैनजिबल इक्विटी) पर रिटर्न पिछले पांच साल में घटकर 2018 में 2.3 प्रतिशत पर आ गया जो 2013 में 17.7 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बैंकों का लागत आधार भी उंचा है। इसका कारण कई बैंकों को गांव के ग्राहकों को सेवा देने के लिए बड़े स्तर पर जमीनी नेटवर्क बनाए रखना है। इसमें कहा गया है कि मशीन लर्निंग मॉडल बैंकों के लिए लाभदायक हो सकता है। इससे जोखिम वाले ग्राहकों की पहचान क्षमता बेहतर होगी। इसके अलावा बैंकों को विलय और अधिग्रहण के साथ-साथ भागीदारी के के जरिए प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। साथ ही बैंकों को डिजिटल-कौशल अंतर को पाटने के लिए काम करना होगा।



# भारत ने दक्षिण अफ्रीका का सफाया किया

## ● अंतिम टेस्ट में पारी और 202 रन से हराया, सीरीज 3-0 से क्लीनस्वीप किया

एजेंसी। रांची

भारत ने शानदार आलराउंड प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और अंतिम टेस्ट में पारी और 202 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत को इस जीत से 40 अंक मिले और उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अपने सभी पांचों मैच जीतकर 240 अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विराट कोहली की अगुआई में भारत ने 11वीं टेस्ट श्रृंखला जीती है। भारतीय टीम ने साथ ही पहली बार किसी टेस्ट श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का क्लीनस्वीप किया है। भारत ने घरेलू सरजमीं पर लगातार 11वीं श्रृंखला जीती। भारत ने कल तीसरे दिन ही दक्षिण अफ्रीका को फालोआन के लिए मजबूर करते हुए दूसरी पारी में उसका स्कोर आठ विकेट पर 132 रन कर दिया था। मेजबान टीम ने आज सिर्फ दो ओवर में ही जीत की औपचारिकता पूरी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 48 ओवर में 133 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 497 रन बनाने के बाद घोषित की थी जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में 162 रन ही बना सकी थी। श्रृंखला और मैच का नतीजा भारत के दबदबे को दर्शाता है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम के गिरते स्तर की ओर भी इशारा करता है जो भारत की मजबूत बल्लेबाजी और गेंदबाजी को कोई टक्कर नहीं दे पाई। पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम (18 रन पर दो विकेट) ने सुबह के दूसरे ओवर की अंतिम दो गेंदों पर थ्यूनिस डि ब्रून (30) और लुंगी एनगिडी (00) को पवेलियन भेजकर भारत की जीत की औपचारिकता पूरी की। डि ब्रून ने नदीम की नीची रहती गेंद पर विकेटकीपर रिद्धिमान साहा को कैच थमाया जबकि एनगिडी ने अगली गेंद पर सीधा शाट खेला लेकिन गेंद दूसरे छोर पर खड़े दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एनरिक नोर्टजे (05) के हाथ से टकराकर नदीम के हाथों में पहुंच गई। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने 10 रन देकर तीन विकेट जबकि उमेश यादव ने 35 रन देकर दो विकेट चटकाए। रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक विकेट मिला। तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत ने स्वदेश में छठी बार क्लीनस्वीप किया है। भारत ने पहला टेस्ट 203 रन से और दूसरा पारी और 137 रन से जीता था। इस श्रृंखला से सलामी बल्लेबाज की भूमिका की शुरुआत करने वाले रोहित शर्मा ने तीन टेस्ट में 529 रन जोड़े। मयंक अग्रवाल ने भी एक दोहरा शतक और एक शतक जड़ा जिससे भारत की सलामी जोड़ी की समस्या फिलहाल हल होती नजर आ रही है। श्रृंखला के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों ने जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण बुमराह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाए। रविचंद्रन अश्विन (15 विकेट), रविंद्र जडेजा (13 विकेट) और शाहबाज नदीम (एक मैच में चार विकेट) की स्पिन तिकड़ी ने श्रृंखला में 32 विकेट चटकाए जबकि मोहम्मद शमी (13 विकेट), उमेश यादव (दो टेस्ट में 11 विकेट) और इशांत शर्मा (दो टेस्ट में दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने 26 विकेट हासिल किए। शमी ने मैच के बाद कहा, हम अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए हमेशा तैयार हैं। एक कप्तान के रूप में विराट आपको आत्मविश्वास देता है, आप वह कीजिए जो करना चाहते हैं। हम गेंद को सही लाइन और लेंथ के साथ करने का प्रयास करते हैं। फिटनेस काफी मायने रखती है, टीम का माहौल ऐसा है कि हम फिटनेस पर काफी ध्यान देते हैं। भारतीय टीम एक ऐसी इकाई बन गई है जो एक दूसरे की सफलता का लुत्फ उठाती है और इससे हमारा मनोबल बढ़ता है। तेज गेंदबाजों के रूप में हम एक पायदान आगे बढ़े हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज पूरी श्रृंखला के दौरान भारतीय गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आए। टीम के बल्लेबाज छह पारियों में दो शतक और पांच अर्धशतक ही जड़ पाए और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने स्वीकार किया कि 2015 की पूरी तरह से स्पिन की अनुकूल पिचों के विपरीत इस बार उनकी टीम को बेहतर पिचों पर एकतरफा हार का सामना करना पड़ा।




### जब तब हमारे इरादे में ईमानदारी होगी, नतीजे आएंगे: कोहली

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को यहां तीन टेस्ट की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ करने के बाद कहा कि हमारे इरादो मे ईमानदारी है और टीम के पक्ष में आ रहे शानदार नतीजे इसी का असर है। श्रृंखला में भारत के दबदबे का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि मेजाबन टीम ने तीन मे से दो मैचों में पारी के अंतर से जीत दर्ज की। भारत ने घरेलू सरजमी पर लगातार 11वी श्रृंखला जीती है। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कोहली ने कहा, जब तक हम ईमानदारी से अपना काम करते रहेंगे तब तक नतीजे आएंगे। हम टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ टीम बनना चाहते थे, जब तब हम संघर्ष करना जारी रखेंगे चीजें हमारे मुताबिक होंगी।

### रोहित ने कहा, कोच और कप्तान के समर्थन से मदद मिली

भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का मानना है कि कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री के उनकी क्षमता पर भरोसे से उन्हें टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करने में मदद मिली। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, कोच और कप्तान के समर्थन से मदद मिलती है। पारी का आगाज करने का मौका देने के लिए मै टीम प्रबंधन का आभारी हूं। इस तरह की अटकलें थी कि कुछ महीने पहले रोहित और कोहली के बीच सब कुछ ठीक नही चल रहा था। कोहली और कोच रवि शास्त्री हालांकि पहले ही इस तरह की अटकलों को बकवास करार दे चुके है।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी**: नौ विकेट पर 497 रन (पारी घोषित), दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 162, दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: क्विंटन डिकाक बो उमेश 05, डीन एल्गर रिटायर्ड हर्ट 16, जुबैर हमजा बो शमी 00, फाफ डु प्लेसिस पगबाधा बो शमी 04, तेंबा बावुमा का साहा बो शमी 00, हेनरिक क्लासेन पगबाधा बो उमेश 05, जार्ज लिंडे रन आउट 27, डेन पीट बो जडेजा 23, थ्यूनिस डि ब्रून का साहा बो नदीम 30, कागिसो रबादा का जडेजा बो अश्विन 12, एनरिच नोर्टजे नाबाद 05, लुंगी एनगिडी का एवं बो नदीम 00, **अतिरिक्त**: 06, **कुल**: 48 ओवर में सभी विकेट खोकर: 133 रन, **विकेट पतन**: 1-5, 2-10, 3-18, 4-22, 5-36, 6-67, 7-98, 8-121, 9-133, **गेंदबाजी**: शमी 10-6-10-3, उमेश 9-1-35-2, जडेजा 13-5-36-1, नदीम 6-1-18-2, अश्विन 10-3-28-1

### भारत की जीत के बाद स्टेडियम पहुंचे धोनी



रांची। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के दौरान स्टेडियम में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी नजर नही आए लेकिन मैच और श्रृंखला के खत्म होने के बाद रांची का यह राजकुमार जेएससीए स्टेडियम पहुंचा जहां कोच रवि शास्त्री और दूसरे खिलाड़ियों के साथ उनकी तस्वीरें देखने को मिली। विराट कोहली की टीम ने इस टेस्ट को पारी और 202 रन से अपने नाम किया। शास्त्री ने धोनी के साथ ट्विटर पर फोटो साझा करते हुए लिखा, श्रृंखला में शानदार जीत के बाद सही मायने में भारतीय दिग्गज को देखना कमाल का अनुभव है। कोहली से संवाददाता सम्मेलन में जब एक पत्रकार ने धोनी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, वह ड्रेसिंग रूम मे है। आप आकर उन्हे हेलो बोल सकते है। भारत को दो विश्व कप मे चैम्पियन (टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय) बनाने वाले 37 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी के भविष्य के बारे मे कई तरह की अटकलें लगाई जा रही है। पिछले विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद धोनी ने ब्रेक लिया था लेकिन उन्होंने भविष्य की योजना के बारे में कुछ नही बताया है। इस दौरान उन्होंने प्रादेशिक सेना मे सेवाएं दी, जहां वह मानद लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर है। उन्होंने इसके बाद अमेरिका मे गोल्फ मे भी हाथ आजमाया। बीसीसीआई ने भी धोनी की तस्वीर साझा की जिसमे वह भारतीय ड्रेसिंग रूम मे दिख रहे है। इस तस्वीर मे वह पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम के साथ बात करते दिख रहे है। नदीम ने इस मुकाबले में चार विकेट लिए।

### भारत में सिर्फ पांच टेस्ट स्थल होने चाहिए: कोहली

रांची। भारतीय कप्तान विराट कोहली का मानना है कि अब समय आ गया है कि भविष्य में होने वाली घरेलू श्रृंखलाओं के लिए बीसीसीआई को पांच टेस्ट स्थलों का चयन करना चाहिए जैसा कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया में शीर्ष टीमों के दौरे पर होता है। बड़ी टीमों के दौरे के लिए आस्ट्रेलिया में मेलबर्न, सिडनी, पर्थ, ब्रिसबेन और एडिलेड पांच टेस्ट स्थल है। इसी तरह बड़ी टेस्ट श्रृखलाओं (एशेज I भारत) के लिए इंग्लैंड में लार्ड्स, ओवल, ट्रेंट ब्रिज, ओल्ड ट्रैफर्ड, एजबेस्टन, साउथेम्प्टन और हेडिंग्ले मुख्य टेस्ट स्थल है। रांची मे टेस्ट के दौरान मैदान मे दर्शकों की कमी के बारे में पूछे जाने पर भारतीय कप्तान ने कहा, यह अच्छा सवाल है। हम काफी समय से इस बारे मे चर्चा कर रहे है। मेरा मानना है कि टेस्ट मैचों के पांच स्थल होने चाहिए। कोहली के इस सुझाव को बीसीसीआई के निर्वाचित अध्यक्ष सौरव गांगुली विचार कर सकते है। कोहली ने कहा, अगर आप टेस्ट क्रिकेट को जीवंत और रोचक बनाए रखना चाहते है तो मै इस बात को लेकर पूरी तरह से सहमत हूं कि अधिक से अधिक पांच टेस्ट स्थल होने चाहिए। यह इतने अधिक जगह पर नही होना चाहिए जहां कम लोग मैच देखने पहुंचते है या नही आते है। उन्होने कहा, ऐसा होने से भारत दौरे पर आने वाली टीमों को भी फायदा होगा जिन्हें पता होगा कि उन्हे इन्ही पांच जगहो में से कही टेस्ट खेलना होगा। कोहली ने यह नही बताया कि वे कौन से पांच टेस्ट स्थल होने चाहिए लेकिन माना जा रहा है कि वे चाहते है कि मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली और बेंगलुरू पांच मुख्य टेस्ट स्थल रहें। बीसीसीआई हर प्रारूप में स्थल के चयन के लिए रोटेशन नीति अपनाती है और उसके पास अभी टेस्ट मैचों के लिए 15 स्थल हैं। कोहली ने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि आपके पास राज्य संघ है जिन्हे रोटेशन के आधार पर मैच मिलता है। यह टी20 और एकदिवसीय के लिए अच्छा है लेकिन भारत आने वाली टेस्ट टीमों को पता होना चाहिए कि वे इन पांच स्थलों पर खेलेंगे। उन्हे पता होना चाहिए कि हमे किस तरह की पिचो पर खेलना है। किस तरह के दर्शक मैच देखने के लिए आएंगे। कोहली ने इसे चुनौती की तरह देखते हैं जैसे कि विदेशी दौरो पर उन्हे सामना करना पड़ता है। जब आप दौरे पर निकलते है तो यह पहले ही चुनौती बन जाता है क्योंकि हम कही भी जाएं हम जानते है कि हमें उन चार स्थलों पर मैच खेलने है। पिच किस तरह की होगी। स्टेडियम खचाखच भरा रहेगा और दर्शकों का समर्थन टीम के साथ रहेगा।

# रोहित अलग स्तर का खिलाड़ी : शास्त्री

## ● भारतीय बल्लेबाजी की तुलना फेरारी से की

एजेंसी। रांची



भारतीय कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को कहा कि टेस्ट सलामी बल्लेबाज की नई भूमिका में रोहित शर्मा ने स्वयं को अलग स्तर के खिलाड़ी के रूप में दिखाया और इस क्रम की चुनौती से शानदार तरीके से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। शास्त्री ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मध्यक्रम में अजिंक्य रहाणे मौजूदा है, उसे सिर्फ अपनी फार्म दोबारा हासिल करनी थी। रोहित अलग स्तर का खिलाड़ी है। एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उसकी मानसिकता अलग होने की जरूरत थी, उसने सामंजस्य बैठाया। यह पारी की शुरुआत करने के लिए मुश्किल पिच थी लेकिन उसने झेला। यह उसके अंदर है कि मुश्किल परिस्थितियों से उसे फर्क नहीं पड़ता। इस श्रृंखला में उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शास्त्री ने टीम की मानसिकता की भी सराहना करते हुए कहा कि टीम घरेलू या विदेशी सरजमीं पर किसी भी हालात का सामना करने से नहीं झिझकती। हमारी सोच यही है कि भाड़ में जाए पिच। हमें 20 विकेट लेने की जरूरत है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह मुंबई, आकलैंड, मेलबर्न है या कोई और जगह। एक बार 20 विकेट हासिल करने के बाद, हमारी बल्लेबाजी जब लय में आ जाती है तो यह फर्टि से दौड़ती फेरारी की तरह होती है। शास्त्री ने कहा, जब आपके पास 20 विकेट चटकाने वाले पांच गेंदबाज होते हैं तो बस यही मायने रखता है। भारत ने श्रृंखला में शुरू से ही दबदबा बनाया। बल्लेबाजों ने बड़ी पारियां खेली जबकि गेंदबाजों ने अनुभव और आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों के खिलाफ नियमित रूप से सफलता हासिल की। शास्त्री ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम की तारीफ की जिन्होंने यहां 30 बरस की उम्र में पदार्पण किया और चार विकेट चटकाए। भारतीय कोच ने कहा, बेहद प्रभावित। कल जब उसने पहला विकेट हासिल किया जो मैं कहा था कि अगर बिशन सिंह बेदी देख रहे होते तो वह कहते शानदार बेटा। उसे बाहर से खेलते हुए देखना शानदार था। घरेलू क्रिकेट में उसके नाम 420 से अधिक विकेट हैं, उसने लंबी दूरी तय की है। खुद है कि उसने मैच को खत्म किया। अपने घरेलू दर्शकों के सामने उसने जिस तरह की शुरुआत की वह शानदार थी। शास्त्री ने कहा, वह बिलकुल भी नर्वस नहीं था, पहले तीन ओवर मेडन थे। प्रत्एक गेंद लक्ष्य पर थी। यह उसके अनुभव के कारण है।

# मानसिक रूप से पंगु बना गया दौरा : डुप्लेसिस



रांची। भारतीय टीम के निर्मम रवैए के सामने चारों खाने चित्त होने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने माना कि यह दौरा उनके खिलाड़ियों को मानसिक रूप से पंगु बना गया। दक्षिण अफ्रीका किसी भी मैच में चुनौती पेश नहीं कर पाया और उसने तीनों मैच बड़े अंतर से गंवाए। डुप्लेसिस ने तीसरे टेस्ट में पारी के अंतर से हार के बाद कहा, इस तरह के दौरे से पता चलता है कि आप मानसिक तौर पर पंगु बन सकते हैं और इससे बाहर निकलना आसान नहीं होता है। जिस तरह से उन्होंने हर बार बड़े स्कोर बनाए उसे देखते हुए यह निष्ठुर और निर्ममता थी। बल्लेबाज के तौर पर आप पर इसका मानसिक रूप से प्रभाव पड़ता है। इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है और इसलिए आपने देखा होगा कि आखिर में हमारी बल्लेबाजी मानसिक तौर पर कमजोर पड़ चुकी थी। आप मानसिक तौर पर पंगु नहीं होना चाहते हो। डुप्लेसिस ने हार के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को भी जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस दौरे से सही योजनाओं की कमी का भी खुलासा हो गया क्योंकि उन्होंने हाशिम अमला और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद की स्थिति पर विचार नहीं किया। इससे पता चलता है कि हमारा ढांचा वैसा नहीं है जैसा उसे होना चाहिए था। घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच बड़ा अंतर है। अगर आप तीन या चार साल पहले मुड़कर देखो और अगर तब कोई दूरदृष्टा होता और कहता कि तीन या चार साल बाद बहुत अनुभवहीन खिलाड़ी टीम में होंगे। इसलिए तभी इस समय के लिए तैयारियां शुरू करने देनी चाहिए थी। डुप्लेसिस ने कहा, हम संभवत: दोषी हैं जो हमारे पास इन खिलाड़ियों के संन्यास लेने के बाद की स्थिति के लिए कोई योजना नहीं थी। आप एक खिलाड़ी की जगह भर सकते हो चार या पांच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की नहीं। हमें अपनी योजनाओं और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के संन्यास लेने के मामले में बेहतर होना चाहिए था। दक्षिण अफ्रीकी टीम विशाखापत्तनम में पहले टेस्ट मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई। इसके बाद लगातार उसके प्रदर्शन में गिरावट आई। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ मैच पहले टेस्ट में खेला और लगातार दबाव के कारण हम हर टेस्ट मैच में कमजोर पड़ते गए। इसलिए मेरा कहना है कि हम टीम के रूप में मानसिक तौर पर पर्याप्त मजबूत नहीं थे और इस विभाग में कुछ काम करने की जरूरत है।

### कोलपैक करार से दक्षिण अफ्रीका को नुकसान हुआ

रांची। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को मलाल है कि कोलपैक करार के तहत उनके देश ने अपने खिलाड़ियों को काउंटी क्रिकेट को गंवा दिया और साथ ही मंगलवार को उम्मीद जताई कि ब्रेक्जिट के बाद स्थिति उनकी टीम के अनुकूल होगी। डु प्लेसिस ने कहा कि कोलपैक करार के कारण वे अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को गंवा रहे है। पिछले दो सत्र में एसेक्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले आफ स्पिनर साइमन हार्मर के संदर्भ में डु प्लेसिस ने कहा, यह दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए दुखद है कि उनके पास अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का विकल्प नही है। साइमन हार्मर के लिए अविश्वसनीय सत्र रहा। अगर वह दक्षिण अफ्रीका के साथ होता तो अच्छा रहता, उसने विदेशो में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे दौरे पर हमारे साथ लेकर आइए। आप अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को खो रहे है और अचानक आपका प्रतिभा पूल काफी छोटा हो गया। हमने इसे रोकने की कोशिश की लेकिन इसे रोकना काफी मुश्किल है। हार्मर सहित दुनिया भर के लगभग 60 क्रिकेटरो ने यूरोपीय यूनियन के रिहायशी नियमों का फायदा उठाया है जिससे कि वह काउंटी टीमों से जुड़ सकें और कोलपैक करार के तहत उन्हें विदेशी खिलाड़ी नही माना जाए। यह करार हालांकि खिलाड़ियों को अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से भी रोकता है जिससे दक्षिण अफ्रीका को हार्मर के अलावा तेज गेंदबाजो डुआने ओलिवर और काइल एबोट जैसे खिलाड़ियो की सेवाएं नही मिल पा रही जिन्होंने इंग्लैंड में क्रिकेट खेलने का विकल्प चुना। हाल में संन्यास लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हाशिम अमला इंग्लैंड के काउंटी क्लब सरे के साथ कोलपैक पंजीकरण के करीब है और डु प्लेसिस इसे हार की स्थिति मानते है। पिछले साल संन्यास लेने वाले तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी नवीनतम दिशानिर्देशो के अनुसार ब्रेक्जिट की स्थिति मे 2021 तक इंग्लिश काउंटी सर्किट से कोलपैक क्रिकेटरो को जाना होगा। ब्रेक्जिट के बाद कोलपैक करार 2020 सत्र के अंत मे खत्म हो जाएंगे और ईसीबी ने इसके संभावित असर को लेकर ईसीबी ने 18 प्रथम श्रेणी काउंटी को ईमेल भी लिखा है।

### रोहित को चिंता और संकोच पर काबू पाने का श्रेय जाता है : विराट

रांची। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से पहली बार टेस्ट मे पारी का आगाज करते हुए सफलता हासिल करने का श्रेय रोहित को जाता है क्योंकि उन्होंने चिंता और संकोच को खुद पर हावी नही होने दिया। कोहली ने कहा कि रोहित की पारियों से गेंदबाजो को 20 विकेट लेने के लिए पूरा समय मिला जिससे टीम ने 3-0 से श्रृंखला अपने नाम की। कोहली ने एकदिवसीय टीम के उपकप्तान की तारीफ करते हुए कहा, चिंता और संकोच पर काबू पाकर इस तरह का प्रदर्शन करने का पूरा श्रेय खिलाड़ी को ही जाता है जो सलामी बल्लेबाज के तौर पर पहली ही श्रृंखला मे ही मैन आफ द सीरिज रहे। यह उनके लिए शानदार रहा। भारतीय कप्तान ने कहा, वह लंबे समय से एकदिवसीय में सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज है लेकिन टेस्ट क्रिकेट मे सलामी बल्लेबाज के रूप मे वह कैसा प्रदर्शन करेंगे, इस बात की आशंका थी। बारिश के कारण दो सत्र का खेल प्रभावित हुआ लेकिन उन्होने जिस तेजी से बल्लेबाली की थी उससे टीम को दक्षिण अफ्रीका को दो बार आउट करने का पूरा समय मिला। भारतीय शीर्ष क्रम ने श्रृंखला मे शानदार प्रदर्शन किया जिससे कप्तान संतुष्ट दिखे। मयंक (अग्रवाल) टीम मे नए होने के बाद भी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने लगातार अच्छा किया है। अजिंक्य रहाणे ने भी लंबे समय के बाद घरेलू मैदान पर शतकीय पारी खेली (2016 मे न्यूजीलैड के खिलाफ इंदौर मे 188 रन की पारी खेलने के बाद)। उन्होंने इससे पहले लंबे समय के बाद वेस्टइंडीज मे शतकीय पारी खेली थी। पिछले दो-तीन महीने से टीम सही दिशा मे आगे बढ़ रही है। व्यक्तिगत प्रदर्शन का टीम के हित मे काम आने को देखकर संतुष्टि होती है। उमेश यादव और मोहम्मद शमी ने श्रृंखला मे 24 (60 में से) विकेट चटकाए और उनका स्ट्राइक रेट लंबे समय मे दूसरे भारतीय गेंदबाजो से काफी बेहतर रहा। अगर आप दोनों गेंदबाजो को देखेंगे तो भारतीय परिस्थितियो मे उनका स्ट्राइक रेट शायद सर्वश्रेष्ठ होगा। इससे यह पता चलता है कि ए खिलाड़ी स्टंप्स और पैड की लाइन मे ज्यादा गेंदबाजी करते है। गेंदबाजी मे यह मारक क्षमता देखना अच्छा संकेत है। उनके फिटनेस का स्तर भी बढ़ा है। कोहली ने टीम की सफलता का श्रेय सकारात्मक ऊर्जा को दिया। पांच मिनट के लिए अगर आपके अंदर नकारात्मक ऊर्जा आए तो इससे आपका खेल प्रभावित हो सकता है।



### बीसीसीआई अध्यक्ष से अब तक धोनी को लेकर बात नही हुई

रांची। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को कहा कि महेद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भविष्य को लेकर उनकी सौरव गांगुली से कोई बात नही हुई और उनका मानना है कि जब जरूरत होगी तब बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष उनसे बात करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लेने वाले धोनी के बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला मे खेलने की संभावना नही है। धोनी यहां भारतीय टीम के सदस्यों से मिलने आए और कोहली ने पत्रकारो को मजाकिया लहजे में कहा कि वे ड्रेसिंग रूम मे आएं और पूर्व भारतीय कप्तान को हेलो बोलें। बीसीसीआई का भावी अध्यक्ष चुने जाने के बाद गांगुली ने कहा था कि वह चयनकर्ताओ और धोनी से बात करके जानना चाहते है कि उनके मन में क्या चल रहा है। भारतीय कप्तान ने प्रेस कांफ्रेंस के बाद कहा, मैने उन्हे (गांगुली को) बधाई दी। यह शानदार है कि वह बीसीसीआई अध्यक्ष बने। लेकिन उन्होंने अब तक इस (धोनी के) बारे मे मेरे साथ बात नही की है।

### कोहली की कप्तानी में तीसरी बार 3-0 से क्लीन स्वीप किया

रांची। देश के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन चुके विराट कोहली की अगुवाई मे भारतीय टीम ने तीसरी बाद तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके नया रिकार्ड बनाया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में पारी और 222 रन से हराकर 3-0 से श्रृंखला जीती। कोहली की कप्तानी मे भारत तीसरी बार तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में सफल रहा जो कि नया रिकार्ड है। कोहली ने मोहम्मद अजहरूद्दीन को पीछे छोड़ा जिनकी अगुवाई मे भारत ने दो बार तीन मैचो की श्रृंखला मे क्लीन स्वीप किया था। भारतीय टेस्ट इतिहास मे यह केवल छठा अवसर है जबकि भारतीय टीम ने तीन या इससे अधिक टेस्ट मैचों की श्रृंखला के सभी मैच जीते। कोहली की कप्तानी में भारत ने 2016 में न्यूजीलैंड को 3-0 से हराने के बाद श्रीलंका को उसकी धरती पर इसी अंतर से हराया था। अजहरूद्दीन की अगुवाई वाली टीम ने 1993 में इंग्लैंड और 1994 में श्रीलंका को घरेलू पिचों पर 3-0 से हराया था। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम ने 2013 में घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया का 4-0 से सूपड़ा साफ किया था। यह पहला अवसर है जबकि भारत ने दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोहली के नेतृत्व में भारत ने दस टेस्ट मैचों में सातवी जीत दर्ज की। अन्य कप्तानों की अगुवाई मे भारत ने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 29 टेस्ट मैचों मे सात मे जीत दर्ज की है। रांची टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की टीम 162 और 133 रन पर आउट हो गई और इस तरह से किसी भी पारी में रोहित शर्मा की पहली पारी की रनसंख्या (212) तक नही पहुंच पाई। रोहित इस तरह से पांचवे भारतीय बल्लेबाज बन गए है जिनकी रनसंख्या को विरोधी टीम दोनो पारियों में नही छू पाई। उनसे पहले वीनू मांकड़ (231) ने 1956 में न्यूजीलैंड (209 और 219) के खिलाफ चेन्नई में, राहुल द्रविड़ ((270) ने 2004 में पाकिस्तान (224 और 245) के खिलाफ रावलपिंडी में, सचिन तेंदुलकर (248) ने 2004 में बांग्लादेश (184 और 202) के खिलाफ ढाका में और कोहली (243) ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ (205 और 166) के खिलाफ नागपुर में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# भारत ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की

एजेंसी। दुबई

भारत ने मंगलवार को स्वदेश में दक्षिण अफ्रीका का 3-0 से क्लीनस्वीप करके अधिकतम संभव अंक जुटाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

तीन टेस्ट की श्रृंखला में प्रत्एक टेस्ट के दौरान 40 अंक दांव पर लगे होते हैं जबकि दो टेस्ट की श्रृंखला के दौरान प्रत्एक टेस्ट से 60 अंक तक हासिल किए जा सकते हैं। पांच

## ● 240 अंक जुटाकर शीर्ष पर

टेस्ट की श्रृंखला में प्रत्एक टेस्ट में 24 जबकि चार टेस्ट की श्रृंखला में प्रत्एक टेस्ट में 30 अंक दांव पर होते हैं। भारत ने वेस्टइंडीज में दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीतकर भी 120 अंक जुटाए थे। टीम इंडिया अब तक दो श्रृंखला में अपने पांचों मैच जीतकर 240 अंक जुटाकर शीर्ष पर है। भारत को 14 नवंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट की घरेलू श्रृंखला के दौरान अपनी स्थिति और मजबूत करने का मौका मिलेगा। श्रीलंका और न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट की श्रृंखला।-।से ड्रा कराने के बाद 60-60 अंक हासिल किए हैं। इंग्लैंड और आट्रेलिया के बीच पांच मैच की श्रृंखला भी 2-2 से ड्रा रही थी जिससे दोनों टीमों के 56-56 अंक हैं। लीग चरण के समाप्त होने के बाद दो शीर्ष टीमें ब्रिटेन में जून 2021 में फाइनल खेलेंगी जिसके विजेता को विश्व टेस्ट चैंपियन का खिताब मिलेगा।

# विनोद राय से मतभेदों पर एडुल्जी ने दी सफाई

एजेंसी। मुंबई

प्रशासकों की समिति (सीओए) की सदस्य डायना एडुल्जी ने मंगलवार को कहा कि विनोद राय की अगुवाई वाले पैनल के भीतर गंभीर मतभेद थे जैसे कि एक लोकतांत्रिक संगठन में हो सकते हैं लेकिन इनमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं था। सीओए ने 33 महीने तक भारतीय बोर्ड का संचालन किया। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के बुधवार को बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने के साथ ही सीओए का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान एडुल्जी ने सीओए की अंतिम



बैठक के बाद कहा, यह अच्छा अनुभव था और लंबी यात्रा रही। मैंने नहीं सोचा था कि यह यात्रा इतनी लंबी होगी, लेकिन मैं चुनाव और पदाधिकारियों की वापसी से खुश हूं और अब वे बीसीसीआई का संचालन करेंगे। एडुल्जी और पूर्व कैग राय के बीच अक्सर कई मसलों पर मतभेद

## ● कहा, कुछ भी व्यक्तिगत नहीं

रहे। इनमें पुरुष और महिला दोनों के राष्ट्रीय कोच के नियुक्तियों को लेकर मतभेद भी शामिल हैं। एडुल्जी ने कहा कि उन्हें इस पर खेद नहीं है। हमारे बीच मतभेद रहे और हमने इन्हें खुलकर जाहिर भी किया। किसी भी संगठन में ऐसा होता है। मैं हमेशा फ्रंट फुट पर खेलती रही लेकिन कुछ भी व्यक्तिगत नहीं था। मुझे जो सही लगता है मैं वह बात खुलकर रखती हूं और उसे दबाकर नहीं रखती। बीसीसीआई के कार्यों को देखने का यह शानदार अनुभव रहा। एडुल्जी ने कहा कि गांगुली का अध्यक्ष बनना स्वागतयोग्य है। यह अच्छा है कि एक खिलाड़ी अध्यक्ष बन रहा है। वह जानता है कि क्या जरूरी है। वह जानता है कि जब वह खिलाड़ी था तो बीसीसीआई से क्या उम्मीद रखता था और अब जबकि वह अध्यक्ष है तो क्या करने की जरूरत है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। पिछले नौ महीने से सीओए का हिस्सा रहे लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) रवि थोडगे ने कहा कि उन्होंने इससे काफी कुछ सीखा। क्रिकेट प्रशासन से जुड़ने से काफी कुछ सीखने को मिला। हमने बहुत कुछ सीखा और मेरा मानना है कि हमने अपनी क्षमता के हिसाब से सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। सीओए के सभी सदस्यों को 2017 के लिए प्रतिमाह दस लाख रुपए, 2018 के लिए 11 लाख रुपए और 2019 के लिए 12 रुपए प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जाएगा। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी पीटीआई से कहा, न्यायमित्र पीएस नरसिम्हा से चर्चा के बाद इस राशि को अंतिम रूप दिया गया। इस तरह से एडुल्जी और राय दोनों में से प्रत्एक को 3.5 करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि विक्रम लिमए, रामचंद्र गुहा और रवि थोडगे को उनके कार्यकाल के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

## मार्क बाउचर को दक्षिण अफ्रीका का कोच बनाना चाहिए : वान

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की भारत के हाथों टेस्ट श्रृंखला में 0-3 से करारी हार पर चिंता व्यक्त करते हुए इंग्लैड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने मंगलवार को पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर को टीम का कोच बनाने की अपील की। भारत ने रांची में तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच पारी और 202 रन से जीतकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। इस श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी टीम किसी भी समय मुकाबले में नहीं दिखी। वान ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड को पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ओर आलराउंडर जाक कैलिस से भी सलाह लेने के लिए कहा। वान ने ट्वीट किया, दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट टीम खेल के लिए वास्तव में चिंता का विषय है। खेल को मजबूत दक्षिण अफ्रीकी टीम चाहिए। यह समय है जबकि मार्क बाउचर टीम की जिम्मेदारी संभाले। इसके अलावा ग्रीम स्मिथ और जाक कैलिस का भी किसी तरह से उपयोग किया जाना चाहिए।

## पूर्व क्रिकेटरों और प्रशासकों ने माधव आप्टे को याद किया

**मुंबई।** अपने जमाने दिग्गज बल्लेबाज और मुंबई शैली की खड़ूस बल्लेबाजी के लिए मशहूर माधव आप्ते को मंगलवार को यहां श्रद्धांजलि बैठक में याद किया गया। आईसीसी और बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख शरद पवार, एमसीए अध्यक्ष विजय पाटिल, पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कोच लालचंद राजपूत आदि ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व बीसीसीआई पदाधिकारी रवि सावंत ने आप्टे से जुड़ी यादों को ताजा किया। पवार और वेंगसरकर ने भी इस अवसर पर उन्हें याद किया।

## इस्राइलियों का सामना करने से इनकार पर जूडो महासंघ ने ईरान पर प्रतिबंध लगाया

**पेरिस।** अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ ने मंगलवार को कहा कि इस्राइली प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने से इनकार पर उसने ईरान पर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।

महासंघ ने पिछले महीने अस्थाई प्रतिबंध लगाया था। वह इस रिपोर्ट की जांच कर रहा था कि ईरान ने एक जूडोका को विश्व चैम्पियनशिप में जान बूझकर हारने के लिए कहा था ताकि अगले दौर में इस्राइली प्रतिद्वंद्वी का सामना करने से बच सके। आईजेएफ ने बयान में कहा , तोक्यो में विश्व जूडो चैम्पियनशिप के दौरान यह घटना हुई। ईरान के जूडो की सभी स्पर्धाओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष बनेंगे गांगुली

**एजेंसी।** मुंबई



भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली बुधवार को सालाना आम बैठक में बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष बनेंगे जिससे उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति का 33 महीने से चला आ रहा शासन खत्म हो जाएगा।

बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए गांगुली का नामांकन सर्वसम्मति से हुआ है जबकि गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय सचिव होंगे। उत्तराखंड के महीम वर्मा नए उपाध्यक्ष होंगे। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई अरूण धूमल कोषाध्यक्ष होंगे जबकि केरल के जएश जार्ज संयुक्त सचिव होंगे। गांगुली का कार्यकाल नौ महीने का ही होगा और उन्हें जुलाई में पद छोड़ना होगा क्योंकि नए संविधान के प्रावधानों के तहत छह साल के कार्यकाल के बाद विश्राम की अवधि अनिवार्य है। गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव और बाद में अध्यक्ष पद के अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कुछ लक्ष्य तय कर रखे हैं जिनमें प्रशासन को ढे पर लाना और प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों के वेतन में बढोतरी शामिल है। हितों के टकराव के नियमों के बीच गांगुली के सामने चुनौती क्रिकेट सलाहकार समिति और राष्ट्रीय चयन समिति में अच्छे क्रिकेटरों को लाने की भी होगी। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था , मेरे लिए यह कुछ अच्छा करने का सुनहरा मौका है। दस महीने की अवधि छोटी है और यह भी देखना होगा कि गांगुली बीसीसीआई के पुराने धुरंधरों एन श्रीनिवासन और निरंजन शाह से कैसे निपटते हैं जिनके बच्चे अब बीसीसीआई का अंग हैं। श्रीनिवासन के विश्वस्त आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल से भी उनके संबंध कैसे रहते हैं, यह देखना रोचक है। क्रिकेट नीतियों के अलावा महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य, दिन रात के टेस्ट क्रिकेट और स्थाई टेस्ट केंद्रों पर भी उनका रूख देखना होगा। सीओए प्रमुख विनोद राय ने कहा कि एजीएम के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। पहले पिछले तीन साल के खातों को मंजूरी दी जाएगी। उसके बाद निर्वाचन अधिकारी चुनाव के नतीजे का ऐलान करेंगे क्योंकि सभी निर्विरोध चुने गए हैं। हम सौरव से बात करके कल का शेड्यूल तय करेंगे।

### एडुल्जी, राय को मिलेंगे 3.5 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** प्रशासकों की समिति (सीओए) प्रमुख विनोद राय और पैनल की उनकी साथी सदस्य डायना एडुल्जी में से प्रत्एक को बीसीसीआई में 33 महीने के कार्यकाल के लिए लगभग 3.5 करोड़ रुपए भुगतान किया जाएगा। उच्चतम न्यायालय से नियुक्त सीओए का कार्यकाल कल बीसीसीआई एजीएम मे नए पदाधिकारियो के पदभार ग्रहण करने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। पूर्व कैग राय और पूर्व भारतीय महिला कप्तान एडुल्जी जनवरी 2017 में नियुक्ति के बाद से ही सीओए का हिस्सा रहे है जबकि उनके साथी रामचंद्र गुहा और विक्रम लिमए ने विभिन्न कारणो से त्यागपत्र दे दिया था। सीओए के सभी सदस्यो को 2017 के लिए प्रतिमाह दस लाख रुपए, 2018 के लिए 11 लाख रुपए और 2019 के लिए 12 लाख रुपए प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जाएगा। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी पीटीआई से कहा, न्यायमित्र पीएस नरसिम्हा से चर्चा के बाद इस राशि को अंतिम रूप दिया गया। इस तरह से एडुल्जी और राय दोनो में से प्रत्एक को 3.5 करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि विक्रम लिमए, रामचंद्र गुहा और रवि थोडगे को उनके कार्यकाल के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

# बीसीसीआई पदाधिकारियों के पदभार संभालने के बाद सीओए को हटना होगा: उच्चतम न्यायालय

- बीसीसीआई के निर्वाचित पदाधिकारियों का चुनाव आज

**एजेंसी।** नई दिल्ली





उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को व्यवस्था दी कि बीसीसीआई के निर्वाचित पदाधिकारियों के पदभार संभालने के बाद शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त पूर्व सीएजी विनोद राय की अध्यक्षता वाली प्रशासकों की समिति (सीओए) को हटना होगा। न्यायमूर्ति एसए बोब्डे और एल नागेश्वर राव की पीठ ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की अगुआई वाले बीसीसीआई के निर्वाचित पदाधिकारियों के 23 अक्टूबर को होने वाले चुनावों में प्रभार संभालने के बाद सीओए का काम खत्म हो जाएगा। पीठ ने सीओए का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता पराग त्रिपाठी के निवेदन पर गौर करते हुए निर्देश दिया कि प्रशासकों की समिति और अन्य अधिकारियों के खिलाफ क्रिकेट संगठन में किए गए किसी भी कार्य के लिए बीसीसीआई द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा और ऐसे किसी भी कदम के लिए पूर्व स्वीकृति की जरूरत पड़ेगी। पीठ ने सीओए को आज से सात दिन के भीतर अपने स्वीकृत खाते तमिलनाडु सोसायटी के पंजीयक को सौंपने को कहा जिसके साथ बीसीसीआई पंजीकृत है। न्यायालय ने साथ ही स्पष्ट किया कि सीओए द्वारा कानून के अंतर्गत सौंपे गए खातों को पंजीयक देखेगा। पीठ ने कहा, बीसीसीआई के खातों को रिकार्ड में लेकर हम खर्चों को प्रमाणित नहीं कर रहे हैं। न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई की अगली तारीख 27 नवंबर तय की है।

# गुणशेखरन ने दो स्वर्ण के साथ भारत का खाता खोला

**एजेंसी।** वुहान (चीन)

- विश्व सैन्य खेल

पैरा-एथलीट आनंदन गुणशेखरन ने मंगलवार को यहां सातवें सीआईएसएम विश्व सैन्य खेलों में पुरुषों के दिव्यांग आईटी एक वर्ग के 100 मीटर और 400 मीटर स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला। उन्होंने 100 मीटर की स्पर्धा में 12 सेकेंड का समय लेकर भारत को मौजूदा खेलों को पहला पदक दिलाया। पेरू के कासा जोस (12.65 सेकेंड) दूसरे और कोलंबिया के फजार्दो पार्दो (12.72 सेकेंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके बाद 32 साल के इस भारतीय ने 400 मीटर आईटी एक स्पर्धा में 53.35 सेकेंड के समय के साथ अपना और देश का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। गुणशेखरन ने 2018 राष्ट्रीय पैरा एथलीट चैम्पियनशिप में 200 मीटर और 400 मीटर में स्वर्ण जीता था। उन्होंने 2017 में दुबई में हुए पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया था। राष्ट्रीय रिकार्डधारी गोलाफेंक खिलाड़ी ताजिंदर सिंह तूर 20.36 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ छठे स्थान पर रहे। वह तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग मानक 21.10 मीटर हासिल नहीं कर सके। पुरूषों की 400 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकार्डधारी मुहम्मद अनस पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने जुलाई में 45 . 21 का राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया था। पुरूषों की मुक्केबाजी में सतीश कुमार (प्लस 91 किलो) और दुर्योधन सिंह नेगी (69 किलो) ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सतीश ने आयरलैंड के ओ ग्रिओफा अंतोइने को 5-0 से हराया जबकि नेगी ने बेलारूस के मिलिउषा जमित्री को 3-2 से मात दी।

# मौसम ने साथ दिया तो रोमांचक हो सकते हैं मुकाबले

- विजय हजारे ट्राफी सेमीफाइनल आज
- कर्नाटक व छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और गुजरात में होगी जंग
- केएल राहुल व पंचाल पर रहेगी नजर

**एजेंसी।** बेंगलुरू





मेजबान कर्नाटक का बुधवार को यहां होने वाले विजय हजारे ट्राफी सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ के खिलाफ पलड़ा भारी रहेगा जबकि तमिलनाडु और गुजरात के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। इन दोनों मैचों में हालांकि मौसम अहम भूमिका निभाएगा क्योंकि क्वार्टर फाइनल में भी बारिश के कारण कुछ टीमों को नुकसान हुआ था। कर्नाटक ने क्वार्टर फाइनल में पुडुचेरी को आसानी से हराया था। उसने लीग चरण में भी आठ मैचों में से सात में जीत दर्ज की थी। उसकी तरफ से केएल राहुल, देवदत्त पड्डिकल और कप्तान मनीष पांडे ने बल्लेबाजी में जबकि प्रसिद्ध कृष्णा, लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल और प्रवीण दुबे ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ भाग्य के सहारे सेमीफाइनल में पहुंचा। मुंबई के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह हार की स्थिति में था लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द कर दिया गया और लीग चरण में अधिक जीत दर्ज करने से छत्तीसगढ़ आगे बढ़ने में सफल रहा। आशुतोष सिंह, कप्तान हरप्रीत सिंह और अमनदीप खरे छत्तीसगढ़ के मुख्य बल्लेबाज हैं लेकिन उनका सामना कर्नाटक के मजबूत आक्रमण से होगा। अन्य सेमीफाइनल की टीम तमिलनाडु का भाग्य ने साथ दिया। वह भी पंजाब के खिलाफ रद्द कर दिए गए मैच में लीग चरण में अधिक मैच जीतने के दम पर अंतिम चार में पहुंचा जबकि गुजरात ने दिल्ली के खिलाफ आसान जीत हासिल की। गुजरात की टीम लीग चरण में दिनेश कार्तिक की अगुवाई वाली तमिलनाडु की टीम से हार गई थी और वह उसका बदला चुकता करने की कोशिश करेगी। तमिलनाडु की टीम में कार्तिक, मुरली विजय, अभिनव मुकुंद, बाबा अपराजित और विजय शंकर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके सामने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रुस कलारिया और लेग स्पिनर पीयूष चावला की कड़ी परीक्षा होगी। तमिलनाडु के गेंदबाजों टी नटराजन, के विग्नेश, विजय शंकर, आर साई किशोर और एम अश्विन ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान पार्थिव पटेल और प्रियांक पांचाल की अगुवाई वाले गुजरात के बल्लेबाजी क्रम को उनके खिलाफ सतर्क रहना होगा।

## हड़ताल के बाद बांग्लादेश क्रिक्रेट पर लगा भ्रष्टाचार के आरोप

### वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर की थी हड़ताल

**ढाका।** खिलाड़ियों की वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल के बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष ने देश में क्रिकेट में बड़े पैमाने पर फिक्सिंग और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। बीसीबी के पूर्व अध्यक्ष साबीर हुसैन चौधरी ने कहा बोर्ड की संचालन परिषद भी भ्रष्टाचार में शामिल है। चौधरी संसद सदस्य भी है। उन्होंने ट्वीट किया, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड दुनिया की एकमात्र ऐसी राष्ट्रीय खेल इकाई है जो संस्थागत तरीके से मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। उन्होने कहा, यह अविश्वसनीय है। मैने खुद कई बार इस मुद्दे को उठाया है। राष्ट्रीय टीम के कप्तान शाकिब अल हसन ने भी घरेलू क्रिकेट में भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर करते हुए क्रिकेटरों के वेतन को बढ़ाने की मांग के साथ देश के पेशेवर खिलाड़ियो के साथ हड़ताल शुरू की है। खिलाड़ियो के इस हड़ताल के कारण बांग्लादेश का आगामी भारतीय दौरा अधर में लटक सकता है। खिलाड़ियो ने घरेलू क्रिकेटरो की वेतन में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ मैच फीस भी बढ़ाने की मांग की है। मैच फिक्सिंग के कथित आरोपों के कारण 2014 के बांग्लादेश प्रीमियर लीग टी20 प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया था। बांग्लादेश में भ्रष्टाचार का एक ऐसा ही मामला 2017 मे सामने आया जब दूसरे श्रेणी के एक मुकाबले में गेंदबाज ने लगातार वाइड और नो बाल फेंक कर पहले ओवर में ही 92 रन लुटाए और टीम मैच हार गई।

# खिलाड़ियों के हड़ताल के पीछे बीसीबी को साजिश का शक

**एजेंसी।** ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की अभूतपूर्व हड़ताल के पीछे कोई षडयंत्र नजर आ रहा है। खिलाड़ियों की इस हड़ताल से टीम का आगामी भारत दौरा प्रभावित हो सकता है जो तीन नवंबर से शुरू होना है। टेस्ट और टी20 टीम के कप्तान शाकिब अल हसन, महमुदूल्लाह और मुशफिकुर रहीम सहित देश के शीर्ष क्रिकेटरों ने सोमवार को वेतन बढ़ाने के साथ कई और मांगों को लेकर क्रिकेट से जुड़ी किसी भी गतिविधि में भाग लेने से मना कर दिया है। इस मामले पर बीसीबी निदेशकों के साथ आपात बैठक करने के बाद हसन से कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश करेंगे की इस साजिश के पीछे कौन है। हसन के हवाले से डेली अखबार ने खबर दी कि इस तरह खुल कर विरोध करने का मकसद अराजकता पैदा करना और देश में खेल की छवि को बिगाडना है। बीसीबी के निदेशक जलाल यूनुस ने कहा कि खिलाड़ियों को मीडिया के सामने मांग रखने की जगह बोर्ड के पास आना चाहिए था। उन्हें चेतावनी देने से पहले बोर्ड के समाने अपनी मांगों को रखना चाहिए था। उन्होंने हालांकि, मीडिया के सामने जाकर क्रिकेट से जुड़ी सभी गतिविधि से दूर रहने का फरमान सुना दिया। यह ब्लैकमेल करने की तरह है। बीसीबी के एक अन्य निदेशक महबूब उल अनाम को लगता है कि यह बोर्ड के खिलाफ कोई षडयंत्र है। वे मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष या बोर्ड के अध्यक्ष के जरीए इस मांग को उठा सकते थे। अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब से इस तरह का कदम उठा सकते थे। मुझे लगता है कि क्रिकेटरों के हड़ताल के पीछे कोई और वजह है। यह बीसीबी के खिलाफ साजिश है। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और क्रिकेट संचालन के प्रमुख अकरम खान ने खिलाड़ियों की सराहना की। ऐसी चीजें हमेशा से एक अंदोलन से शुरू होती है। एक बार जब आप बोर्ड के साथ बैठक कर लेते है तब यह अंदोलन नहीं रहता है। बोर्ड क्रिकेटरों की मदद के लिए है। मुझे उम्मीद है कि क्रिकेटरों और बोर्ड के बीच मसला जल्दी सुलझ जाएगा। खिलाड़ियों की अन्य प्रमुख मांगों में बांग्लादेश प्रीमियर लीग का आयोजन फ्रेंचाइजी आधार पर जारी रखना, ढाका प्रीमियर लीग (घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता) के लिए खिलाड़ियों का ओपन मार्केट ट्रांसफर रखना, केन्द्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों का वेतन बढ़ाना और इसमें अधिक खिलाडयि़ों को रखना शामिल है। बीसीसीआई ने इस पर कोई प्रतिक्रिया देने से बचते हुए इसे बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया।

## बेलोन डिओर पुरस्कार की दौड़ में मेस्सी को रोनाल्डो और वान डिक से मिलेगी टक्कर



**पेरिस।** लियोनल मेस्सी को 2019 बेलोन डिओर पुरस्कार की दौड़ में चिर प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो और वर्जिल वान डिक की चुनौती का सामना करना होगा जबकि इस बार नेमार दावेदारों में शामिल नहीं हैं। दुनिया भर के पत्रकारों की वोटिंग के बाद सोमवार को जब 30 नामित दावेदारों की घोषणा की गई तो उसमें नेमार का नाम नहीं था। फ्रांस की फुटबाल पत्रिका द्वारा दिए जाने वाले इन पुरस्कारों में मेस्सी और रोनाल्डो के 10 साल के वर्चस्व को पिछले साल लुका मोड्रिच ने तोड़ा था। रीयाल मैड्रिड और क्रोएशिया की ओर से 2018 में शानदार प्रदर्शन की बदौलत बेलोन डिओर और फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के एक साल बाद मोड्रिच को भी इस सूची में जगह नहीं मिली है। महिला वर्ग में मेगान रेपिनो बेलोन डिओर खिताब जीतने की प्रबल दावेदार हैं। उन्हें पिछले महीने फीफा की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। अमेरिका की इस स्टार की दो साथी खिलाड़ियों टोबिन हीथ और एलेक्स मोर्गन को भी 20 खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। पुरस्कार दो दिसंबर को पेरिस में दिए जाएंगे।

# काल्विन कालेज और एलपीसी सहारा स्टेट सेमीफाइनल में



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

काल्विन ताल्लुकेदार कालेज में मंगलवार से शुरू कुंवर मुनीन्द्र सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में काल्विन ताल्लुकेदार कालेज और एलपीसी सहारा स्टेट ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले मैच में काल्विन ताल्लुकेदार कालेज ने रामस्वरूप कालेज को 110 रनों से और दूसरे मैच में एलपीसी सहारा स्टेट ने जागरण पब्लिक स्कूल को तीन विकेट से मात दी। काल्विन ताल्लुकेदार कालेज के मैनेजर कुंवर मनीष वर्धन सिंह के पिता कुंवर मुनींद्र सिंह की याद में आयोजित इस टूर्नामेंट का फाइनल 25 अक्टूबर को खेला जाएगा। इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजा आनंद सिंह (अध्यक्ष ब्रिटिश इंडियन एसो.) ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधानाचार्य अनूप राज ने किया। इस मौके पर पूर्व जज शैलेन्द्र नाथ टंडन, कालेज के प्रधानाचार्य अनूप राज, डीके सिंह चौहान, राजा राकेश प्रताप सिंह , राजा स्वरेश्वर वली, पवन श्रीवास्तव, पीएन सिंह, विनय सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। आज के मैच: यूनिटी कालेज बनाम विद्या ट्री मार्डन वर्ल्ड कालेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम लामार्टिनियर ब्वायज।

## लखनऊ जोन की गौरव ने वाक चाल में जीता सोना

### उप्र पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स

**लखनऊ।** लखनऊ जोन की गौरव कुमारी ने 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर में मंगलवार से शुरू उप्र पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10 किमी. वाकचाल में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग में मध्य जोन के जगवीर सिंह ने सोना जीता। परिणाम:(पुरुष)- 20 किमी. पैदल चाल: प्रथम जगवीर सिंह, मध्य जोन, द्वितीय प्रवीण कुमार मेरठ जोन, तृतीय ओमवीर-1 पश्चिमी जोन। पोलवाल्ट: प्रथम चन्द्रहास कुशवाहा, मध्य जोन, द्वितीय आलोक सिंह लखनऊ जोन, तृतीय रवीन्द्र पाल कानपुर जोन। त्रिकूद: प्रथम विनय कुमार पश्चिमी जोन, द्वितीय इमरान सलमानी, तृतीय किरण पटेल लखनऊ जोन। 800 मीटर दौड़: प्रथम शिवांग तोमर बरेली जोन, द्वितीय मनीष विश्नोई पश्चिमी जोन, तृतीय बलराम पश्चिमी जोन। 200 मीटर दौड़: प्रथम राहुल कुमार लखनऊ जोन द्वितीय विश्वास तोमर बरेली जोन, तृतीय सीटू कुमार मध्य जोन। गोला फेंक: प्रथम राजवीर सिंह मध्य जोन, द्वितीय आनन्द मौर्या, पूर्वी जोन, तृतीय अम्बिका यादव मध्य जोन। (महिला)- 10 किमी वाक चाल: प्रथम गौरव कुमारी लखनऊ जोन, द्वितीय सरिता शर्मा, तृतीय मीना मेरठ जोन। ऊंची कूद: प्रथम शिल्पी दूबे लखनऊ जोन, द्वितीय मेघा सिरोही। हैमर थ्रो: प्रथम पल्लवी बरेली जोन, द्वितीय मोनिका बरेली जोन। 800 मीटर दौड़: प्रथम रजनी बरेली जोन, द्वितीय मनोरमा आगरा जोन, तृतीय सुचिता तिवारी प्रयागराज जोन। 200 मीटर दौड़: प्रथम नीशू मॉगट लखनऊ जोन, द्वितीय दीक्षा गुप्ता लखनऊ जोन, तृतीय अंशिका यादव वाराणसी जोन। डिस्कस थ्रो: प्रथम नीरज बरेली जोन, द्वितीय मोनिका बरेली जोन, तृतीय आकांक्षा कानपुर जोन।

### स्पोर्ट्स हास्टल की लगातार दूसरी हार

**लखनऊ।** मो. शाहिद हाकी स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू आमंत्रण प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स हास्टल को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आर्मी एकादश ने स्पोर्ट्स हास्टल को आसानी से 4-1 गोल से शिकस्त दी। मैच का पहला गोल 13वें मिनट में आर्मी एकादश के शक्ति ने किया। जवाब में स्पोर्ट्स हास्टल के संदीप पाठक ने 26वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके दो मिनट बाद ही आर्मी एकादश के डेविड डंग डंग ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर अपनी टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद 34वें मिनट में आनन्द कुमार बारा और 54वें मिनट में मशीष दास हिरांज ने एक-एक गोल करके अपनी टीम की 4-1 गोल से जीत सुनिश्चित कर दी। अन्य मैचों में जिसमें इंडियन आयल मुंबई ने एनसीआर इलाहाबाद को 6-2 गोल से पराजित किया। इंडियन आयल मुंबई के लिए अरमान कुरैशी ने तीन गोल दागे। तीसरे मैच में इस्टर्न रेलवे कोलकाता ने पंजाब नेशनल बैक दिल्ली को 4-2 गोल से पराजित कर दिया।

## द्रोण अकादमी 17 रन से विजयी

**लखनऊ।** द्रोण क्रिकेट अकादमी ने अंडर-14 के एक मैत्री मैच में एलपीएस सेक्टर नौ 17 रन से हराया। मल्टी एक्टिविटी सेंटर में द्रोण क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करके 40 ओवर में 169 रन बनाए। एस. पांडेय ने सबसे ज्यादा नाबाद 66 रन बनाए। इसके अलावा प्रखर त्रिपाठी ने 19 रन का योगदान दिया। आर. सिंह ने चार, युवराज सिंह और अथर्व सिंह ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में एलपीएस सेक्टर नौ की टीम 39.5 ओवर में 152 रन बनाकर आल आउट हो गयी। आयुष सिंह ने 37 और प्रखर पांडेय ने 34 रन बनाए। आर्यन गुप्ता ने तीन, अमित पांडेय और आयुष सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# बैडमिंटन व एथलेटिक्स में सीएमएस के खिलाड़ी अव्वल

## सॉकर में नेपाल एवं कराटे में खालसा इण्टर कालेज, लखनऊ चैम्पियन



**लखनऊ।** सिटी मांटेसरी स्कूल द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'एक्सपो-2019' में एथलेटिक्स की चैम्पियनशिप पर सीएमएस पीस हाउस के खिलाड़ियों ने कब्जा जमाया, जबकि बैडमिंटन की चैम्पियनशिप सीएमएस लव हाउस के नाम रही। इसी प्रकार फुटबाल की चैम्पियनशिप पुष्पा सदन बोर्डिंन हाई स्कूल, नेपाल ने जीतकर परचम लहराया। कराटे की चैम्पियनशिप पर खालसा इंटर कालेज लखनऊ ने कब्जा जमाया। चार दिनों तक चले खेलों में नेपाल, दक्षिण अफ्रीका औ भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे 500 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया।

## फेडरर ने करियर के 1500वें मैच में जीत दर्ज की

### एटीपी स्विस इंडोर टेनिस



**बासेल।** रोजर फेडरर ने बासेल में अपने 10वें एटीपी स्विस इंडोर टेनिस खिताब के अभियान की शुरुआत जर्मनी के क्वालीफायर पीटर गोजोविक के खिलाफ एकतरफा जीत के साथ की। स्विट्जरलैंड के महान खिलाड़ी फेडरर ने अपने करियर के 1500वें मैच में गोजोविक को 6-2 6-। से हराया। फेडरर करियर का 103वां खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। फेडरर अपने गृहनगर में हो रहे टूर्नामेंट में 2018 में जीते खिताब की रक्षा करने की कोशिश में जुटे हैं। इस जीत से टूर्नामेंट में उनकी जीत-हार का रिकार्ड 72-9 हो गया है। पिछली 12 बार से बासेल में फाइनल में जगह बनाने वाले फेडरर की यहां यह लगातार 21वीं जीत है।

## फ्रेंच ओपन : शुभंकर ने सुगियार्तो को हराकर उलटफेर किया



**पेरिस।** भारत के शुभंकर डे ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को उलटफेर का शिकार बनाकर मंगलवार को यहां फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व में 42वें नंबर के भारतीय ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में विश्व में 17वें नंबर के अपने प्रतिद्वंद्वी को एक घंटे 18 मिनट तक चले पहले दौर के मैच में 15-21, 21-14, 21-17 से हराया। शुभंकर की यह इस साल विश्व के पूर्व नंबर तीन सुगियार्तो पर दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने मार्च में इंडिया ओपन में भी उन्हें हराया था। सुगियार्तो हालांकि पिछले साल न्यूजीलैंड ओपन में भारतीय खिलाड़ी को हराने में सफल रहे थे।

## आईएफएफआई ने ओपन एयर स्क्रीनिंग के लिए फिल्मों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव (आईएफएफआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि हास्य फिल्में पड़ोसन एवं अंदाज अपना अपना और ब्लॉकबस्टर फिल्में गली ब्वॉय और उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक ओपन एयर स्क्रीनिंग का हिस्सा होंगी। यह फिल्मोत्सव गोवा में 20 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। द जॉय ऑफ सिनेमा विषय के तहत आयोजित होने वाले 50वें आईएफएफआई में दो परिसरों-अल्तिन्हो में जॉर्ग्स पार्क और मीरामार बीच पर 14 फिल्में दिखाई जाएंगी। फिल्म जगत के प्रेमियों को शानदार सिनेमाई अनुभव मुहैया कराने के लिए हर साल ओपन एयर स्क्रीनिंग का आयोजन किया जाता है। इस स्क्रीनिंग में कोई भी शामिल हो सकता है और इसके लिए किसी प्रकार के पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। प्रवेश नि:शुल्क होगा। जॉर्ग्स पार्क में चलती का नाम गाड़ी , हेरा फेरी , चेन्नई एक्सप्रेस , बधाई हो और टोटल धमाल भी दिखाई जाएगी। मीरामार बीच पर कोंकणी फिल्म नाचोम-इया कुम्पसार , ऋतिक रोशन अभिनीत सुपर 30 , मराठी फिल्म आणंदी गोपाल , राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गुजराती फिल्म हेलारो और तेलुगु सफल फिल्म एफ2-फन एंड फ्रस्ट्रेशन दिखाई जाएंगी। इस उत्सव में विभिन्न देशों की करीब 250 फिल्में दिखाई जाएंगी। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता अमिताभ बच्चन की चुनिंदा सात या आठ फिल्में भी इस साल उत्सव में दिखाई जाएंगी।

## 'पागलपंती' के ट्रेलर में पुलकित का पागलपन



**फुकरे** और फुकरे रिटर्न्स की शानदार सफलता के बाद, पुलकित एक बार फिर अपनी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म पागलपंती के साथ दर्शकों और अपने फेन्स को हसांने और गुदगुदाने के लिए तैयार है। हाल ही में लॉन्च हुए पागलपंती के ट्रेलर को और उसके कलाकारों को अपने हास्य और शानदार प्रदर्शन के लिए काफी सराहा गया है, विशेष तौर से पुलकित सम्राट को जो फिल्म में अपने पागलपन और मनोरंजक वन -लाइनर्स के साथ ऑडियंस को लुभा रहे है साथ ही अपने फेन्स और ऑडियंस के मन में उत्सुकता जगा रहे हैं। फिल्म में उनकी शानदार कॉमिक टाइमिंग के अलावा, पुलकित को उनकी सह-कलाकार, कृति खरबंदा के साथ उनकी क्यूट केमिस्ट्री के लिए भी सराहा जा रहा है। पुलकित की अगली रोमांचक फिल्म प्रोजेक्ट के बारे में बात की जाएं तो वह बेजॉय नांबियार की तैश में दिखाई देंगे।

## हिमानी शिवपुरी को दादासाहेब फालके आइकन अवार्ड



**पिछले** 35 सालों से मनोरंजन जगत का हिस्सा रहीं, दिग्गज अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को मुग्ध किया है, चाहे वह बॉलीवुड हो या फिर वेब की दुनिया। इतना ही नहीं, वह थियेटर की दुनिया का भी एक जाना-पहचाना नाम हैं। एंड टीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में नौ शैतान बच्चों की एक प्यारी लेकिन अड़ियाल दादी की उनकी भूमिका को काफी पसंद किया जा रहा है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी उपलब्धियों के ताज में एक और उपलब्धि का नगीना जड़ा, जब उन्हें प्रतिष्ठित 'दादासाहेब फालके आइकन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। हिमानी शिवपुरी ने कहा कि दादासाहेब फालके' आइकन अवॉर्ड पाकर मुझे बेहद खुशी महसूस हो रही है और मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह इस इंडस्ट्री में मेरे इतने सालों के काम का सबूत है और इससे ज्यादा मुझे क्या चाहिये।

# दीपिका पादुकोण, पी.वी सिंधू भारत की लक्ष्मी पहल की ध्वजवाहक



एजेंसी। मुंबई

**अभिनेत्री** दीपिका पादुकोण और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल भारत की लक्ष्मी का अंबेसडर बनाया गया है। इस पहल का मकसद दिवाली के त्योहार से पहले राष्ट्र भर की महिलाओं द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को सामने लाना है।

प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के कार्य को रेखांकित करने वाले नए अभियान पर एक वीडियो साझा किया। प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर लिखा, भारत की नारी शक्ति प्रतिभा एवं संकल्प, दृढ़ता और समर्पण का प्रतीक है। हमारे लोकाचार ने हमें हमेशा महिला सशक्तीकरण के लिए प्रयास करना सिखाया है। इस वीडियो के माध्यम से पीवी सिंधू और दीपिका पादुकोण ने भारत की लक्ष्मी पहल के संदेश को बेहतरीन ढंग से रखा है।

दीपिका और सिंधू ने ट्विटर पर इस अभियान को अपना समर्थन दिया। दीपिका ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, इस दिवाली, चलिए हमारे देश की महिलाओं के योगदान एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हैं और उनका जश्न मनाते हैं। वहीं सिंधू ने कहा कि समाज तब विकसित होता है जब महिलाएं सशक्त होती हैं और उनकी उपलब्धियों को गर्व से देखा जाता है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भारत की लक्ष्मी अभियान का समर्थन करती हूं। यह भारत की अद्भुत महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाता है। चलिए इस दिवाली नारीत्व का जश्न मनाते हैं।

## कैटरीना ने नयनतारा को बताया 'दक्षिण की खूबसूरत सुपरस्टार'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने अपनी मेकअप लाइन 'के ब्यूटी' के प्रचार के लिए दक्षिण की सुपरस्टार नयनतारा के साथ जुड़ीं और कैटरीना ने इसके लिए उनकी जमकर प्रशंसा भी की। कैटरीना ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक ब्लैक एंड व्हाइट वीडियो साझा की। इस क्लिप में दोनों अभिनेत्रियों को आपस में बात करते हुए देखा जा सकता है।

इस क्लिप के कैप्शन में कैटरीना ने लिखा,'अपने व्यस्त शेड्यूल में से वक्त निकालकर 'के ब्यूटी' कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए मुंबई आने की वजह से दक्षिण की खूबसूरत सुपरस्टार नयनतारा को बहुत-बहुत धन्यवाद। बेहद उदार और शालीन..। 'आने वाले समय में कैटरीना, रोहित शेट्टी की फिल्म 'सूर्यवंशी' में नजर आएंगी। इस फिल्म के साथ कैटरीना और अभिनेता अक्षय कुमार नौ साल बाद फिर से साथ काम करने जा रहे हैं।




## 'सांड की आंख' समझ वाली कमर्शियल फिल्म: भूमि



**मुंबई।** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने कहा है कि उनकी अगली फिल्म 'सांड की आंख' समझदारी से लबरेज एक व्यावसायिक फिल्म है। भूमि ने कहा कि यह एक व्यावसायिक फिल्म है जिसमें काफी सारी समझ है। मुझे लगता है कि जब कभी किसी फिल्म को दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में मान्यता दी जाती है और फिर दिवाली के मौके पर रिलीज होती है, तो यह एक उचित संतुलन बनाए रखता है और आपको ढेर सारा आत्मविश्वास देता है। तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की सबसे वयस्क शार्पशूटर प्रकाशी तोमर और चंद्रो तोमर की जिंदगी पर आधारित है, जिसे फिल्म में तापसी और भूमि ने निभाया है। फिल्म में इन दोनों अभिनेत्रियों के अलावा प्रकाश झा और विनीत कुमार सिंह भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होगी।

### उत्तर प्रदेश में कर मुक्त हुई 'सांड की आंख'

उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी बॉलीवुड फिल्म 'सांड की आंख' को कर मुक्त घोषित कर दिया है। तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर द्वारा अभिनीत यह फिल्म भारत की दो सबसे वयस्क शार्पशूटर चंद्रो और प्रकाशी तोमर की जिंदगी पर आधारित है। महिला सशक्तीकरण और खेल प्रोत्साहन पर आधारित इस फिल्म को पहले से ही राजस्थान में कर मुक्त कर दिया गया है और अब यूपी सरकार ने इसे टैक्स फ्री करने की घोषणा की है।

# 'फिल्मों से अधिक चुनौतीपूर्ण है थियेटर'

बॉलीवुड फिल्म से पदार्पण करने वाले दर्शील सफारी अपने नाटक 'कैसे करेंगे?' में परिवार और कर्तव्यों के बीच अनवरत चलने वाले संघर्ष को ही चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे विस्तृत बातचीत में अधिक जानकारी जुटाई पायनियर संवाददाता **चहक मित्तल** ने -





'**जब** जीवन में आप पर पर नीबू पड़ें अर्थात खट्टे अनुभव मिलें, तो आप उसका लेमनेड बनाकर आनंद लेंने जैसी मानसिकता से उसका सामना करें' यही वो दर्षन है जिसे दरषील सफारी ने अपने इस नाटक में सौरव परसरामपुरिया बनकर सामने रखने का प्रयास किया है। वो वास्तव में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी जाना चाहता है। लेकिन अपने लक्ष्य के निकट पहुंचते ही वो एक संकट में फंस जाता है। उनके भाई कपिल परसरामपुरिया बने अभिषेक पटनायक को मल्टिपल पर्सनैलिटी डिसॉर्डर रोग हो जाता है। और वो रुक जाते हैं। इसके बाद तो संकटों का पहाड़ ही टूट पड़ता है। वो अपने भाई की मदद करते करते उसे ही अपने लाभ का माध्यम बना लेते हैं।

वो इससे पहले दो नाटक-कैन आई हेल्प यू, तथा टू एडोरेबल लूज़र्स, के बाद दरशील अब कैसे करेंगे? में महत्वाकांक्षाओं और पारिवारिक कर्तव्यों के बीच के संघर्ष को सामने रखने का प्रयास किया है। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश-

■ **आपको ये रोल कैसे मिला?**

- मैं उस समय घर में टीवी देख रहा था जब अभिषेक ने फोन पर मुझसे संपर्क कर मिलने को कहा। मैं उस समय आलस में था लेकिन चूंकि स्थान पास में था तो मैं चला गया। लेकिन मुझे पता नहीं था कि इस बैठक के बाद मैं थियेटर में काम करूंगा। बाद में जब मैं उनसे मिला, उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई। ये मुझे हास्यपूर्ण लगी। लेकिन अनुभव के लिए मैंने उसमें काम करना स्वीकार कर लिया। मैंने कुछ सोचकर वहीं अपनी सहमति दे दी।

■ **थियेटर के लिए लाइव परफॉर्म करना कैसा लगा?**

- मेरे लिए तो ये कुछ नया सीखने का अवसर मिला क्योंकि मैं पहली बार थियेटर और उसके तकनीकी पक्ष के बारे में जान पाया। मैंने पहले स्थिति के अनुरूप स्वयं को ढाला और इसके बाद जैसे ही स्वाभाविक हुआ, मुझे थियेटर के विविध पक्षों के बारे में नई बातें पता चलीं। उदारहण के लिए जब थियेटर में दर्षक सामने होते हैं तो उनकी त्वरित प्रतिक्रिया सामने ही देखने को मिलती है। मुझे ये अच्छा लगा। शो हास्य-व्यंगपूर्ण था अत: दर्शकों को हंसते, आनंद लेते और हमसे जुड़ते देखना मेरे लिए एकदम नया अनुभव था। मेरे मित्र अभिषेक इस बारे में मुझे बताते रहते थे। वो कहते हैं, 'जब आप दर्शकों का मनोरंजन करने में सफल हो जाते हैं तो एक विषेष अनुभूति होती है।' मेरे लिए ये एक विशेष सीख थी, इससे मैं एक अच्छा अभिनेता, अधिक आत्मविश्वासपूर्ण व्यक्ति और अभिनय के प्रति एक नये दृष्टिकोण के बारे में जान सका हूं। लोग मुझसे पूछते हैं कि आप कितने दिन थियेटर करेंगे? फिल्मों में कब लौट रहे हैं? लेकिन अब भविष्य में फिल्मों में काम करने के बाद भी मैं थियेटर में काम करता रहूंगा क्योंकि इससे आप अनवरत सीखते रहते हैं।

■ **आपने अपने चरित्र के बारे में जानने के लिए क्या कोई शोध आदि किया था? आपको मल्टीपल आईडेंटिटी डिसॉर्डर वाले रोगी के व्यवहार के बारे में कैसे जानकारी हुई?**

- मुझे बताया गया था कि मुझे ऐसी भूमिका मिलेगी जो मैंने पहले कभी नहीं की है। यही वो रोल था। ये एक जीनियस का रोल था। ये सरल नहीं था क्योंकि मैं इसमें अपनी ओर से कुछ करने का प्रयास करना चाह रहा था। इसी प्रकार से आप अपने चरित्र को लेकर स्वाभाविक होते हैं। हमारे निर्देशक सुकेतु ने हमें रोल को लेकर कुछ नया जोड़ने-घटाने की पूरी स्वतंत्रता दे रखी थी। अभिषेक से भी पूरा समर्थन मिला। इस प्रकार से ये एक आदर्श मिश्रण जैसा था यही कारण था कि ये एक सर्वश्रेष्ठ अनुभव बन सका। इन्हीं बातों से मैं सौरव का चरित्र अच्छे ढंग से निभाने में सफल रहा।

■ **चूंकि आप सिनेमा और थियेटर दोनों ही कर चुके हैं, सिनेमा आपके अनुसार थियेटर से किस प्रकार से भिन्न है? क्या अधिक चुनौतीपूर्ण है?**

- देखिये, थियेटर अधिक चुनौतीपूर्ण है। उसमें आपको चरित्र जीना पड़ता है तभी लोगों को विश्वास होता है। ऐसे में यदि आप स्टेज पर वास्तव में नहीं रो रहे तो आप उसे जी नहीं रहे होते, तो दर्शक कैसे उस पल को जी सकेंगे। फिल्मों में वो सब चल सकता है क्योंकि वहां कई प्रकार की तकनीक और युक्तियां होती हैं। लेकिन थियेटर के दौरान उस प्रकार का कोई समर्थन नहीं रहता। तभी कला को सर्वश्रेष्ठ कलाविधा माना जाता है। फिल्मों को भी वो चुनौतीपूर्ण मानते हैं, लेकिन अलग प्रकार से। मेरे लिए थियेटर में आपको लोगों को विश्वास में लेना होता है और यदि आप फिल्मों में भी ऐसा करने में सफल होते हैं तो आपके प्रदर्शन में अद्भुत सुधार हो सकता है। इससे दोनों में लाभ होता है।

■ **फिल्म 'तारे जमीं पर' से लेकर आज तक आपमें क्या परिवर्तन आए हैं?**

- जब 2006 में मैंने अभिनय प्रारंभ किया था मैं वो सब करता था जो मुझसे करने के लिए कहा जाता था। कभी वो मस्ती करने और कभी किसी परिस्थिति विषेष में मेरी प्रतिक्रिया के बारे में जानने का भी प्रयास होता था। फिर मेरे भीतर से एक प्रकार की स्वाभाविक प्रतिक्रिया निकलती थी। बीते सालों के दौरान मैंने विभिन्न लोगों से काफी कुछ सीखा। लेकिन कुछ सीमाएं थी जो मेरे निर्णयों के बाद बदल जाती थीं। उदारहण के लिए जब मैंने झलक दिखला जा के माध्यम से पहली बार टीवी में काम किया तो मुझे एक नया अनुभव हुआ। इसके बाद मैंने थियेटर ज्वाइन किया और वहां अभिनय के प्रति मेरे दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन आया। वैसे मैं स्वयं को दस की स्केल पर आठ या नौ अंक देता था लेकिन थियेटर में आकर मुझे लगा कि अभिनय में काफी कुछ और सीखने की संभावनाएं बनी रहती हैं क्योंकि ये एक अनंत सीढ़ी के समान होता है। इसके बाद मेरी विचार प्रक्रिया में व्यापक परिवर्तन आए, मुझे पता लगा कि हर दिन आप कुछ नया सीख सकते हैं। आप सीखना नहीं छोड़ सकते, विषेषत: थियेटर करने के दौरान। मैं माध्यम के बारे में कभी नहीं सोचता। मुझे फिल्मों, थियेटर या टीवी किसी में भी अभिनय मिले तो मैं उसे करूंगा। मैं कहानी को ही प्राथमिकता देता हूं। पहले कोई भी मेरे रोल को छोटा या बड़ करावा सकता था। अब कहानी पर मैं निर्णय करता हूं कि कहानी मेरे अभिनय के लिए सही है या नहीं। ऐसे में ये एक अच्छा अनुभव साबित होता है। अब मैं और अधिक अभिनय करना चाहता हूं। मेरे लिए एक नई अवधारणा ये बनी है कि अब थियेटर, फिल्मों तथा टीवी के बीच का अंतर नगण्य हो चला है। मैं केवल अभिनय का आनंद लेना चाहता हूं। इसे अभिनय के प्रति मेरे प्रेम में वृद्धि होती है।

■ **तारे जमीं पर के बाद बारह वर्ष हो चुके हैं लेकिन आज भी लोग आपको ईषान अवस्थी के नाम से जानते हैं। क्या आपको ये रोल अपने जीवन का सवश्रेष्ठ रोल लगा था?**

- यदि आज भी लोग मुझे ईशान अवस्थी के नाम से जानते हैं तो उसका प्रभाव स्वत: ही स्पष्ट हो जाता है। मैं लोगों का धन्यवाद अदा करता हूं। ऐसी फिल्म जीवन में एक बार आती है। मुझे वास्तविक अभिनय याद नहीं रहता। एक प्रकार से मैं स्वाभाविक रूप से फिल्म में काम कर रहा था। उस समय किसी प्रकार का तनाव आदि नहीं था। मैं तब केवल 9 वर्ष का था और अपने प्रदर्षन का आनंद ले रहा था। ये स्मरणीय था। लोगों मुझे जबतक चाहें ईशान के रूप में स्मरण कर सकते हैं। इससे मुझे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

■ **फिल्म 'तारे जमीं पर' और नाटक 'कैसे करेंगे?' में आपके रोल में काफी समानता है। दोनों में ही आपको मानसिक रोग झेलते दिखाया गया है। मानसिक स्वास्थ्य तथा इस बारे में बदलते परिदृश्य में लोगों द्वारा ऐसे रोल स्वीकार करने को देखते हुए आपके विचार क्या हैं?**

- मेरा तो मानना है कि अभिनय स्वयं ही अति मनोवैज्ञानिक है। आप अपनी विचार प्रक्रिया और भावनाओं को दूसरी ओर मोड़ रहे होते हैं। इस मामले में अभिनेता दूसरों से बेहतर स्थिति में हैं। उन्हें अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना आता है। फिर बात आती है मेथड ऐक्टिंग की, वे तो दूसरे चरित्र में पूरी तरह से उतर जाते हैं। ये सही है कि वे ऐसा अपनी इच्छा से करते हैं। मेरा मानना है कि इसी कारण से आपको स्वयं को अभिव्यक्ति देते रहना होता है तभी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। जितना आप दूसरों से कह लेंगे, आपके लिए ये उतना ही अच्छा रहेगा। 'टू अडोरेबल लूजर्स' में भी अभिव्यक्ति को लेकर कहानी का तानाबाना बुना गया है। उसमें मेरा चरित्र अक्षय हीनभावना से पीड़ित होता है। उसका अध्यापक भी ऐसी ही समस्या से ग्रसित होता है। दोनों ही अपनी समस्या को एक दूसरे को अत्यंत हास्यपूर्ण ढंग से बताते हैं। धीरे धीरे दर्शक देखते हैं कि उनमें आत्मविश्वास आने लगता है क्योंकि उन्हें समाज को प्रतिक्रिया देना आ गया है।

'कैसे करेंगे' में भी यही दिखाया गया है। जब आपको पता चल जाए कि क्या हो रहा है क्योंकि आपको नहीं पता होता कि लोगों की प्रतिक्रिया कैसी होगी? आपको उन्हें किनारे रखकर उनसे दिल खोलकर बात करनी चाहिये। हमें अपने विचार साझा करते रहना चाहिये। अपनी समस्या को अपने सच्चे मित्र या परिवार, भाई या बहन से साझा करने से मन हल्का हो जाता है। क्योंकि स्पष्ट समझ से अच्छा कुछ भी नहीं होता। जब आप अपनी समस्या बता लेते हैं तो सफलता की आपकी राह खुल जाती है। पुरानी कहावत अत्यंत सार्थक है-ईष्वर उन्हींकी मदद करते हैं जो स्वयं अपनी मदद करते हैं। जब आप समस्या का सामना कर रहे हों तो इसे अपने ऊपर चरितार्थ करें और स्वयं को बाहर निकालें। आपके अलावा और कोई दूसरा ये काम नहीं कर सकता। स्वयं को एक सही मानसिक अवस्था में रखना सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। मैंने इन तत्वों को समझ लिया है। वास्तविकता यही है कि हम सभी अपने जीवन में किसी न किसी समय भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक झंझावात में फंसते ही हैं।

■ **वर्ष 2012 के बाद से लोगों को आपकी फिल्में कम ही देखने को मिली हैं। क्या भविष्य में आप अधिक फिल्में करने की योजना बना रहे हैं? क्या आपकी कोई भावी परियोजना हैं?**

- जी हां, मैं किसी भी अच्छी कहानी वाली फिल्म को करने के लिए तत्पर हूं। कुछ परियोजनाओं पर बात चल रही है। आप शीघ्र ही मुझे देखेंगे। मैंने बताया ही है कि मैं फिल्में और थियेटर दोनों करूंगा। लेकिन अभी कुछ नहीं कह सकता। (दर्शील सफारी तथा अन्य अभिनीत तथा आउट ऑफबॉक्स प्रोडक्षन का ये आठवां नाटक कमानी प्रेक्षागृह में 20 अक्तूबर को मंचित किया गया)